राष्ट्रीय दैनिक अख़बार
दैनिक शुभ भास्कर
भारत के सभी राज्यों से जिला ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर विज्ञापन प्रभारी जुड़ने के लिए संपर्क करे
संपर्क सूत्र -
बिहार, झारखण्ड - +91 7764978689
उत्तर प्रदेश - +91 9625958256
अन्य राज्य - 8804707324 , 9625958256

shubhbhaskarup@gmail.com
# दैनिक शुभ भास्कर
हर कदम आपके साथ...
झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान, मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा, पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड से एक साथ प्रकाशित
• वर्ष : 1 • अंक : 204 • नई दिल्ली, बुधवार 01 नवम्बर 2023 • पृष्ठः 12 • मूल्य : 04 रुपये RNIUP HIN/2015/64737



12 देव दीपावली को लेकर बलुआ घाट पर समिति ने किया ...

# सरदार पटेल की प्रतिबद्धता आज भी हमारा मार्गदर्शन करती हैः पीएम

एजेंसी। अहमदाबाद

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल में अदम्य साहस,दूरदर्शी नेतृत्व और असाधारण समर्पण का भाव कूट कूटकर भरा हुआ था। यही वजह है कि राष्ट्रीय एकता के लिए उनकी प्रतिबद्धता आज भी हम सभी का मार्गदर्शन करती है। सरदार वल्लभ भाई पटेल की 148वीं जयंती पर श्रद्धांजलि देते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कुछ इसी तरह का भाव व्यक्त किया।मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''सरदार पटेल की जयंती पर, हम उनकी अदम्य भावना, दूरदर्शी नेतृत्व और असाधारण समर्पण को याद करते हैं जिससे उन्होंने हमारे राष्ट्र के भाग्य को आकार दिया। राष्ट्रीय एकता के लिए उनकी प्रतिबद्धता आज भी हमारा मार्गदर्शन करती है। हम हमेशा उनकी ऋणी रहेंगे। सरदार पटेल देश के पहले गृह मंत्री थे और उन्होंने आजादी के बाद भारत के एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई इसलिए उनकी जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कई प्रमुख नेताओं ने भी सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रीय राजधानी के पटेल चौक पर आयोजित एक विशेष समारोह में राष्ट्रपति मुर्मू, धनखड़, शाह और अन्य नेताओं ने भारत के पहले गृह मंत्री की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। उल्लेखनीय है कि सरदार पटेल देश के पहले गृह मंत्री थे और उन्होंने आजादी के बाद भारत के एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई इसलिए उनकी जयंती को 'राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में भी मनाया जाता है।



## राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति व प्रधानमंत्री ने सरदार पटेल को उनकी जयंती पर किया याद

**नई दिल्ली**। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कई अन्य लोगों ने मंगलवार को देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी 148वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति मुर्मू, उपराष्ट्रपति धनखड़, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने मंगलवार को राजधानी के पटेल चौक पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। एक्स पर एक पोस्ट में, राष्ट्रपति भवन ने कहा, "राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाए जाने पर नई दिल्ली के पटेल चौक पर पुष्पांजलि अर्पित की।" प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में सरदार पटेल को श्रद्धांजलि देते हुए कहा, "सरदार पटेल की जयंती पर, हम उनकी अदम्य भावना, दूरदर्शी राजनेता और असाधारण समर्पण को याद करते हैं।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर बोले पीएम मोदी - तुष्टीकरण करने वालों को आतंकवाद दिखाई नहीं देता

**अहमदाबाद**| केवडिया में बनी दुनिया की सबसे विराट प्रतिमा स्टैच्यू यूनिटी पर सरदार वल्लभाई पटेल की जन्म जयंति पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पुष्पाजंलि अर्पण कर राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में शामिल हुए| राष्ट्रीय एकता दिवस पर केवडिया में एकता परेड का आयोजन किया जाता है और प्रधानमंत्री हर साल इसमें शिरकत करते हैं| समारोह को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने देश के विकास में तुष्टीकरण की राजनीति सबसे बड़ा अवरोध है| तुष्टीकरण की राजनीति करने वाले मानवता के दुश्मनों के साथ देने में तनिक भी संकोच नहीं करते| तुष्टीकरण का विचार इतना खतरनाक है कि वह आतंकियों को बचाने के लिए आंदोलन करने पर उतर आते हैं| आतंकवादियों के लिए ऐसे लोग आधी रात को कोर्ट खुलवाने से भी पीछे नहीं हटते| मतलब तुष्टीकरण की राजनीति करने वालों को आतंकवाद दिखाई ही नहीं देता| पिछले कई दशक इस वास्तविकता के गवाह हैं कि तुष्टीकरण करने वाले कभी भी आतंकवाद और उसका क्रूरता पर विचार नहीं करते| इतना ही नहीं ऐसे लोग राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में लिप्त लोगों के खिलाफ कार्यवाही करने से बचते हैं और अगर कोई करता है तो उसमें बाधा डालते हैं| पीएम मोदी ने कहा कि आज दुनिया के संकट के बीच भी हमारे राष्ट्र की सीमाएं सुरक्षित हैं| आज समूची दुनिया में उथल पुथल है| किसी ने कल्पना तक नहीं की होगा कि जम्मू-कश्मीर कभी धारा 370 से मुक्त हो पाएगा| आज जम्मू-कश्मीर के लोग आतंक मुक्त खुली हवा में सांस ले रहे है| उन्होंने कहा कि केवडिया में इतना कुछ बदल जाएगा, इस बारे में भी किसी ने सोचा नहीं होगा| कोरोनाकाल के बाद कई देशों की स्थिति बद्तर हो चुकी है और कई देश भीषण महंगाई का सामना कर रहे हैं| कई देशों में बेरोजगारी बढ़ी है| बावजूद इसके विषम परिस्थितियों में भी हमारा देश आगे बढ़ रहा है|

## स्वतंत्र भारत को एक भारत बनाने में सरदार पटेल के योगदान को क्यों छिपायाःराजनाथ सिंह

**लखनऊ**। देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि आजाद भारत को एकता के सूत्र में पिरोने में सरदार वल्लभ भाई पटेल ने बड़ा योगदान दिया है। उन्ही के प्रयासों का परिणाम है कि आज भारत की एकता और अखंडता का उदाहरण दुनिया में बना हुआ है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि आखिर स्वतंत्र भारत को एक भारत बनाने में सरदार पटेल की भूमिका को सामने क्यों नहीं आने दिया। उन्होंने बिना नाम लिए कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि स्वतंत्र भारत को एक भारत बनाने में सरदार पटेल की जो भूमिका रही उसे प्रमुखता से देश की जनता के सामने नहीं आने दिया गया। देश के पहले गृह मंत्री 'भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती 'एकता दिवस पर यहां आयोजित 'रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में हरी झंडी दिखाने के बाद आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा, ''स्वतंत्र भारत को एक भारत बनाने में सरदार पटेल की



जो भूमिका रही उसे प्रमुखता से देश की जनता के सामने नहीं आने दिया गया। उन्होंने कहा, ''पिछले 10 वर्षों से हम सरदार पटेल को वह सम्मान दिलाने का प्रयास कर रहे हैं, जिसके वह सच्चे हकदार रहे हैं। 2013 में नरेन्द्र मोदी जी जब प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार घोषित हुए थे, उस वर्ष हमारी पार्टी (भारतीय जनता पार्टी) ने यह कार्यक्रम आयोजित किया था और उस समय मैंने कार्यक्रम को हरी झंडी दिखायी थी। सिंह ने कहा, ''आज 10 साल बाद बतौर रक्षा मंत्री 'रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम को हरी झंडी दिखा रहा हूं। उन्होंने कहा, ''यह कार्यक्रम इसलिए आयोजित किया जाता है कि देश के युवा सरदार पटेल के महत्व को समझ सकें और उनसे प्रेरणा लेकर भारत की एकता व अखंडता का संदेश जनता के बीच पहुंचाएं।सिंह ने कहा, ''यह सरदार पटेल की दूरदर्शिता और उनके रणनीतिक-कूटनीतिक क्षमता का ही कमाल था कि भारत की एकता और अखंडता सुनिश्चित की जा सकी। आप सबने जूनागढ़ रियासत और निजामशाही की घटनाओं के बारे में सुना होगा। सरदार पटेल ने इन दोनों रियासतों का भारत में विलय कराया। उन्होंने कहा, ''कल्पना कीजिए कि अगर सरदार पटेल ने सूझबूझ और दृढ़ता का परिचय न दिया होता तो आज भारतवासियों को जूनागढ़ और हैदराबाद जाने के लिए वीजा, पासपोर्ट की जरूरत पड़ती। सिंह ने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के केवड़िया में में 182 फुट ऊंची सरदार पटेल की प्रतिमा का निर्माण कराया है और उसका नाम 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी रखा है।

## संक्षिप्त समाचार

### चंद्रबाबू नायडू को मिली जमानत, कौशल विकास घोटाला केस में हाईकोर्ट ने दी राहत

**नई दिल्ली**। आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने कौशल विकास मामले में आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम और टीडीपी प्रमुख



एन चंद्रबाबू नायडू को 4 सप्ताह के लिए अंतरिम जमानत दी। उच्च न्यायालय के वकील सुनकारा कृष्णमूर्ति ने यह जानकारी दी। पूर्व सीएम 52 दिनों से जेल में थे। अब इस मामले में हाईकोर्ट ने उन्हें राहत दे दी है। चंद्रबाबू नायडू को कौशल विकास मामले में ऐसे समय में जमानत मिली है, जब उनके खिलाफ भ्रष्टाचार का एक और मामला दर्ज किया गया है। ताजा मामले में, सीआईडी ने तेलुगू देशम पार्टी प्रमुख पर मुख्यमंत्री रहते हुए राज्य में शराब कंपनियों को कथित तौर पर अवैध अनुमति देने का मामला दर्ज किया है। इसने उसे मामले में आरोपी नंबर तीन का नाम दिया है।

### जेल में बंद मनीष सिसोदिया, संजय सिंह को आप ने बनाया स्टार प्रचारक

**भोपाल**। मध्य प्रदेश में 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा-कांग्रेस और बसपा के बाद आम आदमी पार्टी (आप) ने भी 35 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में आप ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के




मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ शराब घोटाले में जेल में बंद मनीष सिसोदिया और सांसद संजय सिंह को स्टार प्रचारक बनाया है। इसके अलावा पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह को भी स्टार प्रचारक बनाया गया है। आम आदमी पार्टी ने जिन नेताओं को स्टार प्रचारक बनाया है, उनमें मप्र के प्रभारी एवं सांसद डॉ. संदीप पाठक, गोपाल राय, राघव चड्ढा, पंकज गुप्ता, आतिशी, सौरभ भारद्वाज, इमरान हुसैन, अमन अरोरा, राज कुमार आनंद, अनमोल गगन मान, लालजीत सिंह भुल्लर, चेतन सिंह, ब्रह्म शंकर, हरपाल सिंह चीमा, हरजोत सिंह, डॉ. बलबीर सिंह, बालकर सिंह, दिलीप पांडे, राखी बिड़लान, कुलदीप कुमार, बीएस जून, रजनीश दाहिया, शेरी कलसी, मंजिदर सिंह लालपुरा, दिनेश चड्ढा, जगतार सिंह, रानी अग्रवाल और पंकज सिंह का नाम शामिल है।

### केरल विस्फोटों पर सोशल मीडिया पर टिप्पणी करनी पड़ी महंगी, राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर पर FIR दर्ज

**तिरुवनंतपुरम**। केरल विस्फोटों पर एक सोशल मीडिया पोस्ट पर केंद्रीय आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर के खिलाफ कुछ शिकायतें आने के बाद एर्नाकुलम सेंट्रल पुलिस ने उनके खिलाफ मामला दर्ज किया। शिकायत करने वालों में केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी भी शामिल है। यह शिकायत कोच्चि में यहोवा के साक्षियों की एक सभा में हुए विस्फोटों के तुरंत बाद सोशल मीडिया पर उनकी प्रतिक्रिया पर थी, इसमें तीन लोग मारे गए और लगभग तीन दर्जन लोग घायल हो गए। विस्फोटों की निंदा करते हुए, मंत्री ने पोस्ट किया था, "कांग्रेस और सीपीएम की तुष्टिकरण की राजनीति की कीमत हमेशा सभी समुदायों के निर्दोषों को भुगतनी पड़ेगी – इतिहास ने हमें यही सिखाया है। निर्लज्ज तुष्टिकरण की राजनीति – कांग्रेस/सीपीएम/यूपीए/आईएनडीआई गठबंधन द्वारा भी बेशर्मी" केरल में नफरत फैलाने और 'जिहाद' का आह्वान करने के लिए आतंकवादी हमास को आमंत्रित करने के लिए।" यह गैरजिम्मेदाराना पागलपन की राजनीति की पराकाष्ठा है। बहुत अधिक ! "आप अपने पिछवाड़े में सांपों को नहीं रख सकते हैं और उनसे यह उम्मीद नहीं कर सकते हैं कि वे केवल आपके पड़ोसियों को ही काटेंगे। आप जानते हैं, अंततः वे सांप उसी पर हमला कर देंगे जिसके पिछवाड़े वे हैं" – हिलेरी रोडम क्लिंटन"। सोमवार को, उन्होंने मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की आलोचना की थी और उन्हें झूठा कहा था, इस पर विजयन ने पलटवार करते हुए कहा था कि राज्य मंत्री न सिर्फ जहर उगल रहे हैं, बल्कि बेहद जहरीले हैं।

## एप्पल आईफोन हैकिंग मामले में सरकार ने दिए जांच के आदेश : वैष्णव

**नई दिल्लीः** केंद्रीय संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि केंद्र सरकार ने एप्पल हैकिंग मामले में जांच के आदेश दिए गए हैं. उन्होंने कहा कि एप्पल ने 150 देशों में एडवाइजरी जारी की है. मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि कुछ सांसदों ने जो मुद्दा उठाया है कि उनके पास एप्पल से एक अलर्ट आया है. उसके बारे में मैं साफ करना चाहता हूं कि सरकार इस मुद्दे पर बहुत गंभीर है, हम इस मुद्दे की तह तक जाएंगे. उन्होंने कहा कि जांच के आदेश जारी कर दिए गए हैं. इस देश में हमारे कुछ आलोचक हैं जिनकी आलोचना करने की आदत हो गई है. ये लोग देश की उन्नति को पचा नहीं सकते. उन्होंने कहा कि एप्पल के पास कोई जानकारी नहीं है. उन्होंने अनुमान के आधार पर ये सूचना भेजी है. बता दें कि तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा के अलावा कांग्रेस नेता राहुल गांधी,



शशि थरूर, शिवसेना (यूटीबी) की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी और आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा सहित कई नेताओं ने मंगलवा को दावा किया कि उन्हें एप्पल से एक चेतावनी मिली है. गौरतलब है कि एप्पल में भेजे गए मैसेज में कहा गया है कि सरकार प्रायोजित हमलावर कहीं दूर से उनके आईफोन से छेड़छाड़ करने की कोशिश कर रहे हैं. ये हमलावर संभवतः आप कौन हैं या आप क्या कर करते हैं, इसके कारण आपको व्यक्तिगत रूप से निशाना बना रहे हैं.

## पतिलार पंचायत में कचरा भवन का उद्घाटन मुखिया ने फीता काट कर किया

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा**। प्रखंड बगहा एक के पतिलार पंचायत में मंगलवार को अपशिष्ट निस्तारण भवन(कचरा भवन)का फीता काट कर उद्घाटन किया गया। उद्घाटन कार्य महादलित बस्ती के श्री पासवान और मुखिया प्रतिनिधि डॉ अभिषेक मिश्रा के हाथो संयुक्त रूप से किया गया। जिसमे स्वच्छता पर्यवेक्षक गोविंद कुमार, आपदा मित्र अभिनंदन कुमार, रिंकू मिश्रा,समाजसेवी अशोक राव, मोतिलाल राम, ब्रिजेश राम, ललन राम, कृष्णा पासवान, ललित राव उपस्थित रहे। डॉ अभिषेक मिश्रा ने सभी सफाईकर्मी के साथ एक शपथ कार्यक्रम का भी आयोजन किया। जिसमें सबलोग एकसाथ मिलजुल कर पूरे पंचायत को साफ सुथरा और स्वच्छ रखने के लिए संकल्पित हुए। डॉ अभिषेक मिश्रा ने बताया कि देश



और समाज की सबसे बड़ी सेवा समाज को साफ सुथरा स्वच्छ बनाना होता है, हमारे लिए खुशी की बात है कि हमारे यहां कचरा भवन का निर्माण हुआ और स्वच्छ रखने हेतु बहाली हुई। अब हमारा पंचायत साफ-सफाई रहेगा और हमारे सभी सफाई कर्मी मिल जुलकर इस कार्य को पूरी ईमानदारी से करेंगे। उन्होंने बताया कि स्वच्छता से बड़ी सेवा कोई नहीं हो सकती है और हमारे सफाई कर्मी यह कार्य नौकरी के लिए नहीं करके एक सेवा भाव से करेंगे। कहा कि अगर हम पौराणिक युग की बात करें तो श्री कृष्ण ने पांडवों के आयोजन में झूठ बर्तनों को साफ करना उठाने के कार्यों का चयन किया था । कथा स्वच्छता से बड़ा सेवा और कार्य कोई नहीं हो सकता है। इसके लिए क्यों सफाई कर्मी ही नहीं हम सभी लोग एक दूसरे का सहयोग करते हुए इस कार्य को करेंगे। सफाई कर्मी में बसंत कुमार ने बताया कि मुखिया के प्रयास से हमारा पंचायत लोहिया स्वच्छता अभियान के अंतर्गत 2022 में चयनित हुआ और पंचायत में 22 युवाओं को रोजगार मिला है।

## भारत-कजाकिस्तान कर रहे हैं काउंटर टेररिज्म ऑपरेशंस का संयुक्त सैन्य अभ्यास

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत और कजाकिस्तान की सेनाओं ने सोमवार 30 अक्टूबर से एक महत्वपूर्ण संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू किया है। सैन्य अभ्यास में काउंटर टेररिज्म ऑपरेशंस, छापेमारी, खोज और विनाश ऑपरेशन का अभ्यास शामिल है। यह संयुक्त सैन्य अभ्यास कजाकिस्तान में हो रहा, इसमें भारतीय थल और वायु सेना शामिल हैं। थलसेना और वायु सेना की 120 सैन्य कर्मियों वाली टुकड़ी संयुक्त सैन्य 'अभ्यास काज़िंड-2023' के 7वें संस्करण में भाग लेने के लिए कजाकिस्तान में है। इस सैन्य अभ्यास का आयोजन 30 अक्टूबर से 11 नवंबर 2023 तक कतर, कजाकिस्तान में हो रहा है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक भारतीय सेना के दल में डोगरा



रेजिमेंट की एक बटालियन के नेतृत्व में 90 सैन्य कर्मी हैं। कजाकिस्तान के सैन्य दल का प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से कजाख ग्राउंड फोर्सेज के दक्षिण क्षेत्रीय कमान के सैन्य कर्मियों द्वारा किया जाता है। इस सैन्य अभ्यास के वर्तमान संस्करण में सेना की टुकड़ियों के साथ दोनों पक्षों से वायु सेना के 30 सैन्य कर्मी भी भाग ले रहे हैं। भारत और कजाकिस्तान के बीच संयुक्त अभ्यास को वर्ष 2016 में 'एक्सरसाइज प्रबल दोस्तीक' के रूप में शुरू किया गया था। दूसरे संस्करण के बाद, अभ्यास को कंपनी-स्तरीय अभ्यास में अपग्रेड किया गया और इसका नाम बदलकर 'एक्सरसाइज काज़िंड' कर दिया गया। इस वर्ष वायु सेना को शामिल करके अभ्यास को द्वि-सेवा अभ्यास के रूप में अपग्रेड किया गया है। अभ्यास के इस संस्करण में, दोनों सैन्य पक्ष संयुक्त राष्ट्र के अधिदेश के अंतर्गत उप-औपचारिक वातावरण में आतंकवाद विरोधी अभियानों के संचालन का अभ्यास कर रहे हैं। ये टुकड़ियां संयुक्त रूप से विभिन्न सामरिक अभ्यासों का अभ्यास करेंगी, जिसमें छापेमारी, खोज और विनाश संचालन, छोटी टीम प्रविष्टि और निष्कर्षण संचालन आदि शामिल हैं। अभ्यास के कार्यक्षेत्र में काउंटर मानव रहित हवाई प्रणाली संचालन भी शामिल है।

## मुकेश अंबानी को धमकीः 4 सौ करोड़ दे दो नहीं तो एक स्नाइपर ही ले लेगा जान

एजेंसी। मुंबई

दुनिया के गिने चुने उद्योगपतियों में शुमार मुकेश अंबानी को तीसरी बार जान से मारने की धमकी मिली है। इस बार आरोपी ने कहा है कि कितनी ही सुरक्षा बढ़ा लो हमारा एक स्नाइपर ही आपकी जान ले लेगा। बेहतर होगा कि हमे 4 सौ करोड़ दे दो। बता दें कि अंबानी को यह तीसरी बार धमकी मिली है। पहली बार में आरोपी ने 20 करोड़ मांगे थे,दूसरी बार में दो सौ करोड़ मांगे, और अब तीसरी बार की धमकी में 4 सौ करोड़ की रकम मांगी है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और दुनिया के अमीरों की लिस्ट में शुमार मुकेश अंबानी को बीते कुछ ही दिनों में तीन बार



धमकी मिल चुकी है। मुकेश अंबानी की आधिकारिक आईडी पर आए ईमेल में लिखा है, तुम्हारी सुरक्षा कितनी भी चाक चौबंद हो, हमारा एस स्नाइपर ही तुम्हारी जान ले सकता है। इस बार 400 करोड़ और पुलिस मेरा ना पता लगा सकती है और ना ही गिरफ्तार कर सकती है। इन धमकियों की गंभीरता को देखते हुए मुंबई पुलिस ने अंबानी के दक्षिणी मुंबई के आवास एंटीलिया की सुरक्षा बढ़ा दी है। पहली बार धमकी वाला मेल शुक्रवार को आया था। धमकी देने वाले ने 100 करोड़ रुपये की मांग की थी और अंबानी को जान से मारने की धमकी दी थी। उसने अपना नाम शादाब खान बताया था। इसके बाद एंटीलिया के सिक्योरिटी इनचार्ज देवेंद्र मुंशीराम ने पुलिस के पास शिकायत दर्ज करवाई थी। शनिवार को दूसरा ईमेल आया और रंगदारी की रकम डबल हो गई। हालांकि मुकेश अंबानी की तरफ से इन ईमेल पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी का कहना है कि उसी सेंडर ने सोमवार को एक बार फिर मेल भेजकर धमकी दी। पुलिस का कहना है कि ईमेल भेजना वाला बेल्जियम के सर्विस प्रोवाइडर का इस्तेमाल कर रहा है।

## कमलनाथ बन रहे सीएम, आपको 7 दिसंबर को शपथ ग्रहण में भोपाल आना है

**भोपाल**। मध्यप्रदेश में 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव होने हैं, लेकिन भाजपा और कांग्रेस के नेताओं अभी से जीत के दावे करना शुरू कर दिए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बेटे और छिंदवाड़ा सांसद नकुलनाथ ने क्षेत्र में यह प्रचारित करना शुरू कर दिया है कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है और कमलनाथ अगले मुख्यमंत्री बनेंगे। उन्होंने मध्यप्रदेश के सभी लोगों को 7 दिसंबर को कमलनाथ के शपथ ग्रहण समारोह में भोपाल आने का आमंत्रण भी दिया है। नकुल नाथ ने मंगलवार को छिंदवाड़ा में लोगों के बीच एक कार्यक्रम में कहा कि आप लोगों ने पिछले 17- 18 साल से बहुत अन्याय सहा है। लेकिन अब सिर्फ 17-18 दिन मेहनत और कर लीजिए। बस इतने ही दिन का धैर्य और रखना है और उसके बाद तो कमलनाथजी मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री बनने वाले हैं। नकुलनाथ ने आगे ये भी कहा कि प्रदेश में अब कोई आउटसोर्स कर्मचारी नहीं होगा।

जयंती | प्रखंड व जिला को किया गौरवान्वित, बनी नगर कार्यपालक अधिकारी, खुशी का माहौल

## शरणार्थी कांलोनी परसौनी के किसान की बेटी दीपा बीपीएससी में लहराई परचम

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा। बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित 67वीं परीक्षा में बगहा एक के शरणार्थी कांलोनी परसौनी की बेटी दीपा कुमारी ने सफलता हासिल कर नगर कार्यपालक अधिकारी बनकर इलाके का नाम रौशन किया है। दीपा कुमारी पहली प्रयास में ही प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी बनी थी। दुसरी प्रयास में वे नगर कार्यपालक अधिकारी के पद पर चयनित हुई है।उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय कठिन परिश्रम और माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद जैसे ही यह सूचना मिली कि दीपा कुमारी को बीपीएससी में दुसरे पद पर सफलता मिली है। बधाई संदेश और बधाई देने वालों का तांता लग गयी। प्रखंड बगहा एक के मझौवा पंचायत के शरणार्थी कांलोनी परसौनी गांव की दीपा कुमारी के पिता दुलाल हालदार एक किसान है तथा ग्रामीण स्तर पर प्रेक्टिस कर परिवार का भरण पोषण करतें हैं, माता अंजलि देवी कुशल गृहिणी है। दीपा कुमारी दो भाई बहनों में बड़ी हैं और शुरू से ही दीपा को किताबें पढ़ना और लेख लिखना और लोगों की सहायता के लिए तत्पर रहती थी।तभी यह तय कर लिया था कि अधिकारी बनकर देश की सेवा करूंगी। दीपा कुमारी ने पहली प्रयास 66 वां बीपीएससी की परीक्षा में सफलता हासिल की। तथा प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के पद पर चयनित होकर जिला को गौरवान्वित किया था।तथा दुसरी प्रयास में 67 वां बीपीएससी परीक्षा में नगर कार्यपालक अधिकारी के पद पर चयनित होकर जिले का नाम रौशन किया है। बीपीएससी तैयारी को लेकर दीपा ने बताया कि बीपीएससी की परीक्षा में अच्छे अंकों से पास होने के लिए सबसे पहले तो आपका बेसिक क्लियर होना बहुत जरूरी है।एनसीईआरटी की किताबों का अध्ययन करते हुए परफेक्ट नोट्स बनाने होंगे। प्रतिदिन 7 से 8 घंटे की पढ़ाई



करने से ही बेहतर परिणाम संभव हैं। दीपा के पिता डां दुलाल हालदार ने बताया कि पुत्री की सफलता से न सिर्फ परिवार बल्कि पूरा समाज गौरवान्वित हुआ है। सफलता हासिल करने पर समाजसेवी सुनील तिवारी, आलोक कुमार, विनय हालदार, हारु साह समेत दर्जनों की संख्या में लोगों ने दीपा को बधाई व शुभकामनाएं दी है।

## ख़ास ख़बर

### इंदिरा गांधी जी के शहादत दिवस पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया



**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)**। आज जयनगर ललित कुटीर भवन में पूर्व युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अनुरंजन सिंह के नेतृत्व में स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी के शहादत दिवस पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया साथ ही स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी के तेलिया चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया स्वर्गीय गांधी जी ने देश की एकता अखंडता के लिए अपनी कुर्बानी देने का काम किया है उन्होंने पाकिस्तान में घुसकर दो टुकड़ा कर बांग्लादेश बनाने का काम किया उन्होंने देश को विश्व के मानचित्र पर अलग पहचान अपने कार्यकाल में बनाने का काम किया इस मौके पर खजौली विधानसभा अध्यक्ष नेहाल शेख युवा नगर अध्यक मोहम्मद आसिफ एन एस यू आई प्रखंड अध्यक्ष इम्तियाज अहमद नगर अध्यक्ष गुड्डू शाह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार महतो रविंद्र पोद्दार कपिल देव शाह मोहम्मद आरिफ मोहन कुमार सोहन कुमार रमेश कुमार अन्य युवा कांग्रेस के साथी उपस्थित थे

### मधेपुरा कॉलेज मधेपुरा में राष्ट्रीय एकता दिवस दिवस पर याद किए गए लौह पुरुष



**मधेपुरा**। सोमवार को मधेपुरा महाविद्यालय मधेपुरा में राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनों इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी के तत्वाधान में महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर पूनम यादव की अध्यक्षता में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य ने कही यह दिन भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। उन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम और भारत के एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। हर साल 31अक्टूबर को भारत के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष में मनाया जाता है। कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर शोएब आलम ने कहा 31 अक्टूबर को पूरा भारत देश की एकता के सूत्रधार सरदार पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस मना रहा है। राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर विजेंदर कुमार ने कहा सरदार वल्लभ भाई पटेल की याद में जगह-जगह कार्यक्रम हो रहे हैं जहां उनके महान व मजबूत व्यक्ति एवं कार्यों पर प्रकाश डाला जा रहा है। वही कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर रत्नाकर भारतीय ने कहा राष्ट्र को एक रखने की शपथ ली जा रही है उनके सशक्त विचारों का प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

### मदनपुर की प्रीति कश्यप बनी वेलफेयर ऑफिसर



**अररिया**। मदनपुर ग्राम निवासी विमल किशोर झा की पौत्री एवं मनोज कुमार झा की सुपुत्री प्रीति कश्यप ने बी पी एस सी 67 वीं परीक्षा में उत्तीर्ण होकर वेलफेयर ऑफिसर बन गांव समाज परिवार एवं जिला का नाम रोशन करने पर उनके स्वागत समारोह में समाज एवं गांव के सभी गणमान्य लोगों के साथ परशुराम परिषद के राष्ट्रीय संयोजक पंडित अजय कुमार झा उपस्थित होकर खूब सारा मंगल कामना एवं जीवन में इसी प्रकार आगे बढ़ते रहने और देश तथा राज्य की सेवा करते रहने का आशीर्वाद दिया।

### जन-जागरूकता रथ किया रवाना



**अररिया**। जिला बाल संरक्षण इकाई, अररिया द्वारा संचालित विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु एक जन-जागरूकता रथ को आज समाहरणालय परिसर से उप विकास आयुक्त, अररिया श्री संजय कुमार एवं उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी अररिया श्री राज कुमार, जिला जन-सम्पर्क पदाधिकारी अररिया श्रीमती सोनी कुमारी, सहायक निदेशक बाल संरक्षण इकाई अररिया शंभू कुमार रजक, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा अररिया श्री नितेश कुमार पाठक, सहायक निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण अररिया सुबोध कुमार सहित समाहरणालय के सभी वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। मौके पर सहायक निदेशक बाल संरक्षण इकाई अररिया शंभू कुमार रजक द्वारा बताया गया कि यह जन-जागरूकता रथ जिले के सभी 09 प्रखंडों क्षेत्र में भ्रमण कर समाज कल्याण विभाग अन्तर्गत संचालित परवरिश योजना, प्रायोजना योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना आदि की जानकारी आम जनों तक पहुंचायेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बच्चों की देख रेख एवं संरक्षण के गैर संस्थानिक प्रयासों के अंतर्गत परिवरिश योजना शुरू की गई है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का लाभ ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के गरीब परिवार के कन्या को विवाह के समय आर्थिक रूप से सहायता प्रदान कर किया जाता है। उन्होंने कहा कि किसी भी योजना की अधिक जानकारी के लिए जिला बाल संरक्षण इकाई, अररिया में सम्पर्क किया जा सकता है।

# जयनगर अनुमंडल कार्यालय में अनुश्रवण समिति की बैठक



**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)**। जयनगर अनुमंडल कार्यालय में सोमवार को अनुमंडल अनुश्रवण समिति की बैठक एसडीओ वीरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित जन प्रतिनिधियों ने पीडीएस व गैस के अलावे स्वास्थ्य व शिक्षा विभाग के मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में विधुत सहायक अभियंता वरुण कुमार, कनीय अभियंता गौरी शंकर प्रसाद, पीएचसी प्रभारी डॉ रवि भुषण प्रसाद, आपूर्ति पदाधिकारी विपिन कुमार अंशु, लदनियां एमओ अमितेश कुमार, मुख्य पार्षद कैलाश पासवान, भाकपा-माले सचिव भूषण सिंह, कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र महतों, सांसद प्रतिनिधि विनय कुमार सिंह, अनुरंजन सिंह, पंकज सिंह राठौर, जदयू अध्यक्ष राज कुमार सिंह, माकपा प्रखंड अध्यक्ष कुमार राणा प्रताप सिंह, बासपा के मो. साबीर अली,राजीव कुमार सिंह, अस्पताल प्रबंधक प्रभाष कुमार प्रशांत सभी गैस ऐजेंसी व एसएफसी गोदाम के एजीएम समेत अन्य मौजूद थें । एसडीओ ने बताया कि अनुमंडल के तीनों प्रखंडों में शत प्रतिशत खाद्यान्न वितरण किया जा चुका है। इस वित्तीय माह में 141 लाभुकों का राशन कार्ड बनाया गया। सांसद प्रतिनिधि विनय कुमार सिंह ने एसडीओ को स्थानांतरण होने पर बेपटरी व्यवस्था को पटरी पर लाने की बात कही। भाकपा-माले सचिव भूषण सिंह ने आठ सूत्री मांग पत्र समर्पित किया। जिसमें सीएमआर के द्वारा आम उपभोगताओं को पीडीएस दुकानदारों के माध्यम से घटिया चावल आपूर्ति पर रोक लगाते हुए सीएमआर को सहयोग करने वाले अधिकारीयों पर कार्रवाई करने की मांग की। राशन कार्ड बनाने एवं नाम जोड़ने तथा हटाने से संबंधित सहित अन्य कार्यों का आवेदन के तिथि से एक महिना के अंदर निष्पादन करने संत जेवियर्स इंगलिश हाई स्कूल समेत अन्य प्राइवेट स्कूलों की मनमानी नियम से हट कर अधिक शुल्क में वृद्धी करने ,एनसीईआरटी के बदले अधिक मूल्य प्रकाशनों का किताब चलाने , बीपीएल के छात्रों से जबरन शुल्क लेने पर रोक लगाने, अवैध स्वास्थ्य संस्थानों पर कार्रवाई करने और प्राइवेट क्लिनिकों एवं अल्ट्रासाउंड – एक्स-सरे व जाँच घरों का सरकारी नियमानुसार सेवा शुल्क निर्धारित करने समेत अन्य मांग शामिल हैं।

## यूभीके कॉलेज कड़ामा में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस



**आलमनगर** । पुरैनी के यूभीके कॉलेज कड़ामा में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस, लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को दी श्रद्धांजलि। राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ माधवेंद्र झा, उप प्रधानाचार्य डॉ ललन कुमार झा, कार्यक्रम पदाधिकारी डॉक्टर चंद्रशेखर मिश्र, प्रोफेसर अमरेंद्र झा, प्रोफेसर प्रेमनाथ आचार्य के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य ने कहा कि वल्लभ भाई पटेल के नाम के आगे पहले ना तो सरदार था ना ही उन्हें कोई लौह पुरुष कहता था लेकिन उन्होंने देश के हित में उसकी एकता और अखंडता को बरकरार रखते हुए जो कार्य किया तो उन्हें लौह पुरुष की उपाधि दी गई और उनके नाम के आगे सरदार लगने लगा। सरदार वल्लभभाई पटेल को देश में राजनीतिक एकता के लिए भी जाना जाता है। वह भारत के लौह पुरुष और भारतीय गणराज्य के संस्थापक नेताओं में से एक के रूप में प्रसिद्ध हैं। साल 1947 में जब भारत को आजादी मिली, तो उस समय देश में 562 रियासतें हुआ करती थी, जिसमें से अधिकांश ने देश में कर वसूलने का ठेका लिया हुआ था।ऐसे में भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने रियासतों को भारत संघ में शामिल होने के लिए राजी किया था। इस दौरान प्रधानाचार्य ने सभी उपस्थित शिक्षक शिक्षित कर कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं को देश की एकता और अखंडता के प्रति समर्पित रहने के प्रति शपथ भी दिलाई। उपस्थित सैकड़ो छात्र-छात्राओं के द्वारा इस अवसर पर रन फॉर यूनिटी का भी आयोजन किया गया।

## सरदार वल्लभ भाई पटेल को देश के एकता के सूत्रधार भी कहे जाते हैंः डा. जूली ज्योति



**मधेपुरा**। विमेंस कॉलेज कौशल्या ग्राम वार्ड नंबर 02 मधेपुरा बिहार में राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनों इकाइयों के द्वारा प्रधानाचार्य डॉक्टर जूली ज्योति के निर्देशानुसार राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर विमेंस कॉलेज के बहुत सारी छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया । प्रधानाचार्य ने सभा को संबोधित करते हुए कहा राष्ट्रीय एकता दिवस प्रतिवर्ष 31अक्टूबर को मनाया जाता है इस दिवस को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को चिन्हित करने के भी लिए मनाया जाता है, जिनकी भारत के राजनीतिक एकीकरण में प्रमुख भूमिका थी, इस दिन राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण को याद कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है , उन्होंने कहा सरदार वल्लभ भाई पटेल को देश के एकता के सूत्रधार भी कहे जाते हैं, साहसिक कार्य दृढ़ व्यक्तित्व के चलते महात्मा गांधी ने सरदार वल्लभभाई पटेल को लोह पुरुष की उपाधि दी थी, उन्हें भारत के बिस्मार्क के रूप में भी जाना जाता है, कहते हुए प्रधानाचार्य ने सरदार वल्लभभाई पटेल के संपूर्ण जीवनी पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को अवगत करवाया, एवं प्रोफेसर रविंद्र कुमार ने कहा सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती भारत के पहले गृह मंत्री के रूप में भी मनाया जाता है और अंत में कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर रूपा कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की मौके पर उपस्थित प्रोफेसर अनिल कुमार प्रोफेसर मंटू कुमार प्रोफेसर शंभू यादव प्रोफेसर अर्जुन कुमार राजदीप कुमार अन्नु कुमार कालिंदी कोमल आदि। छात्राएं मौसम कुमारी मुस्कान प्रिया प्रीति पायल कोमल काजल नीलम रागिनी अनु प्रियंका खुशबू आदि उपस्थित दिखे।

### सरदार बल्लभभाई पटेल का 148 वां जयंती पर पुष्पांजलि किया गया



**जयनगर / मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)**। भारतीय जनता पार्टी जयनगर के द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में नगर मंडल अध्यक्ष सूरज गुप्ता के अध्यक्षता में 'भारत के लौह पुरुष' के नाम से विख्यात सरदार बल्लभभाई पटेल का 148 वां जयंती पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर नगर मंडल अध्यक्ष सूरज गुप्ता ने कहा कि पटेल जी आधुनिक भारत के निर्माता हैं । उनके अद्वितीय व्यक्तित्व, नीति-नेतृत्व क्षमता,अदम्य साहस और दूरदर्शिता के कारण उन्हें राष्ट्रीय एकता का बेजोड़ शिल्पी कहा जाता है । वहीं ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि उद्धव कूंवर ने कहा कि अगर हमारे आपके पास शक्ति की कमी है तो विश्वास किसी काम का नहीं क्योंकि महान उद्देश्यों की पूर्ति के लिए शक्ति और विश्वास दोनों का होना जरूरी है।'सरदार बल्लभभाई पटेल का सामर्थ्य तब भारत के काम आया था। जब मां भारती साढ़े पांच सौ से ज्यादा रियासतों में बंटी थी। दुनियां में भारत के भविष्य के प्रति घोर निराशा थी। निराशावादियों को लगता था कि भारत अपनी विविधताओं की वजह से ही बिखर जाएगा ।भारत के प्रथम गृह मंत्री और उप-प्रधानमंत्री श्री सरदार बल्लभभाई पटेल लौहपुरुष 'हमारे देश' की बेहतरी के लिए उनके योगदानों व संघर्षों को आज याद किया। हम सभी को उनके सिद्धांतों,आत्मनिष्ठा व देशभक्ति की भावना से अपने जीवन मे समाहित करने की जरूरत है उनके दिखाए मार्ग हमें देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा करने के लिए सदा प्रेरित करते रहेंगे। आज इस मौके पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से उद्धव कूंवर, सुरज गुप्ता, धर्मेन्द्र उर्फ बौआ झा, अरविन्द तिवारी, अनिल जायसवाल, पंकज राठौड़, रामकुमार सिंह,अमित अमन, निलेश सिंह, गंगा साह, गोपाल सिंह, धीरेंद्र झा, रमेशचंद्र झा,अजय पूर्वे, राजेश गुप्ता,अनिल गुप्ता, प्रमिला पूर्वे,सूरज महासेठ,सुधिर खर्गा, सुमित कर्ण,गौतम गौरव, अंकित, मुन्नी प्रधान,हिरा ठाकुर, सहित दर्जनों भाजपाई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### लक्ष्मी मंदिर पहुंचे समाजसेवी संजय मिश्रा ,देवी मां लक्ष्मी से जिले की समृद्धि के लिए किए कामना



**अररिया**। एसडीएम ग्रुप के संस्थापक सह समाजसेवी संजय मिश्रा अपने अर्धांगिनी भारती मिश्रा के साथ लक्ष्मी मंदिर छातियोना वार्ड 12 पहुंचकर पुजारी खेलावन झा व कमिटी सदस्यों से मुलाकात कर वहां होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम की तारीफ की साथ मंदिर प्रांगण में धन धान्य की देवी मां लक्ष्मी से जिले की समृद्धि के लिए कामना किया। मौके पर देवन मंडल,संजय मंडल विश्वनाथ मंडल,इमितियाज आलम, गुड्डू मंडल, रामचंद्र मंडल,पंकज मंडल,शिवनाथ मंडल,जितेंद्र मंडल सहित कई सामाजिक लोग मौजूद थे।

### मिथिला पब्लिक स्कूल में ए के झा रोबोटिक लैब की हुई स्थापना



**फारबिसगंज** । नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत मिथिला पब्लिक स्कूल में ए के झा रोबोटिक लैब की स्थापना की गई जिससे कि छात्र-छात्राओं को तकनीकी शिक्षा का लाभ मिल सके। इसके लिए अंकुरम रोबो प्राइवेट लिमिटेड के प्रमुख साधना झा के द्वारा रोबोटिक तकनीक का भेंट दिया गया। इस अवसर पर पटना से आए रोबोटिक इंजीनियर कुमार आदित्य, 3D डिजाइनिंग एक्सपर्ट कृतिका अंकुरम प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक साधना झा ने बच्चों को रोबोटिक तकनीक की जानकारी दी । कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार महिला उद्योग संघ के अध्यक्ष श्रीमती उषा झा एवं प्राचार्या पुतुल मिश्रा ने फीता काटकर किया इस अवसर पर विद्यालय के हेड मिस्ट्रेस तिथि चक्रवर्ती, अध्यापक हरेंद्र झा, अमित शाह, रोहण ठाकुर ,अभिभावक इंदिरा मिश्रा , अमरीश राहुल , रुचिर मिश्रा, छात्र-छात्रा श्रेया सिंह,नियति राज, साक्षी, दीपा कुमारी ,कौशिकी ,एड्रिजा, तारा आदि ने रोबोटिक तकनीक की जानकारी प्राप्त की। स्कूल में रोबोटिक लैब की स्थापना के बाद प्राचार्या पुतुल मिश्रा ने बताया कि रोबोटिक लैब की स्थापना से रोबोटिक तकनीक के बारे में कोसी क्षेत्र के बच्चे लाभान्वित होंगे साथ ही श्रीमती उषा झा एवं साधना झा के द्वारा रोबोट तकनीक प्रदान करने के लिए आभार जताया है । इधर बीते दिन मिथिला पब्लिक स्कूल जो कि अररिया जिला में सीबीएसई बोर्ड शिक्षा पद्धति का धरोहर माना जाता है वहाँ स्वर्गीय डी० ए० साहब और पुतुल मिश्रा जी के पौत्र एवं श्रीमान विपुल मिश्रा जी के पुत्र के प्रथम जन्मदिन समारोह में परशुराम परिषद के राष्ट्रीय संयोजक पंडित अजय कुमार झा उपस्थित कार्यक्रम की गरिमा में चार चांद लगा दिए। बालक को आशीर्वाद प्रदान किए। कार्यक्रम में मौजूद सभी परिवार के सदस्य एवं भाई बंधु छोटों बड़ो को भरपूर प्यार और स्नेह देने के लिए कोटि कोटि धन्यवाद ज्ञापित किए।

# क्रिकेट ओपन टू ऑल प्रतियोगिता का द्वितीय चरण 2 नवंबर से टाईसीट ड्रॉ के माध्यम से तैयार



**पूर्णियां**। ईस्ट जोन पूर्व चेयरमैन व क्रिकेट प्रशिक्षक हरिओम झा ने कहा कि पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 क्रिकेट ओपन टू ऑल प्रतियोगिता हेतु आज जिला स्कूल स्टेडियम खेल मैदान परिसर में प्रथम चरण के सभी विजेता क्लबों के कप्तान की बैठक बुलाई गई। बैठक में द्वितीय चरण के नियम व शर्तें पर विचार - विमर्श कर निर्णय लिया गया। पनोरमा ग्रुप द्वारा आयोजित पनोरमा स्पोर्ट्स -6 क्रिकेट ओपन टू ऑल प्रतियोगिता का द्वितीय चरण का टाईसीट ड्रॉ के माध्यम तैयार कर लिया गया है। पूणिया मुख्यालय से बाहर के टीमों के लिए समय अरक्षित कर सभी क्लबों के बीच ड्रा कर टाईसीट कंप्लीट कर दी गई। समय के आभाव के प्रत्येक दिन पांच मैच आयोजित की जाएगी। द्वितीय चरण के समाप्ति के उपरांत तृतीय चरण का ड्रॉ कर फिर क्रिकेट ओपन टू ऑल प्रतियोगिता टाईसीट बनाई जाएगी। बैठक में उपस्थित पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 के सदस्य हरिओम झा, मो नैयर अली, सैयद जब्बार हुसैन, एस एस सिंह "गुड्डू ", जितेन्द्र कुमार सिन्हा " गोपी " राजीव कुमार, बब्लू चौधरी, मो मंजर मोहशिम, के साथ - साथ विभिन्न क्लबों के अध्यक्ष, सचिव कप्तान मो ज़मीर, आविद हसन, मो मुदस्सिल, अनीष कुमार, अंकित कुमार, मो जाहीद आलम,मंयक गुप्ता, अंकुर सिन्हा, नन्हे, चंद राजा, पप्पू कुमार , आशीष रंजन, चिराग , गौतम कुमार, चंदन कुमार, रोहित कुमार सिंह, मोहन कुमार, अमर कुमार यादव, गौरव कुमार आदि उपस्थित थे।

**जयंती** राष्ट्रीय एकता दिवस पर समारोह का आयोजन,आधुनिक भारत के निर्माता थे पटेलः हुस्न जहां

# राष्ट्रीय एकता के सूत्रधार थे पटेलः प्रधानाचार्य



**मधेपुरा**। ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा में नेहरू युवा केंद्र संगठन, मधेपुरा के तत्वाधान में मंगलवार को सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती सह राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह का आयोजन किया गया।

**आधुनिक भारत के निर्माता थे पटेलः** कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नेहरू युवा केंद्र मधेपुरा के जिला युवा अधिकारी हुस्न जहां ने कहा कि सरदार पटेल ने आधुनिक भारत के निर्माण एवं विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे सही मायने में राष्ट्र-निर्माता थे।भारत सरकार ने उन्हें 1991 में भारत रत्न से सम्मानित किया है।

**राष्ट्रीय एकता के सूत्रधार थे पटेलः** मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश प्रसाद यादव ने कहा कि सरदार पटेल भारतीय राष्ट्रीय एकता के सूत्रधार थे। इन्होंने आजादी के बाद देश की 562 रियासतों को भारतीय संघ में मिलाकर अखण्ड भारत का निर्माण कराया।

**पटेल के लिए था राष्ट्र सर्वोपरिः** विशिष्ट अतिथि उप कुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने कहा कि आधुनिक काल में भारत में कई महापुरुषों ने जन्म लिया, जिनमें सरदार पटेल का नाम अग्रगण्य है। इन लोगों ने देश की आजादी और राष्ट्रीय नव-निर्माण में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल के लिए लिए राष्ट्र सर्वोपरि था। उन्होंने अपने व्यक्तिगत स्वार्थों से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में कार्य किया। मंच संचालन करते हुए सीनेटर सदस्य रंजन यादव ने कहा कि सरदार पटेल लौह पुरुष के नाम से जाने जाते हैं। भारत सरकार ने उनकी दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टेच्यू ऑफ यूनिटी के रूप में स्थापित किया है। इनकी जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सौरभ यादव ने कहा कि सरदार पटेल युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं। देश को उनके बताए रास्ते पर ले जाने की जरूरत है।सभी अतिथियों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। सबों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। अतिथियों को पौधा देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थिति सबों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा के शपथ लिया। इस मौके पर स्नेहा राज, काजल कुमारी, आस्था, रानी कुमारी, अंकित आनंद, अजय कुमार, नवनीत सम्राट, प्रिया कुमारी, रोशनी कुमारी, मुस्कान सिंह,आरती कुमारी, सोनू कुमार, संतोष कुमार, रोशन कुमार आदि उपस्थित रहे।

# माँ अन्नपूर्णा कम्युनिटी किचन के 1200 दिन पुरे होने पर साधारण तरीके से सादा समारोह आयोजित कर मनाया गया



**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)**। कहते हैं चाहो तो सब कुछ है आसान, बस उस चाहने मे आपकी शिद्दत हो। सच्चा कार्य वही हैं, जो समाज के हित को सर्वोपरि बना सके। इसलिए कहा जाता है कि समाज सेवा का मतलब तलवार की धार पर चलने का कार्य और यह कायरों का काम नहीं। जिंदगी में संघर्ष जरूरी हैं। मतलब की दुनिया में कौन किसका सोचता है, जो जैसा देखता है वो वैसा खोजता है। ये बात भले ही सच होगी, लेकिन आज भी दुनिया में ऐसे लोग है, जो अपने मतलब और स्वार्थ को पीछे छोड़ किसी और को खुश करने में जी जान से लगे हुए है। हम बात कर रहे है माँ अन्नपूर्णा सेवा समिति की, जो न केवल किसी के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम करती है, बल्कि किसी भी इंसान की जान बचने के लिए जहां तक कोशिश की जा सकती है। वहां तक उसका साथ निःस्वार्थ भाव से देती है। रक्तदान करवाना, किसी गरीब का इलाज करवाना, किसी की पढाई में पैसे लगाना, किसी की छोटी से छोटी और बड़ी से बड़ी जरुरत को पूरा करना इत्यादि। ऐसे ही शिद्दत के साथ मधुबनी जिले के जयनगर की एक संस्था अनवरत सामाजिक सेवा कार्य करती आ रहीं है। पिछले लॉक डाउन के समय से ही ये संस्था जरूरतमंद लोगों की सेवा निःस्वार्थ भावना से बगैर दिन-रात की परवाह किये इसके संरक्षक एवं सदस्य बिना जान की परवाह किये ही अनवरत सेवा करती आ रही है। बीते कुछ समय मे क्षेत्र के चहूँ और इनकी कीर्ति और यश फैल रहा है। हाल मे कई सामाजिक कार्यों मे उल्लेखनीय भूमिका के लिए विभिन्न संस्थान द्वारा इनको प्रोत्साहित करने हेतु सेवा सम्मान किया गया है। आज इस संस्था के 1200दिन गरीब,जरूरतमंद,अहसहाय, निर्धन, विकलांग लोगों को लंगर लगा कर खाना खिलाते हुए पुरा कर लिया है। इस मौके पर सादे तरीके से माँ अन्नपूर्णा की चित्र पर पुष्प अर्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर इस दिन को मनाया गया। इस मौके पर प्रोडजी स्कूल के डायरेक्टर सह संस्था के एक्टिव सदस्य आनंद कुमार ने मौके पर मौजूद सभी आगत अतिथियों एवं संस्था के प्रत्येक सदस्य को मिथिला के परम्परा अनुसार पाग एवं दोपट्टा से सम्मानित किया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष कैलाश पासवान,वार्ड पार्षद सह पत्रकार हनुमान प्रसाद मोर,वार्ड पार्षद शिवजी पासवान,जयनगर चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स के महासचिव अनिल बैरोलिआ,शिबू महाजन,कैट जयनगर के अध्यक्ष प्रीतम बैरोलिआ, स्थानीय व्यवसयी सह समाजसेवी अरुण पुर्वे,प्रोडजी स्कूल के डायरेक्टर आंनद कुमार, पटना से चल कर आए वरिष्ठ पत्रकार अफजल आलम सहित अन्य कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। वहीँ, संस्था के मुख्य संयोजक अमित कुमार राउत, संरक्षक डॉ. सुनील कुमार राउत, प्रवीर महासेठ, उपेन्द्र नायक, गणेश कांस्यकार, संजय महतो, सियाराम महतो, मुन्ना कारक, संजय कुमार, गुड्डू साह साथ ही एक्टिव सदस्यों में लक्ष्मण यादव, बिट्टू यादव, अविनाश पंजीयर, संतोष शर्मा, प्रथम कुमार, नवीन कुमार, राहुल सूरी, विवेक सूरी, अरुण कुमार, मिथिलेश कुमार महतो, हर्षवर्धन कुमार, मनीष गुप्ता, अजय सिंह, दीपक कुमार, पप्पू पुर्वे, सुमित कुमार राउत एवं अन्य कई सदस्य मौजूद रहे।

## ख़ास ख़बर

### सिमराही के आंखा अस्पताल एवं सूर्या नर्सिंग पहुंचे भोजपुरी गायक कलाकार शिवेश मिश्रा



**संवाददाता/ दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल।** जिले में नगर पंचायत सिमराही वार्ड 3 के लखीचंद साह उच्च विद्यालय के सामने लहान आंखा अस्पताल पहुंचे भोजपुरी गायक कलाकार शिवेश मिश्रा जी ने खुशी जाहिर की। अस्पताल के अन्दर आधुनिक मशीनों को देखकर काफी खुशी जताया एवं अस्पताल संचालक को धन्यवाद दिया। शिवेश मिश्रा जी ने बताया कि हम सुपौल जिला के करजाईन बजार प्रोग्राम के लिए आये थे जो कि अपने साथियों के साथ सिमराही बजार के रेफरल अस्पताल रोड हाई स्कूल के पास लहान आंखा अस्पताल पहुंचे और अस्पताल को देखकर बहुत खुशी हुई। वही बगल के अस्पताल सूर्या नर्सिंग होम में भी पहुंचे जहां डॉ प्रभा कुमारी एवं डॉ प्रभाष कर्ण से मुलाकात किए एवं खुशी जाहिर किए, मौके पर शाहपुर पृथ्वीपट्टी पंचायत मुखिया सतीश पांडेय, समाज सेवी बबलू यादव, फिंगलास पैक्स अध्यक्ष रमेश यादव, समाजसेवी संतोष कुमार पांडेय, अमित कुमार,मुन्ना झा, बिट्टू कुमार, नीतीश कुमार, मिट्ठू कुमार, पंकज कुमार, वेदप्रकाश कुमार, प्रतोष कुमार पांडेय,सहित कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### एक शराबी और दो प्राथमिक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**मिज संवाददाता/ दैनिक शुभ भास्कर, पीपरा, सुपौल।** जिले के पिपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न जगहों से एक शराबी और दो विभिन्न काण्डों में फरार चल रहे प्राथमिक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष बिनोद कुमार सिंह ने बताया कि तेतराही वार्ड नंबर 3 निवासी रामकुमार यादव सोमवार देर रात पिपरा बाजार में शराब के नशें में हो शोर शराबा कर रहे थे जिसे गश्ति के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं थाना काण्ड संख्या 250/23 में दफा 307 के फरार चल रहे महेशपुर वार्ड नंबर 11 निवासी अलीशेर मंसूरी जो फरार चल रहे थे जिसे सोमवार देर रात उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। और थाना काण्ड संख्या 316/23 में शराब कांड में फरार चल रहे दीनापट्टी वार्ड नंबर 19 निवासी रविन्द्र शर्मा उर्फ रविन्द्र सुतिहार को गिरफ्तार किया गया। सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को मंगलवार को न्यायिक हिरासत में सुपौल भेज दिया गया।

### लोजपा (रा )के जिला संयोजक बने गौतम शेखर



**निज संवाददाता/ दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल।** जिले में निर्मली प्रखंड के पटना स्थित प्रदेश कार्यालय में लोजपा की एक बैठक मंगलवार को आयोजित हुई। जिसमे प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी द्वारा सुपौल जिला संयोजक पद पर गौतम शेखर को मनोनीत किया गया। नव निर्वाचित जिला संयोजक श्री शेखर ने बताया की उसे पार्टी द्वारा जो पदभार दी गई है उसको वह निष्ठा पूर्वक निर्वहन करेगा साथ ही जिला स्तर पर पार्टी की मजबूती को लेकर लगातार अग्रसर रहेगा। जिला संयोजक मनोनीत किए जाने पर जिलाध्यक्ष रामकिसुन यादव, जिला प्रधानमहासचिव ललित कुमार भारती, शशि शेखर, अशोक राय, श्रवण राय, विनीत शेखर आदि ने बढ़ाई दी है।

### थाना परिसर में शराब का हुआ विनिष्टिकरण



**निज संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल।** जिले के निर्मली थाना परिसर में मंगलवार को पुलिस ने कुल 2505 लीटर देसी एवं प्रतिबंधित कफ सिरप का विनिष्टिकरण किया गया। इस दौरान प्रतिनुक्त दण्डाधिकारी सह सीओ मुकेश कुमार, थानाध्यक्ष पंकज कुमार, उत्पाद विभाग के एसआई संजय कुमार सिंह की उपस्थिति में 2100.9 लीटर नेपाली देसी शराब, 9.33 लीटर विदेशी शराब एवं 394.8 लीटर अंग्रेजी शराब कुल 2505 लीटर शराब का विनष्टीकरण किया गया। थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि पूर्व के 13 कांड से जुड़े शराब का विनिष्टिकरण किया गया है। मौके पर थाना मालखाना प्रभारी एसआई वरिष्ठ मुनि, अनिल कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# जदयू द्वारा भीम संसद सह सम्मान कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**जिला संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल।** जिले में सदर बाजार के मिलन मैरिज पैलेस में आज भीम संसद सह सम्मान कार्यक्रम का आयोजन जिला जनता दल यू के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के एससीएसटी कल्याण मंत्री रत्नेश सदा शामिल हुए। इस मौके पर पूर्व मंत्री रमेश ऋषि देव, स्थानीय सांसद दिलेश्वर कामत, विधायक अनिरुद्ध प्रसाद यादव,वीना भारती और रामविलास कामत सहित तमाम जदयू के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। मौके पर मौजूद अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण मंत्री रत्नेश सदा ने कहा कि सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा जो एससी एसटी समाज के उत्थान के लिए कार्य किए गए हैं उससे तमाम एससी - एसटी समाज के लोग खुश हैं। कहा कि कार्यक्रम में तालिमी मरकज, टोला सेवक और विकास मित्र के द्वारा सीएम नीतीश कुमार का आभार प्रकट करने के लिए भी यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मीडिया के सवाल पर मंत्री रत्नेश सदा ने कहा कि इंडिया गठबंधन के सभी पार्टी चाहते हैं कि नीतीश कुमार पीएम बने लेकिन खुलकर नहीं बोल रहे हैं। समय आने पर सभी सपोर्ट करेंगे और नीतीश कुमार जी को पीएम उम्मीदवार घोषित करेंगे। इस मौके पर वक्ताओं ने बिहार सरकार द्वारा किए जा रहे तमाम जन कल्याण कारी योजनाओं और खास कर एससी एसटी समाज के उत्थान के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी। भीम सांसद संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि में कल्याण मंत्री श्री रत्नेश सादा पूर्व मंत्री रमेश ऋषि देव सांसद दिलेश्वर कामत विधायक अनिरुद्ध यादव विधायक रामविलास कामत विधायक बिना भारती पूर्व विधायक लखन ठाकुर उदय गोयत जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद यादव जगदीश प्रसाद यादव हरे कांत झा प्रमोद कुमार मंडल ओम प्रकाश यादव मोहम्मद खुर्शीद आलम रामचंद्र यादव पूनम देवी प्रियंका कुमारी ललित जायसवाल तबस्सुम बानो अजय अजनबी नथनी मंडल अमरदेव कामत मोहम्मद कमल खान फेकन सदा निर्धन पासवान अनिल खेरवार अजय आनंद एवं राजा मुराद तलामी मरकज

## भाजपाइयों ने पटेल जी जयंती पर प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**ब्यूरो/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल।** जिले में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 148वीं जयंती पटेल चौक सुपौल में भाजपा जिला अध्यक्ष नरेंद्र ऋषिदेव की अध्यक्षता में मनाई गई। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश मंत्री सरोज झा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश मंत्री ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल 550 देशी रियासतों को एक करने का काम किया। वहीं जिला अध्यक्ष नरेंद्र ऋषि देव ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल स्वतंत्र भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री थे उन्हें भारत रत्न का सम्मान प्राप्त हुआ। निवर्तमान जिला अध्यक्ष रामकुमार राय ने कहा कि उनके जन्मदिन को एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इनको देश में हीं नहीं विदेशों में भी लोग याद करते हैं। पूर्व जिला अध्यक्ष नागेंद्र नारायण ठाकुर ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय एकता के प्रतीक हैं। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सरदार पटेल जी के प्रतिमा की साफ सफाई कर उनका माल्यार्पण किया मौके पर भाजपा के जिला महामंत्री प्रदीप सिंह पिंटू मंडल दिलीप सिंह अशोक सम्राट सलीम जायसवाल प्रभात चंद्र मंडल सरोज झा राजेश्वर विश्वास सतनारायण शर्मा सुरेंद्र और पाठक बलराम कामत सुनीता देवी नेता सिंह दिनेश राम कमल ठाकुर जहीर आलम प्रीतम रजक सुनील मंडल महेश लाल उरांव सहित कई कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण किया।

## स्कूल में छात्रों को सड़क सुरक्षा के तहत किया जागरूक



**निज संवाददाता/ दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल।** जिले में निर्मली नगर के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में केवीआईसीएल द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान के तहत छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के बीच सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। स्कूल में जागरूकता अभियान के दौरान छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को यातायात से जुड़ी जानकारी दी गई। जागरूकता अभियान के तहात छात्रों को वाहन चलाते समय हेलमेट, सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से कैसे सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है और अपनी व यातायात का उपयोग कर रहे अन्य व्यक्तियों के जान की रक्षा की जा सकती है।केवीआईसीएल के अरुण सिंह ने बताया की वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करना कितना खतरनाक हो सकता है, के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने अपील किया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें और सीट बेल्ट का प्रयोग करने हेतु परिवार एवं छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को प्रेरित करें। जागरूकता अभियान के क्रम में यातायात नियम का कड़ाई से पालन करने के लिए सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के बीच शपथ ग्रहण करवाया गया। कहा ऐसी गलती न करें और कड़ा रुख अपना कर अपने परिवार को भी सुरक्षा का पाठ पढ़ाये। साथ ही उन्हें भविष्य में सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा इन सबको देखते हुए सभी तरह के नियमों का पालन नियमित रूप से किया जाएं तो भविष्य उज्जवल हो सकती है। इसके साथ हिट एंड रन और गुड समरितन के बारे मे बताया गया।

## भाजपा द्वारा जिला कार्यालय में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की कार्यशाला का किया गया आयोजन



**ब्यूरो/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल।** जिले के भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय सुपौल में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की कार्यशाला आयोजित की गई।जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष जिला क्रियान्वयन सदस्य विश्वकर्मा योजना नरेंद्र ऋषि देव ने की। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री सह क्षेत्रिय प्रभारी सरोज झा एवं निवर्तमान जिलाध्यक्ष रामकुमार राय उपस्थित हुए।उन्होंने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना 18 प्रकार के कामगारों के लिए केंद्र सरकार द्वारा 17 सितंबर को लागू किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी पारंपरिक पेशा से जुड़े लोगों को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की शुरुआत की।कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष नरेंद्र ऋषिदेव ने कहा की बढ़ई, लोहार,नाई,मोची का काम करने वाले कुम्हार,दर्जी,राजमिस्त्री, धोबी,डलिया चटाई बनाने वाले, अस्त्र बनाने वाले,स्वर्णकार, मूर्तिकार,मछली का जाल बनाने वाले आदि का रजिस्ट्रेशन के बाद उनका प्रशिक्षण करवा कर 15000 का टूल्स किट (औजार) दिया जाएगा एवं उसके बाद एक लाख रुपया का ऋण 5% सालाना ब्याज पर उपलब्ध किया जाएगा। इस योजना का लाभ अधिक से अधिक कामगारों को मिले इसके लिए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता जागरूकता के माध्यम से लोगों का रजिस्ट्रेशन अधिक से अधिक करवाने का काम करेंगे। कार्यशाला का संचालन ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष सह जिला क्रियान्वयन सदस्य विश्वकर्म योजना, प्रभाष चन्द्र मंडल ने किया। कार्यशाला में जिला महामंत्री विश्वकर्मा योजना के जिला क्रियान्वयन सदस्य केशव गुड्डू जिला महामंत्री प्रदीप सिंह,पिंटू मंडल,दिलीप सिंह,सरोज झा, अशोक सम्राट,राजेश्वर विश्वास, सत्नारायण शर्मा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष नलिन जायसवाल,कमल ठाकुर, बलराम कामत, जहीर आलम,बीरेन्द्र शर्मा सुनील मंडल, प्रीतम रजक,रविंद्र शाह,नीता सिंहा, स्मृति कुमारी,विन्देश्वरी ठाकुर,नारायण शर्मा सहित कई कार्यकर्ता शामिल हुए।

### एस.एस.बी. 45 वाहिनी ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का किया आयोजन



**एक संवाददाता / दैनिक शुभ भास्कर,वीरपुर,सुपौल।** जिले के वीरपुर अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस पर एस.एस.बी. 45 वाहिनी ने रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम आयोजित किया । वही जानकारी देते हुए 45वी बटालियन एस.एस.बी. के कार्यवाहक कमांडेंट श्री जगदीश कुमार शर्मा, द्वितीय कमान अधिकारी 45वी बटालियन ने बताया कि स्वतंत्र भारत के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस 31 अक्तूबर को पूरे भारत वर्ष में एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है । इस क्रम में 45 वाहिनी के अधिकारियों एवं सभी कार्मिकों के द्वारा भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म तिथि पर राष्ट्र की एकता ,अखंडता और सुरक्षा के प्रति सजग रहने की शपथ ली गयी । इस अवसर पर रन फॉर यूनिटी, शपथ ग्रहण तथा मार्च पास्ट कार्यक्रम आयोजित किए गए । कार्यक्रम में श्री जगदीश कुमार शर्मा, द्वितीय कमान अधिकारी, श्री रूपेश शर्मा, श्री शैलेश कुमार सिंह, उप- कमांडेंट 45 वाहिनी के अन्य कार्मिकों एवं स्कूली बच्चों ने भाग लिया।

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर "रन फोर यूनिटी " एवम "शपथ ग्रहण समारोह" का आयोजन



**अररिया।** 31 अक्तूबर को श्री पी० एन० सिंह, उप कमांडेंट, कार्यवाहक कमांडेंट, 52 वी वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, अररिया के निर्देशन में वाहिनी मुख्यालय तथा समस्त सीमाचौकियों में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर "राष्ट्रीय एकता दिवस" मनाया गया जिसके अंतर्गत "रन फोर यूनिटी " और "शपथ ग्रहण समारोह" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बलकर्मियों द्वारा वाहिनीं मुख्यालय अररिया से बस स्टैंड अररिया तक की दौड़ लगाई गई तथा शपथ ग्रहण समारोह में भारत की राष्ट्रीयता एकता और अखंडता को कायम रखने की शपथ ली। श्री पी० एन० सिंह उप कमांडेंट द्वारा बताया गया कि "राष्ट्रीय एकता दिवस" प्रत्येक वर्ष 31 अक्टूबर को सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। जिनकी भारत के राजनीतिक एकीकरण में प्रमुख भूमिका थी। इस दिन का आरम्भ भारत सरकार द्वारा सन् 2014 में किया गया था। इस अवसर पर श्री उदय कुमार उप कमांडेंट, श्री जोशी सागर प्रदीप उप कमांडेंट, निरीक्षक उत्तम विश्वाश, उप निरीक्षक मनोज कुमार, सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र कुमार सहित अन्य जवान उपस्थित रहे।

### मंत्री जी गांव बटराहा में आयोजित लक्ष्मी पूजा पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का सासंद प्रदीप सिंह विधायक विजय मंडल ने किया उद्घाटन



**डा. रूद्र किंकर वर्मा, बटराहा।** मंत्री जी के नाम से क्षेत्र में चर्चित सिकटी विधायक विजय कुमार मंडल के पैतृक गांव में सदियों से चली आ रही लक्ष्मी पूजा के पावन अवसर पर अररिया जिले के सिकटी विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत कुर्साकांटा प्रखंड के बटराहा गांव में हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ , इस आयोजन मे मुख्य अतिथि के तौर पर अररिया सासंद प्रदीप कुमार सिंह जी पहुंचे हुए थे , इस भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगाज लोकप्रिय सांसद प्रदीप कुमार सिंह और सिकटी विधायक श्री विजय कुमार मंडल ने विधिवत संयुक्त रूप से फीता काटकर किया इस दौरान भाजपा के कद्दावर नेता सह लोकासभा संयोजक समरनाथ सिंह मीडिया प्रभारी किमी आनंद, लाल झा, प्रमुख प्रतिनिधि सुशील सिंह ,जिला परिषद प्रतिनिधि अजीत झा, संजय मुखिया , मो. जुबेर, गणेश प्रसाद यादव, प्रणव गुप्ता , सुदितलाल दास , पूर्व मुखिया जय कु० मंडल , रमण कुमार वर्मा, महेश कुमार, संजीत सिंह, हेरम सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे ।, इस कार्यक्रम मे मधुबनी से मैथली गायिका जुली झा , मशहूर स्टेज नृत्यांगना माही मनीषा सहित दर्जनों हास्य कलाकार ने अपनी कला से लोगों का दिल थाम लिया। इस भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम को देखने के लिए हजारों की संख्या मे लोग पहुचे हुए थे ,सभी ने जुली झा के मधुर संगीत और माही मनीषा के जबरदस्त डांस को देखकर जमकर आनंद उठाये , वही इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे मोहन मंडल, रमेश मंडल , भाजपा के मंडल मसीहा युवराज जोशी मंडल , मुरली मंडल, अमीत मंडल , मो० शहाजहाँ, सरोज मंडल सहित अन्य युवाओं सहित ग्रामीण जनों का योगदान सराहनीय रूप रहा ।छोड़ छोड़ नै सैंया भोर भ गेलय मैथिली गायिका जुली झा की गीत ने सुर्खियां बटोर ली।

**अनदेखी** जिले के प्रतापगंज सीओ पर विभागीय दिशा निर्देश व आदेश की कोई असर दिखाई नहीं देता, निर्देश के बावजूद नही हुई कार्यवाही

# सीओ ने जिलाधिकारी के आदेश की उड़ाई धज्जियां




**संवाददाता /दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर ,सुपौल।** जिले के प्रतापगंज सीओ पर विभागीय दिशा निर्देश व आदेश की कोई असर दिखाई नहीं देता। जिस कारण उक्त सीओ के द्वारा विभागीय सरकारी आदेश का धज्जिया उड़ाई जा रही है। मामला प्रतापगंज थाना क्षेत्र के बेलही गांव स्थित चिलोनी मौजा से जुड़ा हुआ है। जहां एक रैयत अपने निजी जमीन से सरकारी अतिक्रमण हटाकर अपने जमीन व घर के सामने से गुजर रही सरकारी सड़क के अतिक्रमण को खाली कराकर उसपर सड़क बनवाने को लेकर दर - दर भटक रहा है। जिसे लेकर रैयत प्रतापगंज थाना क्षेत्र के बेलही गांव निवासी रामू यादव ने स्थानीय स्तर के पदाधिकारी के कार्य शैली से थक हारकर अनुमंडल लोक शिकायत बीरपुर में मामला दर्ज करवाया। लोक शिकायत में दर्ज आवेदन में रैयत रामू यादव ने कहा है की चिलोनी मौजा अंतर्गत खाता 510 खेसरा 547 में उसका घर बना हुआ है। उक्त जमीन उसे केबाला से प्राप्त है। कहा है की उक्त जमीन के पश्चिम भाग से सरकारी सड़क गुजरती है जो पुराना एवं नया दोनों नक्सा में दर्ज है। उसके घर से पश्चिम व सड़क से पश्चिम हरिलाल यादव आदि लोगों का घर बना हुआ है। बताया है की हरिलाल यादव आदि के द्वारा सरकारी सड़क को अतिक्रमित कर उसपर घर बना लिया गया है। वहीं उसी लोगों के द्वारा जोर जबरदस्ती सरकारी सड़क की जमीन के बदले उसके निजी जमीन पर सड़क व ईट सॉलिंग बनवा दिया गया है। जिसे लेकर उसके द्वारा कई बार प्रतापगंज सीओ को लिखित आवेदन देकर उसके जमीन से अतिक्रमण खाली कराकर सरकारी जमीन पर सड़क बनाने का मांग किया गया। लेकिन सीओ प्रतापगंज के द्वारा अतिक्रमांकारियों से मोटी रकम लेकर मामला को अनसुना किया जा रहा है। वहीं मामले में अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी बीरपुर से सुनवाई करते हुए रैयत रामू यादव के आरोप को सत्य मानते हुए सीओ को आदेश देकर उक्त जमीन को खाली करवाने का आदेश दिया गया। लेकिन सीओ प्रतापगंज ने उक्त आदेश पर शिर्फ कागजी प्रक्रिया कर मामले को छोड़ दिया। तत्पश्चात पीड़ित से जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के पास अपील दायर किया। जिस पर जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी ने भी सुनवाई करते हुए 15 दिनों के अंदर उक्त जमीन से अतिक्रमण खाली करवाने को लेकर सीओ को आदेश दिया साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी को पुलिस बल उपलब्ध करवाने की बात कही। लेकिन उक्त आदेश को भी दो माह बीत जाने के बाद भी उक्त अतिक्रमण खाली करवाने को लेकर कोई कार्यवाई नहीं दिया। उसके बाद पीड़ित रैयत ने जिलाधिकारी को आवेदन देकर मामले में न्याय की गुहार लगाई है। वही मामले प्रतापगंज सीओ अंशु कुमार ने बताया कि अनुमंडल पदाधिकारी को पुलिस बल के लिए आवेदन कर दिए हैं। पुलिस बल मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## आवासीय ज्ञान कुंज एकेडमी में छात्र एंव छात्राओं द्वारा लिखित प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, किसनपुर, सुपौल।** जिले में किशनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित आवासीय ज्ञान कुंज एकेडमी में मंगलवार को छात्र एवं छात्राओं के द्वारा लिखित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन कर्ता एकेदमी वरिष्ठ शिक्षक रंजीत कुमार सानू ने कहा कि लिखित प्रतियोगिता का आयोजन वर्ग 1 से वर्ग 9 तक किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रत्येक वर्ग से लगभग 15 से 20 छात्र एवं छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रत्येक वर्ग के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र आयुष कुमार ,अतुल कुमार ,अमर कुमार, सत्यम कुमार ,कुंदन कुमार चंचल कुमार, कोमल कुमारी ,गौतम कुमार ,सोनाक्षी कुमारी, एवं रुचि कुमारी तथा द्वितीय स्थान पर साक्षी कुमारी, केशव कुमार, रितु कुमारी ,आयुष कुमार, राकेश कुमार, सुमन कुमार, मोहम्मद अंजार ,रोमा रानी,एवं नीतू कुमारी वह तृतीय स्थान प्रिया कुमारी,चंदन कुमार, मोहम्मद सलाउद्दीन, विष्णु कुमार, अमित आनंद ,कृष्ण कुमार ,शिवम कुमार ,अस्मित आनंद एवं चाहत कुमारी ने प्राप्त किया। वही एकेडमी के प्राचार्य पप्पू कुमार जायसवाल व्यवस्थापक अरुण कुमार जायसवाल एवं शिक्षक शिक्षकाओं द्वारा प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को मोमेंटो, कास्य पदक एवं ज्योमेट्री बॉक्स से सम्मानित किया गया। वहीं पप्पू कुमार जायसवाल ने बताया कि प्रतियोगिता आयोजित करने से बच्चों मेंहोनेवाले कठिनाइयों को दूर कर बौद्धिक विकास होता है। इस प्रतियोगिता में सफल रहे छात्र से अधिक छात्राओं ने अपना अनुभव को निकालने का प्रयास किया। वही अरुण कुमार जायसवाल ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता में सफल रहे प्रतिभागियों को एकेडमी परिवार की ओर से उज्जवल भविष्य की कामना करता है साथ ही असफल रहे बच्चों से कहा कि असफलता ही सफलता की जननी है आप लोग मेहनत कीजिए निश्चित ही सफलता मिलेगी। उपस्थित तरूण झा, कुमार विकास, अजीत कुमार , गगन झा, पारस दास, दयाकान्त झा, मिलन कुमार, काजल कुमारी , बीबी तमन्ना, गौरी मिस, जुली कुमारी, बलराम कुमार, संबोध झा, आदि शिक्षक शिक्षिकाओं ने सफल प्रतिभागियों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## ख़ास ख़बर

### अजय दुबे बने राहुल गांधी विचार मंच के प्रदेश महासचिव

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** राहुल गांधी वर्किंग कमिटी के अध्यक्ष विकास वसिष्ठ के द्वारा राजपुर प्रखंड के मंगरवलिया निवासी समाजसेवी अजय दुबे को राहुल गांधी विचार मंच का प्रदेश महासचिव नियुक्त किए जाने पर क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता तथा समाज सेवी संस्था के लोगो ने प्रदेश अध्यक्ष को बधाई दी है । कांग्रेस के प्रदेश महासचिव मनीष कुमार, प्रखंड अध्यक्ष प्रेमा देवी, सरोज तिवारी, गोपाल पाण्डेय, रंगलाल पाण्डेय, सहित अन्य ने बधाई देते हुए कहा कि अजय दुबे के नेतृत्व में राहुल गांधी विचार मंच के साथ ही अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी बिहार में और अधिक मजबूत होगा । प्रदेश महासचिव अजय ने कहा कि जो जिम्मेदारी प्रदेश नेतृत्व के द्वारा मुझे सौंपा गया है , उसे निष्ठा पूर्वक निर्वहन करने तथा मंच व कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का काम करूंगा ।

### दो भैंस की हुयी चोरी

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** दावथ थाना क्षेत्र के अहीर चवरी गांव के एक पशुपालक के घर से अज्ञात चोरों ने दो भैंस की चोरी कर लिया है। भैंस चोरी की जानकारी पशुपालक को सुबह में लगी जब वो पशुओं को चारा देने गया। पंचायत के बीडीसी कलेंडर कुमार ने बताया कि अहीर चवरी गांव के किसान सह पशुपालक ओमप्रकाश यादव की दो भैंस की चोरी रविवार की रात में अज्ञात चोरों द्वारा कर लिया गया है। जिसकी जानकारी पुलिस को दी गई है। दोनों भैंस की कीमत डेढ़ लाख से ऊपर बताया जाता है। वहीं थानाध्यक्ष कृपाल जी ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। आवेदन मिलते ही पुलिस कार्रवाई प्रारंभ कर देंगी।

### मामा घर आया भगीना मृत मिला

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** जिले के दिनारा थाना क्षेत्र के नौवां गांव में कुदरा से आया युवक का सुबह से गायब होने के बाद दुसरे सुबह मृत शरीर मिला। इस संबंध में थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि नौवां गांव अपने मामा घर कुदरा थाना क्षेत्र के गंगवलिया गांव निवासी हरगोविंद राम के पुत्र नीरज कुमार ( 22) वर्ष अपने मामा घर आया हुआ था।कि सोमवार की सुबह शौच करने निकला लेकिन शाम तक घर नहीं आने पर परिजनों ने थाना में इसकी सूचना शाम को दी। जिसके शव मंगलवार को सडक किनारे चाट में मृत पाया गया।जिसकी शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम में भेजा गया। वहीं मौत की कारणों का पता पुलिस द्वारा लगाया जा रहा है। अनुसंधान किया जा रहा है।

### अखंड भारत के निर्माता थें लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल : डॉ0 मनीष



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** स्वतंत्र भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 148वीं जयंती 31अक्टूबर को धूमधाम से मनाई गयी। इस अवसर पर रोहतास जिला काराकाट विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी सह भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री डॉ० मनीष रंजन ने उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन वंदन करते हुए याद दिया। साथ ही साथ उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सरदार वल्लभ भाई पटेल अखंड भारत निर्माता के एक महान लौह पुरुष थें। जिन्होंने देश को आजादी दिलाने में अपनी अहम भूमिका का योगदान दिया था। जिनके त्याग बलिदान के बदौलत आज हैदराबाद जैसा खूबसूरत शहर इस अखंड भारत का हिस्सा है। जिन्हें भारत के एकीकरण में उनके महान योगदान के लिए उन्हें भारत का 'लौहपुरुष' के रूप में जाना जाता है। सरदार पटेल की महानतम देन थी। जो 562 छोटी-बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलीनीकरण करके भारतीय एकता का निर्माण करना। जबकि विश्व के इतिहास में एक भी व्यक्ति ऐसा न हुआ जिसने इतनी बड़ी संख्या में राज्यों का एकीकरण करने का साहस किया हो। जिनकी वीरता का ऐतिहासिक मिशाल लौह पुरष के रूप में पूरे विश्व सहित भारत में आज भी व्याख्यान है।

### बीडीओ ने अधिकारियों को निर्देश दिया



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज (रोहतास)।** नासरीगंज प्रखण्ड मुख्यालय स्थित बीडीओ कक्ष में बीडीओ मो०जफर इमाम ने प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति की एक बैठक की। जिलाधिकारी द्वारा पूर्व से निर्धारित तिथि पर आहूत उक्त बैठक में सीओ अमित कुमार, आरओ चंदन चौधरी, सीडीपीओ शशि कुमारी, पीओ मनरेगा रामाकांत दूबे बीसीओ, एलईओ के अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पशुपालन और पंचायती राज इत्यादि विभागों के अधिकारी शामिल हुए। समन्वय समिति के अध्यक्ष बीडीओ ने सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान पीएचईडी विभाग के जेई को उच्च विद्यालय ठकुराई परसियां और पैगा गांव स्थित उच्च विद्यालय के परिसर में खराब पड़े चापकलों की तत्काल मरम्मत का निर्देश दिया गया। साथ ही विद्युत विभाग के जेई को ठकुराई परसियां गांव में गड़बड़ी दूर कर जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल करने का भी निर्देश दिया गया। बीडीओ ने अन्य विभागों के अधिकारियों को भी विशेष दिशा निर्देश दिया।

# दो दिन से लापता युवक का शव पुलिस ने पथला पुल से की बरामद





**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** कोचस थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय उच्च पथ पर स्थित पथला पुल के समीप से पुलिस ने दो दिन पूर्व लापता एक 19 वर्षीय युवक का शव मंगलवार को बरामद की है। पुलिस ने युवक की पहचान कैमूर जिले के कुदरा थाना के गंगवलिया निवासी हरि गोविंद राम का 19 वर्षीय पुत्र नीरज राम के रूप में की है। मिली जानकारी के अनुसार मृत युवक अपने नाना के घर नौवां निवासी स्वर्गीय बहादुर राम के यहां आया यदा कदा आया जाया करता था। युवक रविवार की संध्या नाना के घर आया था। यही से दो दिन पूर्व लापता हुआ तो लौटकर अपने के घर नहीं लौटा। रिश्तेदार खोजबीन कर रहे थे।लेकिन युवक का अता पता नहीं चला रहा था। जिसकी जानकारी उन रिश्तेदारों ने दिनारा थाने को दी थी । मगंलवार की अहले सुबह सड़क के तरफ टहलने निकले ग्रामीणो ने पुल के समीप आहर मे पड़े शव को देख इसकी सूचना फौरन कोचस थाने को दी। तभी कोचस थाना अध्यक्ष अमोद कुमार ने उक्त घटनास्थल पर पहुंच युवक के शव को पानी से बाहर निकाल पोस्टमार्टम के लिए दिनारा पुलिस को सौंप दी । हालाकि पुलिस की मुताबिक मृत युवक के सर व गले मे गहरे चोट की निशान है। इस संदर्भ में दिनारा थाना अध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि युवक के रिश्तेदार के तरफ से लापता की आवेदन थाने मे दी गयी थी। जिसमें पुलिस ने मंगलवार के अहले सुबह शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद युवक की कैसे मौत हुई है इसका पुलिस खुलासा करेगी। उन्होंने यह भी बताया कि युवक के पास से मोबाइल बरामद की गई है जिसको पुलिस अनुसंधान के लिए भेज दिया है।इस मामले में पुलिस कई ऐंगल से मामले की छान बीन कर रही है।

## पंचायतों में जन कल्याण शिविर का आयोजन किया जाना है



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज (रोहतास)।** नासरीगंज जिलाधिकारी के निर्देश पर प्रखंड के पंचायतों में जन कल्याण शिविर का आयोजन किया जाना है। जिसके तहत एक नवंबर को धनाव पंचायत से शुरू किया जाएगा। उसके बाद दो नवंबर को खिरियांव पंचायत में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया जाएगा दोनो पंचायतों में पंचायत सरकार भवन पर जनकल्याण शिविर लगाया जाएगा। इसके पूर्व इन दोनों पंचायतों में प्रखड स्तरीय नोडल पदाधिकारियों एवं कर्मियों को वार्ड वार सर्वे करने के लिए प्रतिनियुक्ति किया गया है। ईन नोडल पदाधिकारियों एवं कर्मियों के द्वारा पंचायत के सभी वार्डो में घर-घर जाकर वार्डवार मूलभूत सरकारी सेवाओं एवं योजनाओं से संबंधित सर्वे करेंगे। सर्वे के उपरांत जो भी समस्याएं आएंगी उन समस्याओं के निष्पादन के लिए धनाव पंचायत में एक नवंबर व खिरिआंव पंचायत में दो नवंबर को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मोहम्मद जफर इमाम व अंचलाधिकारी अमित कुमार की उपस्थिति में जनकल्याण शिविर का आयोजन कर लोगों की समस्याओं का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया जाएगा। बीडीओ मोहम्मद जफर इमाम ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर एक नवंबर को धनाव पंचायत में और दो नवंबर को खिरियांव पंचायत में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया जाएगा। जनकल्याण शिविर के आयोजन के पूर्व दोनो पंचायतों में वार्ड वार प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी व कर्मियों को नियुक्त की गई है। इन अधिकारियों व कर्मियों के द्रारा वार्ड वार घर घर घूम घूम कर सर्वे किया जाएगा। इस दौरान जो लोग सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं से अच्छादित नही है उन लोगो को सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं से अच्छादित किया जाएगा प्रत्येक लोगो को सरकार के जनकल्याणकारी योजना का लाभ मिले इसके लिए सरकार कटिबद्ध है।

## विद्युत कनेक्शन कटने के पश्चात जलाना पड़ा महंगा



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** बिलिंग गुणवत्ता एवं बकायेदार उपभोक्ताओं की जांच को लेकर कनीय विद्युत अभियंता, सूर्यपूरा प्रदीप कुमार प्रजापति के नेतृत्व में एक जांच दल का गठन किया गया। ऊक्त दल द्वारा पंचायत-शिओबहार के ग्राम-कवई में पहुंच बकायेदार उपभोक्ताओं जांच किया गया। बताते चलें कि विद्युत विपत्र की राशि बकाया रहने के कारण विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर विद्युत कनेक्शन काट रही है परंतु कुछ उपभोक्ताओं द्वारा बिना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा किये अवैध रूप से तार जोड़कर विद्युत ऊर्जा की चोरी करने लग रहे हैं। इसी बीच ग्राम-कवई के उपभोक्ता का बकाया पर विद्युत कनेक्शन कटने के पश्चात अवैध रूप से तार जोड़कर बिजली जलाने को लेकर रामदुलार सिंह, पिता-जगबली सिंह पर 7762 रुपये दंडित राशि लगाई गई है। आगे बताते चले कि श्री सिंह पर पूर्व से विद्युत विपत्र के मद में बकाया राशि 23583 था तथा दंडित राशि 7762 दोनों को समायोजित करने के पश्चात 31345 रुपये राजस्व की क्षति लगाई गई है। सहायक विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि जिनका बकाया पर लाइन कटा हुआ है वो अपना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा करने के पश्चात ही विद्युत ऊर्जा का उपभोग करें एवं अनावश्यक होने वाली परेशानियों से बचें साथ ही साथ उपभोक्ताओं से यह भी आग्रह की गई है कि जो उपभोक्ता मीटर बाईपास कर विद्युत ऊर्जा की चोरी कर रहे हैं वह दुरुस्त कर लें तथा जो व्यक्ति बिजली का कनेक्शन नहीं लिए हैं वह कनेक्शन ले लें अन्यथा पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# भरत ने भगवान राम को सौंपी राजगद्दी, जय श्री राम के जय घोष से गूंज उठा वातावरण



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता अनिल कुमार सिंह, आरा। भोजपुर।** नगर रामलीला समिति के तत्वाधान में सोमवार को राम राजगद्दी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राम राजगद्दी कार्यक्रम का शुभारंभ नगर रामलीला समिति की अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह समेत अन्य लोगो ने भगवान के स्वरूपों की आरती उतार कर की गई। बताया जाता है की लंका पर विजय प्राप्त करने के बाद भगवान राम, लक्ष्मण, माता सीता, लंका के राजा विभीषण, वानर राज सुग्रीव, भक्त हनुमान एवं जामवंत आदि के साथ वापस अयोध्या पहुंचे। भगवान राम के स्वागत में अयोध्या नगरी को खुबसूरत ढंग से सजाया गया। घर-घर मंगल गीत गाए गए। भगवान राम, लक्ष्मण और माता सीता की अयोध्या के बाहर अगवानी कर रहे भरत अपने साथ लेकर राजमहल पहुंचे, तब गुरु वशिष्ठ की आज्ञा से भरत ने भगवान राम को पुनः राजगद्दी सौंप दिया। सारी अयोध्या नगरी में भगवान राम की जय जयकार होने लगी। इस अवसर पर संरक्षक डॉ. कुमार द्विजेंद्र, सचिव शंभूनाथ प्रसाद, कोषाध्यक्ष मदन प्रसाद, उपाध्यक्ष शंभू केसरी, सह कोषाध्यक्ष विष्णु शंकर, समिति के वरीय सलाहकार मेजर राणा प्रताप सिंह, डी. राजन, कृष्ण कुमार (पत्रकार), संजीव कुमार पांडेय, अश्विनी कुमार, अवधेश कुमार पांडेय, राम कुमार, चौधरी सुरेश सिंह, योगेन्द्र सिंह, राजेश कुमार, जय प्रकाश उर्फ बुटाई जी, संजीव सिन्हा, ओपी कश्यप, अनिल राज, निर्मल सिंह, कन्हैया जी, मिथलेश कुमार, राकेश कुमार (शिक्षक), संतोष कुमार सिंह (सचिव, बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ), राकेश कुमार 'धन्नू', मनोज सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, प्रमोद कुमार, नवीन प्रकाश, संतोष कुमार चंद्रवंशी, अशोक कुमार मिश्रा के अलावे समिति के सभी संरक्षक मंडल, तेजस एवं सनातनी सेना के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### गुम हुआ मोबाईल सुपुर्द किया वास्तविक धारक को



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, बिक्रमगंज/रोहतास।** बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत कछवां थाने की पुलिस द्वारा पूर्व में गुम हुए एक मोबाइल फोन को उनके वास्तविक धारकों को सुपुर्द किया गया। मोबाइल पाकर धारक काफी खुश हुए। थानाध्यक्ष मितेश कुमार के अनुसार ऑपरेशन मुस्कान के तहत खोया हुआ एक मोबाइल फोन उनके धारकों की पहचान करने के बाद उन्हें मोबाइल दे दिया गया। खीरीआव निवासी प्रफुल कुमार पिता बिरेन्द्र सिंह अपना खोया हुआ मोबाइल देख बड़ा खुश हुए, और पुलिस के प्रति आभार जताते हुए खुशी जाहिर की। मोबाईल पाकर ख़ुशी से झूम रहें धारक ने थानाध्यक्ष सहित अन्य पुलिसकर्मियों को तहे दिल से बधाई दिया। कहा की पुलिस की कार्य काबिले तारीफ हैं जो दिन रात मेहनत कर हमलोगो को सुकून भरा पल देते हैं।

### ऑपरेशन मुस्कान के तहत कछवां व काराकाट थाने की पुलिस ने वास्तविक धारकों को खोया हुआ मोबाइल सौपा



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत कछवां एवं काराकाट थाने की पुलिस ने चार लोगों के चेहरे पर मुस्कान बिखेरी । दरअसल दोनों थानों की पुलिस ने कुल चार मोबाइल रिकवर कर लोगों को लौटाया । इस दौरान खोई हुई मोबाइल वापस मिलने के बाद लोगों के चेहरे पर एक अलग ही मुस्कान देखने को मिली । लोग अपने मोबाइल को पाने के बाद कछवां एवं काराकाट पुलिस को धन्यवाद कह रहे थे । वही करूप बाजार से चोरी हो चुका प्रवीण कुमार का रियल मी नौ 5 जी का एसआई राज कुमार सिंह के हाथों पाते ही अलग ही खुशी देखने को मिली । इसके अलावे काराकाट साइबर सेल प्रभारी अंजली कुमारी ने बताया कि इसके अतिरिक्त दो और मोबाइल फोन को रिकवर किया है ।दूसरा सिकरिया निवासी मनीष कुमार का वीवो वायी 20 व तीसरी किसुआड़ी निवासी गोरखनाथ सिंह का रियल मी नारजो को भी जल्द सौपी जाएगी । आगे भी ऐसे चोरो पर कड़ी नजर रखी जायेगी , मोबाइल रिकवरी की तादाद बढाई जाएगी । तो वहीं दूसरी ओर कछवां थानाध्यक्ष मितेश कुमार के अनुसार थाना क्षेत्र के खिरियांव निवासी प्रफुल्ल कुमार को स्थानीय थाना के महिला सिपाही के द्वारा वास्तविक धारकों को खोया हुआ मोबाइल सौपा गया ।

### 148 वीं जयंती पर याद किए गए लौह पुरुष सरदार पटेल



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** संझौली शिव सरोवर तलाब पर मंगलवार को पटेल सेवा संघ के अध्यक्ष राहुल राणा की अध्यक्षता में 148वीं लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान दर्जनों सदस्यों ने सरदार पटेल अमर रहे, अमर रहे नारो के साथ उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर याद किया। राष्ट्रीय एकता, अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया। जयंती के मौके पर प्रखंड प्रमुख समीरचन्द, पैक्स अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष राजेश पटेल, जिला जदयू नेता प्रमोद पटेल, राहुल राणा, अनु पटेल, आकाश पटेल, दिलीप कुमार, पवन पटेल व मंटू पटेल ने उनके चित्रण पर प्रकाश डाला। कहा कि सरदार पटेल ने राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य किया। उन्होंने अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति के बल पर रियासतों को भारत संघ में मिलाया। इसी वजह से देश की पहचान अनेकता में एकता के रूप में की जाती है। उन्होंने समर्पण की भावना से अपने कर्तव्य और दायित्व का निर्माण करते हुए देश के विकास और एकता का महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हम सभी को उनके व्यक्तित्व व कृतित्व से सीख लेते हुए अपने कर्तव्य को लगन, निष्ठा और समर्पण भाव के साथ अमल करना चाहिए।

### पुलिस ने खोए हुए मोबाइल को मोबाइल धारक को सौंपा



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज(रोहतास)।** नासरीगंज थाने की पुलिस द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत खोए हुए मोबाइल फोन को बरामद कर दो मोबाइल धारक को सौंपा गया। बताते चलें कि एसपी के निर्देश पर जिले के सभी थाने में ऑपरेशन मुस्कान चलाया जा रहा है। ऑपरेशन मुस्कान का मुख्य उद्देश्य है कि खोए हुए या चोरी हुए जितने भी एंड्रॉयड मोबाइल फोन हैं जिसका थाने में आवेदन दर्ज हुआ है उसको जल्द से जल्द बरामद कर मोबाइल धारक को सौपना है। उसी ऑपरेशन मुस्कान के तहत नासरीगंज थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के दो लोगों का खोया हुआ मोबाइल फोन बरामद कर ऑपरेशन मुस्कान के तहत बाद में मोबाइल के स्वामियों की पहचान कर थानाध्यक्ष सुधीर कुमार और एसआई सुबोध कुमार ने थाना परिसर में उन्हें आमंत्रित कर मोबाइल फोन उन्हे सौंपा। जिनमे मोबाइल धारक थाना क्षेत्र के नगर पंचायत वार्ड दो के निवासी मोहम्मद इस्लाम अली के (रियलमी नार्जो 10) और शम्स तबरेज के (रेडमी 7)शामिल हैं। अपने खोये मोबाइल फोन वापस पाकर दोनो मोबाइल धारकों में काफी उत्साह है। और इसके लिए लोग एसपी और नासरीगंज थाने की पुलिस की सराहना कर रहे हैं। वहीं थानाध्यक्ष ने कहा कि मोबाइल फोन खो जाने या चोरी होने पर तत्काल इसकी सूचना और विस्तृत जानकारी थाने को दें। ताकि उनके मोबाइल फोन का सुराग पाया जा सके। और फोन को ढूंढ कर उन्हें सही सलामत फोन वापस दिया जा सके। मौके पर एसआई कटिया मुर्मू उपस्थित थे।

जयंती | जयंती नोखा के काली मंदिर प्रांगण में पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई गई

# लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 148वां जयंती समारोह संपन्न



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** नोखा नगर परिषद में भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के बैनर तले भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष सुशील कुमार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय एकता के प्रतिक लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती नोखा के काली मंदिर प्रांगण में पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई गई संचालन ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष नवीन चंद्र शाह ने किया धन्यवाद ज्ञापन नगर अध्यक्ष मनोज चंदेल ने किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधान पार्षद निवेदिता सिंह मुख्य वक्ता पूर्व विधायक जवाहर प्रसाद सिंह उपस्थित रहे। साथ में जिला महामंत्री विजय सिंह, प्यारेलाल ओझा, जिला उपाध्यक्ष पंकज सिंह, सत्येंद्र सिंह जिला मंत्री संध्या श्रीवास्तव,रेशमा पटेल , ओबीसी प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश चौहान, विस्तारक राम प्रकाश पांडेय, अमित टीका धारी, बिहारी गुप्ता, राजपुर मंडल अध्यक्ष दीपक गुप्ता ,जितेंद्र सिंह बिंदेश्वरी सिंह, उमाशंकर गुप्ता ,जवाहर चौरसिया, इंद्रजीत सिंह रामप्रवेश शाह, कौशल राज ,कृष्ण लाल बनारसी, उमेश पासवान ,सुनील राय, सनी चौरसिया अजय राय, चंदेश्वर चौहान ,उमेश चौहान, गौतम गुप्ता ,संतोष राम, विश्वनाथ पटेल के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे कार्यक्रम में उप मुखिया रिंकू पटेल को पार्टी की सदस्यता जिला अध्यक्ष सुशील कुमार एवं विधान पार्षद निवेदिता सिंह ने दिलाई मुख्य अतिथि विधान पार्षद निवेदिता सिंह ने सरदार पटेल की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरदार पटेल ने 563 रियासतों को एक-एक कर तथा 14 राज्य और 6 केंद्र शासित प्रदेश को एक कर अखंड भारत का निर्माण किया जिसके कारण गांधी जी ने उनको लोह पुरुष की उपाधि दी जिला अध्यक्ष सुशील कुमार ने कहा कि सरदार पटेल ने जिस तरह अखंड भारत का निर्माण किया वैसे ही यह यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी राष्ट्र के निर्माण में शिल्पकार की भूमिका निभा रहे हैं पूर्व विधायक जवाहर प्रसाद ने सरदार पटेल की जीवनी पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला और उनकी शैली को अपनाने में नरेंद्र मोदी भारत को विकसित देश के रूप में विस्तार कर रहे हैं जिला एवं मंडल से आए हुए भी पदाधिकारी ने सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जीवनी पर प्रकाश डालें।

# आंगनबाड़ी कर्मियों ने मांगों के समर्थन में सीडीपीओ कार्यालय के समक्ष धरना दिया



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज (रोहतास)।** नासरीगंज बिहार आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के आह्वान पर जिलाध्यक्ष सह प्रखंड अध्यक्ष सुनिता सिंह के नेतृत्व में आंगनबाड़ी कर्मियों ने अपनी पांच सूत्री मांगों के समर्थन में प्रखंड मुख्यालय के समीप स्थित सीडीपीओ कार्यालय के समक्ष धरना दिया। इस दौरान लोगों ने जमकर सरकार विरोधी नारे भी बुलंद किये। धरनार्थियों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगे नहीं स्वीकार नहीं की गईं तो आगामी लोकसभा चुनाव में हम वोट का चोट देकर सरकार को सत्ता से बाहर कर देंगे। लोगों ने बताया कि यह धरना आगामी चार दिनों तक चलेगा। इनकी प्रमुख मांगों में केंद्र सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारी का दर्जा देते हुए आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका को क्रमशः ग्रेड सी और ग्रेड डी में समायोजित करने, और समायोजित होने तक सेविका को पच्चीस हजार और सहायिका को अठारह हजार मानदेय देने, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में बिहार में भी ग्रच्यूटी भुगतान किया जाना, बिहार सरकार द्वारा अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि दस हजार सुनिश्चित किया जाना, योग्य सहायिका को सेविका पद पर बहाली हेतु दस बोनस अंक देने का प्रावधान लागू करने, पर्यवेक्षिका और सेविका सहायिका के रिक्त पदों पर अविलंब बहाली करने और 16 मई 2017 एवं 20 जुलाई 2022 के समझौते के आलोक में लंबित मांगों को लागू किया जाना इत्यादि शामिल हैं। मौके पर संघ की प्रखंड उपाध्यक्ष आफताब बानो, दुर्गा देवी, सरिता देवी, मनीता देवी, पूजा कुमारी, कुंती कुमारी, मधु कुमारी, राम कुमारी, माया देवी, अजमेरी खातून प्रभावती देवी, सोनी कुमारी, दुर्गावती देवी, यासमीन परवीन, रूबी खातून, नीतु कुमारी, शिवकांती देवी, सीमा परवीन, आशा और सुनिता देवी इत्यादि उपस्थित थीं।

## ख़ास ख़बर

### चैनपुर प्रशासन द्वारा शराब तस्कर को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायिक हिरासत में



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, चैनपुर (कैमूर)**। थाना क्षेत्र के उदयरामपुर गांव से शराब तस्करी मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जीस संदर्भ में चैनपुर थाना अध्यक्ष रणवीर कुमार ने बताया किया सोमवार शाम गुप्त सूचना मिला की थाना क्षेत्र अंतर्गत उदयरामपुर गांव में राजभोर पटेल पिता सत्यदेव पटेल और दूसरा कंचन राय पिता स्वर्गीय राम बृक्ष राय उदारामपुर। से शराब की घर में बिक्री कर रहा है। जहा सूचना को पाते ही थाना अध्यक्ष ने पुष्टि के लिए गस्ती दाल के एसआई शैलेश कुमार को जाने के लिए निर्देशित किए गस्ती दल ने पुलिस बल के साथ उदयरामपुर पहुंचते ही राजभर पटेल के पास से 15 किलो देसी महुआ शराब बरामद किया गया वही एक को गिरफ्तार कर पुलिस दूसरे के घर पहुंच तो पुलिस की गाड़ी को देखते हैं तस्कर कंचन राय ने भागने की कोशिश किया लेकिन जिला पुलिस के जवानों ने उसको गिरफ्तार कर । घर की तलाशी लिया गया तो उसके घर से 20 लीटर देसी महुआ शराब बरामद किया गया चैनपुर प्रशासन ने मध निषेद के विरुद्ध लगातार छापेमारी किया जा रहा है। वही दोनों तस्कर को गिरफ्तार कर चैनपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मे मेडिकल जांच करा कर भभुआ न्याईक हिरासत में भेज दिया गया।

### चिकित्सा पदाधिकारी ने स्वास्थ्य कर्मियों के साथ की बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास**। आगामी 6 नवम्बर को राजपुर में प्रस्तावित जिलाधिकारी के जनसंवाद कार्यक्रम को ले स्थानीय पीएचसी में मंगलवार को चिकित्सा पदाधिकारी सतीश कुमार की अध्यक्षता में स्वास्थ्य कर्मियों की बैठक आयोजित की गई । जिसमें स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की गई । बैठक में उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को समय से अस्पताल आने का चिकित्सा पदाधिकारी ने निर्देश दिया । जिलाधिकारी के प्रस्तावित जनसंवाद कार्यक्रम को ले स्वास्थ्य विभाग अभी से अपनी तैयारी में जुट गया है । ताकि जब जिलाधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे तो कोई खामियां न दिखाई पड़े ।न ही किसी चिकित्सक या अन्य स्वास्थ्य कर्मी के उपर आम जनता जनसंवाद कार्यक्रम में सवाल खड़ा कर सके । बैठक में डॉ सुशील कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक संदीप कुमार, को - ऑर्डिनेटर नवीन कुमार,एएनएम रीमा कुमारी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे ।

### पिता चलते हैं साइकिल की दुकान और बेटी बनी पदाधिकारी




**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता अनिल कुमार सिंह, आरा। भोजपुर**। चौरसिया साइकिल स्टोर की दुकान चलाने वाले लक्ष्मण चौरसिया की पुत्री कशिश कुमारी ने बीएससी एग्जाम में 67 रैंकिंग प्राप्त की और वह नगर पालिका अधिकारी का पद प्राप्त किया पांच बहन और एक भाई में सबसे छोटी कशिश ने यह कारनामा किया कशिश ने अपनी पढ़ाई बीडी पब्लिक स्कूल से की और ग्रेजुएशन महाराजा कॉलेज से प्रथम श्रेणी में प्राप्त किया उन्होंने अपनी पढ़ाई घर पर रख कर सेल्फ स्टडी के द्वारा किया और उन्होंने ऑनलाइन सोर्सेस का भी प्रयोग किया जिसमें उन्होंने कहा कि इसमें मेरे सीनियर का भी योगदान रहा वह अपनी कामयाबी का श्रेय अपने माता-पिता को और अपने प्रिय जनों के आशीर्वाद को दिया मां सुशीला देवी कशिश की मां है जो गृहणी है बचपन से ही कशिश सिविल सर्विसेज में जाना चाहती थी उन्होंने अपने मेहनत से इस कामयाबी को प्राप्त किया जिससे उनके परिवार और उनके सारे रिश्तेदारों में खुशी की लहर है उन्होंने अपनी कामयाबी से अपने शहर का नाम रोशन किया है।

# ट्रैफिक रेगुलेशन को सुचारू करने को लेकर डीएम ने की बैठक

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)**। जिला पदाधिकारी रोहतास नवीन कुमार की अध्यक्षता में सासाराम शहर में ट्रैफिक रेगुलेशन अर्थात परिवहन के सुचारू संचालन के संबंध में एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिल प्रशासन एवं पुलिस के आरक्षी अधीक्षक विनित कुमार वरीय पदाधिकारियों तथा क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ विस्तृत विमर्श किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी पदाधिकारियों से शहर में जाम की समस्या एवं परिवहन के सुचारू संचालन में आने वाली बाधाओं तथा जाम वाले प्रमुख स्थलों की जानकारी प्राप्त की गई तथा किन कारणों से जाम की समस्या उत्पन्न होती है, उसका जाम का प्रमुख समय क्या है, इन सब के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त की गई। तत्पश्चात जिला पदाधिकारी द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन एवं जिला परिवहन



पदाधिकारी को नगर आयुक्त सासाराम की अध्यक्षता में आज ही एक बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया गया जिसमें ट्रैफिक जाम के प्रमुख स्थलों को चिन्हित का जाम की समस्या के कारगर निदान हेतु विस्तृत कार्य योजना को अबिलंब तैयार करने का निर्देश दिया गया। शहर में यातायात के पीक आवर में भारी वाहनों जैसे ट्रक ,ट्रैक्टर इत्यादि का प्रवेश को रोका जाए एवं इसके लोडिंग एवं अनलोडिंग के कार्य को दिन में न करके रात में करने हेतु योजना तैयार करने के लिए निदेशित किया। पुनः निदेशित किया गया कि ऑटो इत्यादि वाहनों के लिए एक अलग लेन को प्रस्तावित किया जाय। इन सब विषयों को भी कार्य योजना में सम्मिलित करने का निर्देश दिया गया । जिला परिवहन कार्यालय के एनफोर्समेंट को प्रतिदिन ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर नियमानुसार फाइन करने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस एवं ट्रैफिक प्रशासन को सजग रहकर जाम की समस्या को दूर करने हेतु त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया । जिला पदाधिकारी द्वारा स्पष्ट किया गया कि सासाराम में परिवहन व्यवस्था को निर्बाध एवं सुगम बनाने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है। जिला पदाधिकारी के नेतृत्व में एक संयुक्त टीम द्वारा दुर्गा पूजा से पूर्व ही पैदल निरीक्षण कर आकलन किया गया है। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक रोहतास, अपर समाहर्ता रोहतास, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी रोहतास, जिला परिवहन पदाधिकारी रोहतास ,अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम, अनुमंडल पदाधिकारी डेहरी, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी इत्यादि की उपस्थित रहे।

## ओवर लोड वाहनों से क्षतिग्रस्त हो रही ग्रामीण सड़के प्रशासन बेखबर

**दुर्गावती सदर, शुभ भास्कर**। दुर्गावती प्रखंड क्षेत्र से गुजरने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग दो से जुड़ने वाली कई मार्ग सड़को पर इन दिनों गिट्टी पटिया टाइल्स भरी ओवरलोडेड ट्रकों का आवागमन जारी है जिससे ग्रामीण सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही है । आपको बता दें इटही कोट्स नहर मार्ग कुलड़िया होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ती है वही देवहलियाँ मार्ग रामगढ़ बड़ौरा होते हुए गाजीपुर जिला के जमानिया एवं दिलदारनगर क्षेत्र को जोड़ती है ।जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले के खदानों से निकलने वाली गिट्टी पटिया बिहार के साथ साथ उत्तर प्रदेश के क्षेत्र में भी सप्लाई की जाती है । गाड़ियों को वहां से लोड होने वाली गिट्टी राष्ट्रीय राजमार्गों के रास्ते दुर्गावती पहुंचते है और ग्रामीण क्षेत्र के लिंक रोड द्वारा यूपी क्षेत्र के जमानिया एवं दिलदारनगर होते हुए यूपी के दूर दराज क्षेत्र में पहुंच जाता है वही देवहलियाँ रामगढ़ के रास्ते बक्सर एवं कोचस होते हुए मलियाबाग तक पहुंच जाती है। सासाराम के करवादिया क्षेत्र से गिट्टी बंद हो जाने के कारण मिर्जापुर चुनार और अहिरौरा आने वाले गिट्टी का डिमांड यूपी सीमावर्ती बिहार के क्षेत्र में बढ़ गया है जिसके कारण आए दिन ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों से ओवरलोडेड गिट्टी भारी ट्रको की ढुलाई लागत जारी है । जो सड़के ग्रामीण मानको के अनुरूप बनी है उन पर ओवरलोडेड वाहनों से ढूलाई की वजह से ग्रामीण सड़के क्षतिग्रस्त हो रही है जिसका खामियाजा ग्रामीण क्षेत्र लोगों को भुगतना पड़ रहा है और प्रशासन मस्त है ।



## बीपीएससी क्वालीफाई रितेश यादव के गांव पहुंचने के बाद किया गया भव्य स्वागत



**शुभ भास्कर। दुर्गावती कैमुर**। कल्याणपुर गांव के रहने वाले रितेश कुमार यादव 67वीं BPSC ( बिहार लोक सेवा आयोग) में 50वी रैंक से क्वालीफाई होने के बाद पहली बार अपने गांव कल्याणपुर पहुंचे उसी क्रम में दुर्गावती बाजार के दुर्गा मंदिर पहुंचकर मथा टेका ।बाजार में उपस्थित जनप्रतिनिधि और बाजार वासी ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत फूल माला पहनकर की। उनके स्वागत सम्मान के लिए उनके गांव कल्याणपुर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था जिसमें क्षेत्रीय गणमान्य लोग ग्रामवासी और पंचायत के प्रतिनिधि भी फूल माला पहनकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर रितेश कुमार ने कहा कि मेरी ख्वाहिश है कि आने वाली पीढ़ियां और वर्तमान पीढ़ीया को मेरी इच्छा है कि कम से कम सीख ले और हमसे भी ज्यादा आईएएस आईपीएस राष्ट्रीय खेल या कोई रिसर्च में अपना नाम रोशन करें इसके लिए मैं लोगों का मनोबल बढ़ता रहूंगा और यथा संभव सहयोग करता रहूंगा। इस अवसर पर माता-पिता के साथ-साथ बहुजन समाज पार्टी के युवा नेता सतीश यादव जिला पार्षद दीपक यादव और पूर्व मुखिया संजीवन साह सहित कई अन्य सामाजिक संगठन के लोग सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

### सरदार पटेल का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा : विकास सिंह

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**। थाना पूरा कलंदर के अबनपुर चौराहे स्थित बनके गांव में आरएन पब्लिक स्कूल में भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 148वीं जयंती समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन आयोजक राम चंदर वर्मा, अजीत वर्मा, सुजीत वर्मा ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्रजनाथ पटेल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष कबड्डी संघ विकास सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । देश के पहले गृहमंत्री भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। मुख्य अतिथि कबड्डी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से मजदूर की मौत

**शुभ भास्कर मोहनिया कैमुर**। रामगढ़ मोहनिया पथ पर मंगलवार की सुबह थाना क्षेत्र के डड़वा में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति घायल हो गया आसपास मौजूद लोगों की सहायता से मोहनिया के अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहां इमरजेंसी मौजूद चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया लेकिन रास्ते में ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह रामगढ़ मोहनिया पथ पर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से डड़वा वार्ड 3 निवासी दुबरी बिंद के पुत्र शिव बसंत बिंद की मौत हो गई।वही मृतक मोहनिया किसी काम के लिए जा रहे थे।इसी दौरान डड़वा ओभर ब्रिज के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए आस पास मौजूद लोगो की सहयाता से जख्मी



व्यक्ति को अनुमंडल अस्पताल लाया गया जहा प्राथमिकी उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया लेकिन रास्ते में ही दम तोड़ दिया, परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक की तीन नाबालिक बेटियां हैं जिनकी पालन पोषण मजदूरी करके चलता था परिवार के ऊपर बहुत भारी संकट आ पड़ी है।घटना की सूचना पर स्वजन अस्पताल पहुंचे।घटना की सूचना जैसे ही कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह को हुई अनुमंडल अस्पताल पहुंचकर स्वजनों को सांत्वना दी।और सरकार से मिलने वाली सहायता दिलवाने का आश्वासन दिया।

### इंटरमीडिएट की सेंट अप परीक्षा हुई शुरू



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, दावथ/रोहतास**। दावथ प्रखंड क्षेत्र के जे पी के इंटर कॉलेज बभनौल ,प्रिंसिपल बीपीकॉलेज सेमरी ,रामप्यार सिंह उच्च विद्यालय कवई,जगनारायण प्लस टू विद्यालय कोआथ ,प्रोजेक्ट बालिका प्लस टू विद्यालय दावथ, जगदयाल प्लस टू विद्यालय डेढगांव सहित सभी प्लस टू विद्यालय में इंटरमीडिएट की सेंटर परीक्षा शुरू हो गई है। यह परीक्षा 6 नवंबर तक चलेगी।प्लस टू विद्यालय कोआथ के प्रधानाचार्य राजेश रंजन चौधरी ने बताया कि परीक्षा दो पालियां में ली जा रही है। परीक्षा कदाचार मुक्त हो रही है परीक्षा में सभी छात्राएं शामिल हैं। वही जेपी के इंटर कॉलेज के परीक्षा नियंत्रक चारों धाम मिश्रा ने बताया कि परीक्षा में सभी छात्र छात्राओं को शामिल होना अत्यंत अनिवार्य है। यदि कोई छात्र परीक्षा में शामिल नहीं होते हैं तो ऐसे छात्रों का रिजल्ट विद्यालय जमा नहीं करेगा ।जिससे वैसे छात्र 2024 की इंटरमीडिएट परीक्षा देने से वंचित रह जाएंगे। मौके पर जे पी के इंटर कॉलेज के सचिव डॉ प्रकाश चतुर्वेदी, प्राचार्य बिकी चौबे, शिक्षक दिनेश पांडेय शिव शंकर दुबे, मिथिलेश चौधरी अनिल कुमार गिरी, राजू रंजन दुबे, सहित कई लोग उपस्थित थे। वही प्लस टू विद्यालय कोआथ में, शिक्षक सतीश पांडेय, लाल जी पासवान, संतोष रंजन , शिक्षिका आभा कुमारी, की देखरेख में परीक्षा संचालन हो रही है।

### विद्युत विभाग ने 26 बकाएदार उपभोक्ताओं पर भेजी लीगल नोटिस एवं कर रही है सर्टिफिकेट केस की कार्रवाई

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास**। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमण्डल, बिक्रमगंज अंतर्गत सभी प्रशाखाओं में राजस्व वसूली को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है, जिसमे बिजली चोरी को लेकर जुर्माना एवं प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। बकायेदार उपभोक्ताओं के विरुद्ध विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई करते हुए विद्युत कनेक्शन काटा जा रहा है। पूर्व में जो बकायेदार उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटा गया था एवं अब तक बकाए राशि का भुगतान नहीं किया गया है उन पर नीलामवाद दायर की जा रही है। सहायक विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया कि नगर परिषद बिक्रमगंज क्षेत्र के उपभोक्ताओं पर नीलामवाद दायर करने हेतु लीगल नोटिस भेजी गई है। निबंधित डाक से भेजी गई नोटिस में के धनगाई के रामायण सिंह, सुदर्शन सिंह, वशिष्ठ राम, मनेजर राम, मनबोध नगर के रफी खान, गुलजारबाग के मंगरा देवी, शमशाद हुसैन, श्रीनिवास राम, राज कुमार राम, आस्कामनी नगर के धनंजय राय, थाना चौक के महंगू खान, जमीला खातून, डफ़लडीह के सोबराती मंसूरी, गायत्री नगर के अंजू देवी, सिकरिया के उमेश सिंह, नासरीगंज रोड के कुमार भवेश सिंह, सासाराम रोड के मो० समीम हुसैन, तेंदुनी के ओम प्रकाश शर्मा, प्रमिला देवी, राम नवमी सिंह, ज्योति निरंजन, संतोष साह, ढिबरा के भगवान सिंह, गोसाई मोहल्ला के बच्चु लाल गिरी, कृष्णा नगर के भगवानदास सिंह, गौतमनगर के अरविन्द ठाकुर, का नाम शामिल है। ऊक्त उपभोक्ताओं का विद्युत संबंध कटने के बाद भी बकाया राशि जमा नही करने के कारण बिहार और उड़ीसा लोक मांग वसूली अधिनियम, 1914 के तहत नीलामवाद दायर किया जा रहा है। आगे बताते चले कि सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया कि जो भी उपभोक्ताओं का बकाया राशि रहने के कारण विद्युत कनेक्शन काटा जाता है तो सक्षम प्राधिकारी से किस्तीकरण कराने के पश्चात बकाया राशि एवं पुनः विद्युत संयोजन शुल्क जमा करने के पश्चात विद्युत का उपभोग करे एवं अनावश्यक होने वाली परेशानियों से बचें।

### बुखार से न घबराएं, सही ट्रीटमेंट कराएं

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**। इन दिनों होने वाले बुखार के ज्यादातर मामले वायरस के हैं, लेकिन मलेरिया, निमोनिया, टायफायड के अलावा कुछ मामले डेंगू के भी सामने आ रहे हैं। ऐसे में कई तरह के बुखारों की पहचान और उसके मुताबिक इलाज की जरूरत होती है। सहारा क्लीनिक में डॉ. जावेद अहमद के मुताबिक, 100 डिग्री फॉरेनहाइट तक बुखार में दवा की जरूरत नहीं होती, लेकिन बुखार इसी रेंज में 4-5 या ज्यादा दिन तक बना रहे या बढ़ जाए तो फौरन डॉक्टर के पास जाएं। 102 डिग्री फॉरेनहाइट तक बुखार है और कोई असामान्य लक्षण नहीं हैं तो मरीज की देखभाल घर पर ही कर सकते हैं। उसके शरीर पर सामान्य पानी की पट्टियां तब तक रखें, जब तक तापमान कम न हो जाए। "मरीज को हर छह घंटे में पैरासिटामॉल की एक गोली दे सकते हैं। यह क्रोसिन, कालपोल आदि ब्रैंड नेम से मिलती है। यह बुखार की सबसे सेफ दवा है। दूसरी कोई गोली डॉक्टर से पूछे बिना न दें, खासकर कॉम्बिफ्लेम, ब्रूफेन या एस्प्रीन न लें, क्योंकि अगर डेंगू है तो इनसे प्लेटलेट्स कम हो जाएंगे। 10 साल तक के बच्चों को हर चार घंटे में 1 मिली लीटर प्रति किलो वजन के अनुसार दवा दे सकते हैं। दो दिन तक बुखार ठीक न हो तो डॉक्टर के पास ले जाएं।मरीज को वाइरल है तो उससे थोड़ी दूरी बनाए रखें और उसकी इस्तेमाल की गई चीजें इस्तेमाल न करें। मरीज को पूरा आराम करने दें, खासकर तेज बुखार में। आराम भी बुखार में इलाज का काम करता है। मरीज छींकने से पहले नाक और मुंह पर रुमाल रखें। इससे वाइरल होने पर दूसरों में नहीं फैलेगा। ध्यान रखें कि वह अपने हाथ भी अच्छी तरह से साफ करें।बच्चे को वाइरल है तो स्कूल न भेजें। इससे बीमारी दूसरे बच्चों में नहीं फैलेगी। मरीज के कमरे में ताजा हवा आने दें। एसी का तापमान 23-24 डिग्री के आसपास रखें। मरीज हल्के गुनगुने पानी से नहा ले तो बेहतर है। फ्रेश लगेगा।कब जाएं डॉक्टर के पास? गोसाईगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. अमरदीप सिंह मुताबिक, बुखार अगर 102 डिग्री से ज्यादा है या कम बुखार में भी उलटी, दस्त, चक्कर, सिर, आंखों, बदन या जोड़ों में दर्द जैसे लक्षणों में से कोई भी लक्षण है, तो फौरन डॉक्टर के पास जाएं। इसे एंट्री फीवर और मियादी बुखार भी कहते हैं। यह सैल्मोनेला बैक्टीरिया से होता है, जिससे आंत में जख्म (अल्सर) हो जाता है और इस वजह से बुखार होता है। यह बुखार आमतौर पर धीरे-धीरे बढ़ता है। पहले दिन में, फिर थोड़ा तेज और धीरे-धीरे बढ़ता जाता है। टायफायड खराब पानी से फैलता है। टायफायड वैक्सीन लगी होने के बावजूद यह बुखार हो सकता है, साधारण डेंगू बुखार का इलाज घर पर ही हो सकता है। मरीज को पूरा आराम करने दें। हर छह घंटे में पैरासिटामोल दें और पानी और तरल चीजें पिलाएं। अगर डेंगू हैमरेजिक फीवर या शॉक सिंड्रोम का लक्षण (मसूढ़ों या पॉटी में खून, स्किन पर गहरे नीले चकत्ते, चक्कर) दिखाई दे तो मरीज को फौरन डॉक्टर के पास ले जाएं।

**ध्यान रखें**: टायफायड के अलावा किसी और बुखार में एंटीबायोटिक की जरूरत नहीं होती। कभी-कभी वाइरल के साथ इन्फेक्शन होने पर भी एंटीबायोटिक दी जाती हैं, लेकिन ऐसा सिर्फ डॉक्टर के कहने पर करें। खुद एंटीबायोटिक न लें। ज्यादा एंटीबायोटिक लेने से शरीर इम्यून हो जाता है और शरीर के गुड बैक्टीरिया भी मर जाते हैं। वाइरल में तीन दिन का रेस्ट जरूर करें। डेंगू मादा एडीस इजिप्टी मच्छर के काटने से होता है। कितने दिन रहता है। 5 से 10 दिन तक। इसके लक्षण ठंड लगने के बाद तेज बुखार, तेज सिरदर्द, आंखों के पीछे दर्द, कमजोरी, उलटी, पेट दर्द, चक्कर, स्किन का लाल होना डॉक्टर के मुताबिक एंटीजन ब्लड टेस्ट (एनएस 1) और डेंगू सिरॉलजी। एनएस1 पहले दिन ही पॉजिटिव आ जाता है, लेकिन धीरे-धीरे पॉजिटिविटी कम होने लगती है। 4-5 दिन बाद टेस्ट कराते हैं तो एंटीबॉडी टेस्ट (डेंगू सिरॉलजी) कराना बेहतर है।

फुटबॉल | 5 नवंबर तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में बिहार के पांच जिलों की टीमों क भाग ले रही

# 71वां राज्य स्तरीय मोइनुल हक फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू,हुआ उद्घाटन

**शुभ भास्कर मोहनिया कैमुर**। 71 वीं बिहार राज्य मोइनुल हक फुटबॉल टूर्नामेंट मंगलवार से मोहनिया में शुरू हुआ।जो 5 नवंबर तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में बिहार के पांच जिलों की टीमों क भाग ले रही हैं।टूर्नामेंट का उद्घाटन स्थानीय जगजीवन मैदान में एसडीएम राकेश कुमार सिंह,आयोजक प्रिंस सिंह,अभय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किए।इस अवसर पर अपने उद्घाटन संबोधन में एसडीएम राकेश कुमार सिंह ने कहा कि आज मोबाइल और इंटरनेट के युग में लोग फिजिकल स्पोर्ट्स की दुनिया से दूर होते जा रहे हैं।फिजिकल एवं आउटडोर स्पोर्ट्स स्वास्थ्य और समाज के लिए बेहद जरूरी है।फुटबॉल जैसे आयोजन हमारे स्वास्थ्य और समाज की बेहतरी के लिए प्राणवायु की तरह हैं।उन्होंने युवाओं और बच्चों को इस तरह के खेल अभिरुचि लेने का भी आह्वान इस अवसर पर किया।इससे पहले आयोजन समिति की ओर से मुख्य अतिथियों समेत तमाम अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्हें मोमेंटो भी प्रदान किए गए। तत्पश्चात मुख्य अतिथियों ने मैदान में स्पोर्ट्स ध्वज फहराए एवं मंगलवार को उद्घाटन मैच के लिए मैदान में एकत्रित टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।उद्घाटन फुटबॉल टूर्नामेंट में अरवल और जहानाबाद टीमों के बीच खेला जा रहा है।जिसमे पहले मैच में अरवल बनाम जहानाबाद प्रथम मैच 0-0 पर समाप्त हुआ। दूसरा मैच पटना बनाम रोहतास पटना 2 -0 से विजयी रहा। उद्घाटन समारोह में पूर्व जिला पार्षद असलम अंसारी इम्तियाज अहमद मनोज कुमार फुटबॉल सेक्रेटरी धीरेंद्र सिंह,कैमूर फुटबॉल संघ अध्यक्ष शंकर सिंह सचिव कैमूर फुटबॉल संघ आदि मौजूद थे।



## भभुआ में मनाया गया सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर कैमूर, (कैमूर) भभुआं**। भभुआं में पटेल चौक पटेल जी के मूर्ति के सामने सरदार वल्लभ भाई पटेल का 31 अक्टूबर 1875-15 दिसंबर 1950 कि 148 वीं जयंती मनाई गई जिसकी अध्यक्षता बद्रीनाथ सिंह एवं संचालन रामजी सिंह के द्वारा किया गया। इस जयंती में उपस्थित उद्घाटन करता बिहार सरकार अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद जामा खां, मुख्य अतिथि भभुआ विधानसभा विधायक भरत बिंद, मोहनिया विधानसभा विधायिका संगीता कुमार , भभुआ पूर्व विधायक सह जदयू जिला अध्यक्ष डॉ प्रमोद सिंह, विशिष्ट अतिथि कमला सिंह आदि अतिथियों ने पटेल जी के विचारों संघर्षशील कार्यों पर चर्चा किए, पटेल जी एक भारत का बड़े राजनीतिज्ञ अधिवक्ता एवं प्रथम उप प्रधानमंत्री के पद पर रहकर कार्य किए, उन्होंने स्वतंत्र राष्ट्र में एकीकरण का मार्गदर्शन दिया साथ ही भारत और पाकिस्तान युद्ध के समय गृह मंत्री के रूप में कार्यरत रहे ।उन्होंने खेड़ा संघर्ष और बारडोली सत्याग्रह आंदोलन किया उनके विचारों को सभी राजनेताओं ने मजबूती के साथ अपना विचार रखा ।इसमें उपस्थित जिला के कई गणमान्य सहित सैकड़ो की संख्या में पटेल जी के विचारों को मानने वाले लोग उपस्थित रहे।

## ख़ास ख़बर

### दो गुमटियों का ताला तोड़कर चोरी की वारदात



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता रमेश प्रसाद सोनी, दुल्लहपुर गाजीपुर**। दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के जलालाबाद स्थित जलालाबाद पुलिस चौकी और पुलिस विकेट से 100 मीटर की दूरी पर स्थित विश्वकर्मा पान भंडार की गुमटी का ताला तोड़कर1500 का सामना सिगरेट, गुटखा का सामान लेकर फरार हो गए ।वहीं बगल में वीरेंद्र का गुमटी तोड़कर 6200 नगदी लेकर चोर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। दुल्लहपुर थाना अध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा ने बताया कि इस मामले किसी ने तहरीर नहीं दिया है ।

### अभिषेक यादव काशी विद्यापीठ का इकाई अध्यक्ष निर्वाचित



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर**। अभिषेक यादव को महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के इकाई अध्यक्ष चुना गया। आपको बताते चलें कि समाजवादी छात्र सभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष इ. विनीत कुशवाहा ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से राहुल प्रताप लकी, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ से अभिषेक यादव व हरिश्चंद्र स्नाकोत्तर महाविद्यालय से शिवम् सिंह को इकाई अध्यक्ष निर्वाचित किया। अभिषेक यादव गाजीपुर जिले के जमानिया तहसील अंतर्गत हरबलमपुर के रहने वाले हैं। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में वर्तमान में स्नातक कर रहे हैं।

### बुजुर्ग महिला सहित ग्राम प्रधान की हुई पिटाई दर्ज हुई केस



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता रमेश प्रसाद सोनी, दुल्लहपुर**। दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के मलेठी गांव में आज सुबह 10:00 आबादी में सार्वजनिक रास्ता को एक पक्ष के लोगो द्वारा रास्ता को अवरोध करने लगा। जिसके चलते ऋषिकेश कुशवाहा ने रास्ता बंद करने वाले लोगों को रोकने लगे तभी कहासुनी की बात इतना बढ़ गया और ऋषिकेश कुशवाहा तथा बुजुर्ग महिला कमली देवी की पिटाई कर दी ।सूचना मिलने पर ग्राम प्रधान धनंजय प्रजापति मौके पर पहुंच कर समझने का प्रयास किया तो गोलबंद तरीके से प्रधान पर भी हमला करके लात घुसो से पिटाई कर दी। इसके बाद पुलिस को सूचना मिलते ही तत्काल दुल्लहपुर के थाना अध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। किसी तरह दोनों पक्षों से लोगों ने बीच बचाव करके शांति व्यवस्था कायम की। दुल्लहपुर थाना अध्यक्ष अशोक मिश्रा ने बताया कि कमली देवी के तहरीर पर अखिलेश सिंह, मिथिलेश सिंह, अभिषेक सिंह, रोहित सिंह सहित शिकायत कर्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है तथा मौके पर पुलिस व्यवस्था की तैनाती की गई है।

### बीडीओ ने ग्राम प्रधान पति पर दर्ज कराया एफआईआर



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर**। करंडा विकास खंड अंतर्गत श्रीगंज ग्राम सभा के ग्राम प्रधान पति का प्रधानमंत्री आवास योजना में रंगेहाथ रिश्वत लेने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था। प्रधान प्रति शोभनाथ बिंद उर्फ सोनू आवास लाभार्थियो से दस हजार की रंगेहाथ वसूली कर रहे थे तभी इसी बीच आवास लाभार्थी ने वीडियो बना लिया और इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया था ।हालांकि यह विडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही पी .डी राजेश यादव ने संज्ञान में लेते हुए बीडीओ करंडा अरविंद यादव को जांच कर कार्यवाही करने का निर्देशित किया था। इस संबंध में बीडीओ अरविंद यादव ने जांच कर कार्यवाही करने की बात कही थी जिसको लेकर 30 अक्टूबर को बीडीओ ने नंदगंज थाना में ग्राम प्रधान पति पर एफआईआर दर्ज कराया है। जिसकी चर्चा जोरों शोर से चल रही है।

### खराब सड़क को लेकर पत्रकार ने किया शिकायत




**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर**। करंडा थाना क्षेत्र के धरम्मरपुर बाजार से जमानिया पक्का पुल तक सड़क पर गड्ढे होने के कारण राहगीरों को आने जाने में समस्या होती है। लोगों ने बताया दस मिनट का रास्ता करीब आधा घंटा तय करने में लग जाता है। इसको लेकर क्षेत्र के रहने वाले तेजतर्रार पत्रकार अमित उपाध्याय ने सीएम से शिकायत कर सड़क बनवाने की मांग किया है। पत्रकार ने बताया कि क्षेत्र की समस्या मेरी समस्या है आगे अब देखना यह होगा कि अधिकारियों द्वारा क्या किया जाता है तथा रिपोर्ट में क्या लगाया जाता है। एक तरफ सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ सड़क को लागातार अधिकारियों को निर्देशित करते रहते हैं वहीं डीएम आर्यका अखौरी भी खराब सड़क को लेकर सख्त है लेकिन करंडा क्षेत्र के धरम्मरपुर बाजार से जमानिया पक्का पुल तक व बालिका इंटर कालेज मेदनीपुर से लेकर करंडा तक सड़क पर गढ्ढा है जिससे राहगीरों को आने जाने में कठिनाइयां होती है। क्षेत्र के लोगों ने सड़क पर गढ्ढा भरने की मांग किया है।

# शादियाबाद थाना पुलिस ने शातिर को किया गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर**। शादियाबाद थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। बताते चलें कि प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार राय मय हमराह कांस्टेबल अवधेश कुमार , कांस्टेबल दिलीप कुमार , कांस्टेबल अजय गुप्ता व कांस्टेबल दिनेश कुमार के मय सरकारी वाहन UP61G0314 चालक हे0का0 मुन्नू के साथ थाना स्थानीय पर पंजीक-त मु0अ0सं0 मु0अ0सं0 245/2023 धारा 376/504/506 भादवि व 5 (L)/6 पोक्सो एक्ट व 67(क) आई0टी0एक्ट से संबन्धित अभियुक्त जयकिशोर प्रताप बिन्द पुत्र कैलाश बिन्द निवासी ग्राम सौरी थाना शादियाबाद जनपद गाजीपुर को उसके घर से गिरफ्तार किया गया विवरण इस प्रकार है मै SHO मय हमराही कर्म0गण के थाना हाजा से प्रस्थान कर चेंकिंग संदिग्ध व्यक्ति व वाहन व पेण्डिग विवेचना व तलाश वान्छित अभियुक्त जयकिशोर प्रताप बिन्द पुत्र कैलाश बिन्द निवासी ग्राम सौरी थाना शादियाबाद जनपद गाजीपुर ग्राम टड़वा टप्पा सौरी पर मामूर था कि जरिये मुखवीर सूचना मिली की ग्राम सौरी में लड़की के साथ गलत काम तथा वीडियो वायरल करने वाला जयकिशोर प्रताप बिन्द पुत्र कैलाश बिन्द निवासी ग्राम सौरी थाना शादियाबाद जनपद गाजीपुर जो अपने घर के बाहर खड़ा होकर किसी से बात कर रहा है। यदि जल्दी किया जाये तो पकड़ा जा सकता है। मुखवीर खास को साथ लेकर ग्राम सौरी अभियुक्त उपरोक्त के घर से कुछ दूर पहले मुखवीर ने इशारा से बताया कि यह वही व्यक्ति जयकिसोर बिन्द हैं बताकर हट बढ़ गया मुझ प्रभारी निरीक्षक द्वारा खड़े हुए व्यक्ति के पास पहुचा तो वह हड़बडा कर भागने लगा जिसको दौड़ाकर 10-15 कदम पर पकड़ लिया गया, पकड़े गये व्यक्ति का नाम पता व उम्र पूछा गया तो उसने अपना नाम जयकिशोर प्रताप बिन्द पुत्र कैलाश बिन्द निवासी ग्राम सौरी थाना शादियाबाद जनपद गाजीपुर - उम्र करीब 21 वर्ष बताया तथा जमा तलाशी ली गयी तो अपने पास से एक अदद मोबाईल सेट टेक्नो रंग नीला निकला कर दिया जिसको साक्ष्य के रुप मे मोबाईल को आन कराकर चेक किया गया पीडिता का वायरल विडियो मोबाईल ने होना पाया गया जो वादिनी मुकदमा के द्वारा वायरल विडियो होना बताया जा रहा है हुबहू वायरल विडियो अभियुक्त के मोबाईल मे मौजूद है जिसे मौके पर ही कब्जा पुलिस मे लेकर फर्द तैयार कर मोबाईल को एक प्लास्टिक के डिब्बे मे रखकर सर्व मुहर कर नमुना मोहर तैयार किया गया । अभियुक्त उपरोक्त जो थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 245/2023 धारा 376/504/506 भादवि व 5 (L)/6 पोक्सो एक्ट व 67(क) आई0टी0एक्ट में नामजद वाछिंत अभियुक्त है को कारण गिरफ्तारी बता कर समय 06.05 बजे गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी के समय मा0 सर्वोच्च न्यायालय व मा0 मानवाधिकार आयोग के आदेशों व निर्देशों का अक्षरशः पालन किया गया । गिरफ्तारी की सूचना अभियुक्त के बताये हुए परीजन पिता-कैलाश राम बिन्द पुत्र स्व0 सहदेव बिन्द निवासी सौरी थाना शादियाबाद गाजीपुर को मौके पर दी गयी ।गिरफतार शुदा अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु भेजा जा रहा हैं । गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण जयकिशोर प्रताप बिन्द पुत्र कैलाश बिन्द निवासी ग्राम सौरी थाना शादियाबाद है।

### राष्ट्रीय एकता दिवस'' के रूप मे मनाये जाने के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर**। राष्ट्रीय एकता के सूत्रधार, भारत रत्न, लौहपुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 148वीं जयन्ती जनपद में उत्साह, उमंग एंव हर्षोल्लास के साथ कलेक्ट्रेट सभागार मे मनाई गयी। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस को '' राष्ट्रीय एकता दिवस'' के रूप मे मनाये जाने के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उनकी स्मृतियो को नमन करते हुए उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियो, को सत्य निष्ठा की शपथ दिलाई । जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि देश जब आजाद हुआ तो कई रियाशतो में बटा था इस सब रियाशतो को जोड़कर अखण्ड भारत बनाने का कार्य निःसंदेह बहुत ही कठिन था। परन्तु सरदार बल्लभ भाई पटेल की सूझ-बूझ एवं नेक आदर्शो के बदौलत ही एक अखण्ड भारत का सपना साकार हुआ। आज हम इस अखण्ड भारत के वासी है जहा हर जाति, मजहब, भाषा वर्ग सम्प्रदाय के लोग रहते है फिर भी हम लोग अपने आप को भारतीय कहते है। हमारा कर्तव्य है कि अखण्ड भारत को एक सूत्र मे पिरो कर रखे। अनेकता मे एकता ही भारत की विशेषता है। उन्होने कहा कि इसे बरकरार रखने के लिए हमारे युवा पीढ़ी को आगे आने की जरूरत है तथा सरदार बल्लभ भाई पटेल के आदर्शो को अपने अन्दर आत्मसात कर देश ही नही बल्कि उत्तर प्रदेश एवं अपने जनपद को भी सबके प्रयासो से अग्रणी बनाना है। तब जाकर ही सरदार बल्लभ भाई पटेल को हम सच्ची श्रद्धांजलि दे सकेगे। उन्होने कहा कि आज राष्ट्रीय एकता दिवस पर जो संकल्प लिया है उसका अक्षशः पालन करे एवं दूसरो को भी कराये तथा उसको धरातल पर लाने के लिए सरदार पटेल के आदर्शो पर चलते हुए भारत की अखण्डा एवं एकता बनाये रखे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0रा0 अरूण कुमार सिंह, अपर उपजिलाधिकारी चन्द्रशेखर यादव, एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# बस-ट्रक की भिड़ंत, ड्राईवर की मौत, खलासी घायल



दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर। नोनहरा थाना क्षेत्र में एक ट्रक और सवारी बस की आमने-सामने टक्कर में बस चालक की दर्दनाक मौत हो गई । जबकि वही बस का खलासी गंभीर रूप से जख्मी हो गया था । जिसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। वहीं पुलिस ने ट्रक और बस को अपने कब्जे में ले लिया है जबकि ट्रक चालक की तलाश की जा रही है । बताया जा रहा है कि नोनहरा थानाक्षेत्र के अठवामोड पुल के पास ट्रक और मिनी बस की आमने सामने टक्कर हो गई । हादसे में बस के परखच्चे उड़ गए। घटना में बस चालक करमुल्ला शाह की मौत हो गई है , वह अपनी बस से बहादुरगंज सवारी छोड़कर आ रहा था । संयोग अच्छा था कि उस समय बस खाली थी , नहीं तो बहुत ही बड़ी घटना हो सकती थी। मृत चालक जंगीपुर के वार्ड नंबर आठ कृष्ण नगर का रहने वाला बताया जा रहा है। घटना में बस का खलासी भी गम्भीर रूप से जख्मी हो गई। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद ग़ाज़ीपुर-बलिया मार्ग पर थोड़ी देर के लिए जाम की स्थिति पैदा हो गई। आनन फ़ानन पुलिस ने दोनों वाहनों को किनारे कराकर यातायात बहाल कराया। थानाध्यक्ष संतोष राय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## विकास भवन के सुंदरीकरण और स्वच्छता को लेकर डीएम ने किया सराहना



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता रमेश प्रसाद सोनी, गाजीपुर**। शासन द्वारा प्रदेश में स्वच्छता पर विशेष बल दिया जा रहा है, वही जनपद गाजीपुर के विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी के अगुवाई एवं विभिन्न विभागो के सहयोग से विकास भवन का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य कराया गया। विकास भवन में रंगाई पुताई से लेकर वॉल पेटिंग, सभाकक्ष एव कार्यालयो का सुन्दरीकरण, इण्टर लॉकिंग, साफ-सफाई, के कार्य होने से मानो विकास भवन की दशा ही बदल गयी। विकास भवन में बनाये गये अमृत वन एवं परिसर मे सुन्दर सजीव पौधरोपण से एक महकती हरियाली सा प्रतीत हो रहा है, मानो आज विकास भवन अपने जीर्णोद्धार पर फूले नही समा रहा है। आज इसका श्रेय इस जनपद के मुख्य विकास अधिकारी को जा रहा जिन्होने विकास भवन की दयनीय दशा मे परिवर्तन कर एक सुन्दर स्वरूप देते हुए विकास भवन को विकास के पथ पर अग्रसर किया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने विकास भवन के जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण पर प्रशंन्नता व्यक्त करते हुए मुख्य विकास अधिकारी एवं सम्बन्धित सहयोगी विभाग के अधिकारियों को सराहना की । उन्होने अधिकारियों को आगे भी इस तरह के कार्य में अपना सहयोग प्रदान करते हुए स्वच्छता पर विशेष बल देने की बात कही। उन्होने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री एवं मा0 मुख्य मंत्री जी ने कहा कि जरूरी नही है कि हर किसी कार्य के लिए सरकारी बजट की आवश्यकता हो, विभिन्न विभागो के विभिन्न मदो में बजट प्राप्त होते है जिसके सहयोग से इस तरह के कार्य किये जा सकते है। जिलाधिकारी ने आमजन हेतु परिसर मे शासन की विभिन्न योजनाओ की जानकारी हेतु बनाये गये फोकस केन्द्र एवं मॉडर्न स्वरूप में बनाये विकास भवन सभागार का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होने परिसर में कराये गये रंग बिरंगे वाल पेटिंग का अवलोकन कर सराहना करते हुए प्रशंन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, क्षेत्रीय प्रबन्धक यू0बी0आई0, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला मत्स्य अधिकारी, वन विभाग एव अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित थे।

### इंदिरा गांधी आयरन लेडी है जो अपने कार्यकाल में भारत को सोने का चिड़िया बनाया था, देवनारायण सिंह



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनिया गाजीपुर**। आज दिनांक 31 अक्टूबर 2023 को इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि जखनिया कार्यालय में मनाई गई ।इंदिरा गांधी के व्यक्तित्व कृतित्व पर सब लोगों ने प्रकाश डाला ।ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवनारायण सिंह ने अपने संबोधन ने कहा इंदिरा गांधी जी की देन है हरित क्रांति, श्वेत क्रांति बैंकों का राष्ट्रीयकरण का सहित पाकिस्तान का भूगोल बदल दिया दो पाकिस्तान बन गए इंदिरा जी की देन है कि भारत के लोगों का पेट भरकर दूसरे देशों को अन्न सब्जी फल की आपूर्ति हो रही है। भारत कई देशों से आगे निकल चुका है। इंदिरा जी के समय अमीर गरीब के बीच की खाई काफी कम हुई थी इंदिरा जी की सर्जिकल स्ट्राइक पाकिस्तान पर आज भी दिखाई दे रही है ।जिला सचिव ब्रजेश कुमार गौतम ने अपने संबोधन में कहा इंदिरा को दुर्गा चंडी की उपाधि दी गई थी अनुशासन साहस आत्म बल को काफी महत्व देती थी ।मीडिया प्रभारी सर्वानंद चौबे ने अपने संबोधन में कहा इंदिरा जी को 106 देश अपना नेता चुने थे अध्यक्ष चुने थे ।यह अपने आप में एक मिसाल है सब लोग उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया माला चढ़ाएं प्रणाम किया नमन किया उनके आदर्श को अपनाने का संकल्प लिया कोटि-कोटि नमन।कार्यक्रम में श्री सूर्यभान सिंह श्री रुद्र प्रताप सिंह श्री राजेश्वर सिंह श्री अरुण कुमार लाल श्री कामता सोनकर आदि लोग उपस्थित रहे।

### सुश्री माथुर पूर्वोत्तर रेलवे की प्रथम महिला महाप्रबन्धक होंगी



**संवाददाता रमेश प्रसाद सोनी, गाजीपुर**। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली में अपर सदस्य (वित्त) सुश्री सौम्या माथुर का पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक पद पर नियुक्ति का अनुमोदन प्रदान किया है। सुश्री माथुर पूर्वोत्तर रेलवे की प्रथम महिला महाप्रबन्धक होंगी। सौम्या माथुर ने भारतीय रेल लेखा सेवा (आई.आर.ए.एस.) के 1987 बैच के माध्यम से रेल सेवा में प्रवेश किया। आपकी पहली नियुक्ति वडोदरा, पश्चिम रेलवे में हुई। तत्पश्चात आपने पश्चिम, उत्तर एवं मध्य रेलवे पर लेखा विभाग के अनेक महत्वपूर्ण पदों के उत्तरदायित्वों का निर्वहन बखूबी किया। सुश्री माथुर ने अपर मण्डल रेल प्रबन्धक, पश्चिम रेलवे/मुम्बई सेन्ट्रल, मण्डल रेल प्रबन्धक, उत्तर पश्चिम रेलवे/जयपुर, प्रधान वित्त सलाहकार/मेट्रो रेलवे/कोलकाता तथा प्रधान वित्त सलाहकार/दक्षिण पूर्व रेलवे/कोलकाता जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कुशलतापूर्वक कार्य किया। मण्डल रेल प्रबन्धक/जयपुर के रूप में, सुश्री सौम्या माथुर ने जयपुर स्टेशन को पूरी तरह से बदल दिया, जिसके परिणामस्वरूप जयपुर स्टेशन प्लैटिनम ग्रीन रेटिंग प्राप्त करने वाला पहला स्टेशन बना तथा आपके कार्यकाल के दौरान स्वच्छता सर्वेक्षण में शीर्ष रेटिंग प्राप्त हुआ। आपने गांधीनगर जयपुर को पूर्ण रूप से महिला मुख्य लाइन स्टेशन के रूप में भी सफलतापूर्वक संचालित कराया। रेलवे बोर्ड द्वारा बदलाव की पहल के लिये आपको बेस्ट चेंज एजेंट फॉर ट्रांसफॉर्मेशन इनिशिएटिव का विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया। आपने जे.आई.सी.ए. (जापान), आई.एन.एस.ई.ए.डी. (सिंगापुर) एवं आई.सी.एल.आई.एफ. (मलेशिया) में उच्च प्रबन्धन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया है। माथुर को रेल प्रशासन एवं प्रबन्धन का गहन अनुभव प्राप्त है। आप अधिकारियों एवं कर्मचारियों में समान रूप से लोकप्रिय हैं। रचनात्मक लेखन में आपकी गहन रुचि है।

### तीन दिन से घर से गायब युवक की चोचकपुर पीपा पुल के पास गंगा में मिली लाश, घर का चिराग बुझने से मचा कोहराम



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, करण्डा**। क्षेत्र के चोचकपुर पीपा पुल के पास गंगा में युवक का खराब हालत में शव मिलने से सनसनी फैल गयी। तत्काल मौके पर भीड़ जुट गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की तलाशी ली तो उसके पास से आधार कार्ड आदि मिला। जिसके आधार पर उसकी शिनाख्त खानपुर के नायकडीह स्थित सोनियापार गांव निवासी 32 वर्षीय मिथिलेश सिंह पुत्र रामकृष्ण सिंह के रूप में हुई। घटना के बाद परिजनों को जानकारी दी गयी। जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। वो मां-बाप का इकलौता बेटा था और कुछ मानसिक रुप से कमजोर था। परिजनों ने बताया कि वो 3 दिन से घर से गायब था। मानसिक कमजोर होने के कारण उसकी आसपास तलाश की गई, न मिलने पर सोचा कि खुद ही वापिस आ जायेगा। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पिता खेती करते हैं। मृतक की अभी शादी नहीं हुई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। आशंका जताई जा रही है कि सम्भवतः किसी तरह वो किनारे से नदी में गिर गया होगा।

### सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजीपुर द्वारा आश्रय गृहों का निरीक्षण



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता रमेश प्रसाद सोनी, गाजीपुर**। आज दिनांक 31.10.2023 को श्री दीपेन्द्र कुमार गुप्ता, सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर द्वारा आश्रय गृहों का निरीक्षण एवं संरक्षण गृहों का निरीक्षण किया गया। स्व0 शिवपूजन पाठक बालगृह ;बालिकाद्ध रस्तीपुर, सैदपुर, गाजीपुर का निरीक्षण किया गया। संस्था में आवासित बालिकाओं की संख्या उपस्थिति पंजिका दिनांक 31.10.2023 के अनुसार उपस्थित रही। समिति द्वारा आवासित बालिकाओं को मीनू के अनुसार भोजन, साफ-सफाई, कपडे तथा स्वास्थ्य एवं स्वास्थ्य परीक्षण का समुचित प्रबंध हेतु आवश्यक कार्यवाही करने हेतु दिशा-निर्देश दिया गया। राजकीय प्लेस ऑफ सेफ्टी गाजीपुर एवं राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) गाजीपुर का निरीक्षण किया गया किया गया। राजकीय प्लेस ऑफ सेफ्टी गाजीपुर में कार्यरत अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे, तथा आवासित किशोर उपस्थिति पंजिका दिनांक 31.10.2023 के अनुसार उपस्थित पाये गये। राजकीय प्लेस ऑफ सेफ्टी गाजीपुर एवं राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) गाजीपुर को निर्देशित किया गया कि मीनू के अनुसार भोजन, साफ-सफाई, कपडे तथा स्वास्थ्य एवं स्वास्थ्य परीक्षण व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। किसी भी बालक द्वारा किसी उत्पीड़न अथवा परेशानी का कोई उल्लेख नहीं किया गया है। वन स्टाप सेंटर, सरकारी हास्पिटल, गोराबाजार, गाजीपुर का निरीक्षण किया गया। मुख्य द्वार पर सुरक्षा के लिए महिला पुलिस कर्मी, परामर्श कक्ष में साफ-सफाई की उचित व्यवस्था के लिए समिति द्वारा प्रभारी सेंटर मैंनेजर को निर्देशित किया गया।

**आयोजन** यूनिटी दौड़ नेहरू स्टेडियम से विभिन्न मार्गो से होते हुए पुनः नेहरू स्टेडियम पर जाकर समाप्त

# विशाल रन फार यूनिटी दौड़ एवं मार्च पास्ट का आयोजन किया गया




**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, गाजीपुर**। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर जनपद गाजीपुर में जिला प्रशासन, एनएसएस,, युवा कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, आदि के समन्वय से एक विशाल रन फार यूनिटी दौड़ एवं मार्च पास्ट का आयोजन किया गया जो नेहरू स्टेडियम से प्रारम्भ होकर विभिन्न मार्गो से होते हुए पुनः नेहरू स्टेडियम पर जाकर समाप्त हुआ। मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर नेहरू स्टेडियम गोराबाजार से एकता दौड़ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया तथा स्वयं भी रन फार यूनिटी मे प्रतिभाग किया। युवा, बुजुर्ग ,बच्चे ,महिलाएं समाजसेवी एन सी सी, स्कूली छात्र-छात्राऍ एवं खिलाड़ीगण रन फार यूनिटी दौड़ मे सरदार बल्लभ भाई पटेल का एक ही सपना-अखंड भारत देश हो अपना ,अनेकता में एकता- हिंद की विशेषता, देश को आगे बढ़ाना है-रन फार यूनिटी मनाना है, सारे जहां से अच्छा हिंदुस्ता हमारा , हमारी एकता हमारी पहचान है-तभी तो हमारा देश महान है, के गगनभेदी नारो के साथ दौड़ रहे थे। एकता दौड़ नेहरू स्टेडियम से पी जी कालेज चौराहा होते हुए पुलिस लाईन, नवीन स्टेडियम , गोराबाजार होते हुए पुनः नेहरू स्टेडियम पर जाकर समाप्त हुआ। कार्यक्रम स्थल पर पहुचकर मुख्य विकास अधिकारी एंव अन्य अधिकारियों ने सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हे श्रद्धांजलि दी तथा उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियो, संभ्रात नागरिको, स्कूली छात्र-छात्राओ को ''सत्य निष्ठा'' की शपथ दिलाई । मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि भारत देश में कई तरह की विभिन्नताऍ है लेकिन विभिन्नताऍ होने के बावजूद भी सबसे पहले हम भारतीय है तथा भारत हमारे लिए सर्वोपरी है। उन्होने कहा कि अग्रेजो से जब भारत आजाद हुआ तो भारत कई छोटी-छोटी रियाशतो में बटा था। लगभग 562 ऐसी रियाशते थी जिन्हे भारत मे सम्मिलित करना बहुत ही कठिन था। परन्तु सरदार बल्लभ भाई पटेल के अथक प्रयास ने ही ऐसी छोटी-बड़ी रियाशतो को भारत मे विलय कराकर एक अखण्ड भारत का सपना साकार किया।

# जनपद मे शिक्षक और कर्मचारी निकालेंगे मोटरसाइकिल जुलूस



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर**। पुरानी पेंशन बहाली को लेकर एक बार फिर जनपद मे शिक्षक और कर्मचारी उग्र हो रहे है,उ0प्र0 राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रान्तीय अध्यक्ष राम लाल यादव के नेतृत्व मे दिनांक 4-11-2023 को जनपद गाजीपुर मे शिक्षक और कर्मचारीयो के साथ मोटरसाइकिल जुलूस समय 1 बजे से विकास भवन से सिचाई विभाग चौराहा होते हुए सरजू पार्क मे पहुचेगा। तत्पश्चात जिलाधिकारी के माध्यम से माध्यम प्रधानमंत्री व मुख्य मंत्री को ज्ञापन दिया जायेगा। उ0प्र0 राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रान्तीय अध्यक्ष राम लाल यादव एव यू0पी0 फेडरेशन आफ मिनिस्टीरियल एशो0 के प्रान्तीय अध्यक्ष जे0पी0 पाण्डेय ने कहा है कि यदि सरकार द्वारा पुरानी पेंशन बहाली पर विचार नही किया जाता है तो संगठन बाध्य होकर 10 दिसम्बर को दिल्ली सरकार का घेराव करेगी। मोटरसाइकिल जुलूस को सफल बनाने के लिए बालेन्द्र कुमार त्रिपाठी पी0 डब्लू डी0 के कर्मचारीयो के साथ बैठक की जिसमे मनोज यादव, चन्द यादव,विरेन्द्र राजभर, अजय भारती, त्रिलोकी श्रीवास्तव, हैदर,प्रशांत कुमार, विजय वफादार,अनिल त्रिपाठी, आदि। अध्यक्षता बालेन्द्र कुमार त्रिपाठी व संचालन सुरेन्द्र यादव ने किया।

## ख़ास ख़बर

### कलेक्ट्रेट कर्मियों ने सरदार पटेल को दी श्रद्धांजलि



**ब्यूरो आवेश अंसारी, गोण्डा** । गोण्डा मंगलवार को पूरे जिले में सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी जयंती को धूमधाम से मनाया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी एम अरुन्मौली एवं कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारियों एवं कर्मियों के साथ सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने सरदार पटेल की जयंती पर सभी कर्मचारियों के साथ एकता व अखण्डता की शपथ भी ली। इस मौके पर सीडीओ ने कहा कि सरदार पटेल देश के पहले गृह मंत्री थे और उन्होंने आजादी के बाद भारत के एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई इसलिए उनकी जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस मौके पर सीआरओ एडीएम सहित सभी अधिकारीगण व कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### अधिवर्षता सेवा पूर्ण करने वाले 03 उ0नि0, 01 रेडियो उपनिरीक्षक, 01 महिला अनुचर हुए सेवानिवृत्त



**ब्यूरो आवेश अंसारी, गोण्डा** । गोंण्डा 31.10.2023 को जनपद गोण्डा मे नियुक्त उ0नि0 ना0पु0 राजनारायण सिंह, उ0नि0 ना0पु0 अखिलेश कुमार शुक्ला, उ0नि0 ना0पु0 ओमप्रकाश सिंह, रेडियों उ0नि0 सैयद हसन मेहंदी, महिला अनुचर श्रीमती शुभा सिंह पुलिस सेवा मे अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए है। उनकी सेवानिवृत्ति पर अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने पुलिस लाइन सभागार मे उन्हें फूलमाला पहनाकर, अंग वस्त्र व धार्मिक पुस्तके भेंटकर विदाई दी तथा भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर उन्हें हर संभव मदद का भरोसा भी दिलाया।इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक राकेश कुमार सिंह आदि पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### अयोध्या सिद्ध पीठ आदिशक्ति मरी माता मंदिर में गौ माता हत्या प्रकरण मामले का मंदिर प्रशासन ने किया खण्डन



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**। अयोध्या गुप्तार घाट स्थित सिद्ध पीठ मरी माता मंदिर परिसर में भंडारे के दौरान गौ माता की मौत के प्रकरण पर मंदिर की कमेटी ने पूरे घटनाक्रम पर खंडन किया है..मंदिर के महंत चन्द्रशेखर तिवारी ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि उनके मंदिर परिसर में कही पर किसी भी जानवर की मृत्यु नहीं हुई है .भंडारे के दौरान पूरे परिसर के चारो तरफ बैरिकेडिंग की जाती हैं, जानवरों के घुसने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता है, य़ह जरूर किसी की साजिश है..महंत चन्द्रशेखर ने कहा कि कुछ लोगों द्वारा कहा जा रहा है कि विषाक्त भोजन खाने से जानवरों की मौत हुई है, महंत जी ने बताया कि सारे बचे हुए भोजन को जमीन में गाड़ दिया गया है, मीडिया के सामने ज़मीन खोदकर उसमे डाले गए भोजन को उन्होंने दिखाया भी जिसे आप अपनी स्क्रीन पर देख भी सकते हैं..वही दूसरी तरफ छावनी परिषद बोर्ड के उपाध्यक्ष राम मिलन निषाद ने पूरे मामले को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि य़ह सब किसी शरारती तत्वों द्वारा की गयी झूठी घटना है वे खुद भंडारे के दिन यहां मौजूद थे महंत चंद्रशेखर त्रिपाठी मरी माता मंदिर गुप्तार घाट राममिलन निषाद उपाध्यक्ष कैंट छावनी परिषद ने दिया बयान

### दिन-दहाड़े शटर का ताला और कुंडा तोड़कर 22500 उड़ाये



**नवाबगंज (गोण्डा) शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा** । थाना क्षेत्र के नगवा गांव में अयोध्या-गोंडा राज्य मार्ग के ठीक बगल बेखौफ चोरों ने मकान के शटर का ताला और कुंडा तोड़कर 22000 रूपये की नगदी पार कर दी। एक ही मकान में चोरी की ये दूसरी घटना है फिलहाल पुलिस तफ्तीश कर रही है। थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव के रहने वाले सूरज मिश्रा पुत्र रामबहादुर मिश्रा ने थाने पर दी गई तहरीर में कहा कि उनका एक मकान थाना क्षेत्र के नगवा गांव के गडरियन पुरवा में स्थित है जोकि किराये पर दिया गया है। इस मकान में रह रहे किरायेदार बिहार प्रदेश के हैं और यहां कपड़े बेचने का व्यापार करते हैं। मंगलवार को सभी किरायेदार शटर में ताला लगाकर अयोध्या दर्शन करने गये थे। दिन में लगभग 02 बजे जब किरायेदार वापस लौटे तो देखा कि दोनों शटर के ताले और कुंडे टूटे हुए हैं और अंदर कमरों में सारा सामान बिखरा हुआ है। किरायेदार दिनेश शाह का बीस हजार रुपये और दो अन्य किरायेदारों के लगभग 2500 रूपये चोर चुरा ले गये हैं। मकान मालिक सूरज ने बताया कि 01 वर्ष पूर्व भी चोरी की ऐसी ही घटना इसी मकान में हुई थी, थाने पर तहरीर भी दी गई थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। फिलहाल पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कारवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने कहा कि मामले की जांच कराई जा रही है।

# करंट की चपेट में आए संविदा लाइनमैन के सहायक की मौत



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ मिल्कीपुर अयोध्या**। विद्युत उपकेंद्र मिल्कीपुर से संचालित मंजनाईं फीडर पर 11 हजार वोल्ट लाइन की चपेट में आने से संविदा लाइनमैन की लापरवाही के चलते गंभीर रूप से झुलसे 55 वर्षीय सहायक की इलाज के दौरान लखनऊ ट्रामा सेंटर में मौत हो गई है। पोस्टमार्टम के बाद अधेड़ का शव घर पहुंचते ही परिवीजन एवं ग्रामीण आक्रोशित हो गए तथा शव का अंतिम संस्कार करने से मना करते हुए अपनी मांगों की जिद पर अड़ गए। जानकारी मिलते ही प्रभारी निरीक्षक इनायत नगर अरुण प्रताप सिंह भारी पुलिस फोर्स एवं विद्युत उपखंड अधिकारी मिल्कीपुर अमित कुमार सिंह के साथ मौके पर पहुंचे और नाराज तथा आक्रोशित ग्रामीणों के मान मनौव्वल में जुट गए। बताते चलें कि विद्युत उपकेंद्र मिल्कीपुर से संचालित 11 हजार वोल्ट की लाइन में मंजनाईं फीडर पर हुए फाल्ट को संविदा लाइनमैन धर्मेंद्र कुमार यादव के सहायक 55 वर्षीय भगवानदास द्वारा खजुरी गांव में बीते 21 अक्टूबर को देर शाम बिजली के खंभे पर चढ़कर ठीक किया जा रहा था। तभी लाइनमैन धर्मेंद्र कुमार यादव द्वारा लिया गया शट डाउन को फोन करके वापस करते हुए विद्युत आपूर्ति संचालित करा दी गई थी। मंजनाईं फीडर संचालित होते ही 11 हजार वोल्टेज की लाइन पर फाल्ट ठीक कर रहा लाइनमैन सहायक भगवानदास निवासी मंजनाईं पूरे कटिलवा गंभीर रूप से झुलस कर बिजली खंभे से नीचे जा गिरा था और गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा आनन फानन में गंभीर रूप से घायल भगवान दास को इलाज हेतु जिला अस्पताल पहुंचाया गया था जहां हालत नाजुक देख घायल अधेड़ को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया था। बीते 29 अक्टूबर की देर रात प्राइवेट लाइनमैन भगवान दास की इलाज के दौरान लखनऊ ट्रामा सेंटर में मौत हो गई पोस्टमार्टम के बाद बीते 30 अक्टूबर की देर शाम लाइनमैन का शव उसके पैतृक गांव लाया गया। मंगलवार को मृतक के परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा फूटा तथा उन्होंने शव का अंतिम संस्कार करने से मना करते हुए शव को ट्रैक्टर ट्राली से लेकर विद्युत कार्यालय मिल्कीपुर के लिए निकलने ही वाले थे कि सूचना मिलते ही विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के हाथ पांव फूल गए और उन्होंने घटना की जानकारी इनायत नगर पुलिस को दी। सूचना पाकर इनायत नगर थाने के प्रभारी निरीक्षक भारी पुलिस और के साथ मौके पर पहुंचे। उधर उपखंड अधिकारी अमित कुमार सिंह एवं नायब तहसीलदार मिल्कीपुर स्वेताब सिंह भी मौके पर पहुंच गए जहां नाराज लोगों को मनाने का सिलसिला शुरू हुआ इस पर ग्रामीणों ने मांग रखी की मुआवजे के तौर पर तीन लाख रुपए तथा संविदा कुर्मी लाइनमैन धर्मेंद्र कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करते हुए गिरफ्तारी और अन्य सरकारी सहायता दिलाया जाए। मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से नाराज एवं आक्रोशित परिवारीजनों को एक लाख 50 हजार रुपए मुआवजा तथा आरोपी लाइनमैन धर्मेंद्र कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आश्वासन दिया गया।

## आदर्श कोटेदार वेल्फेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष बने जितेन्द्र



**नवाबगंज (गोण्डा) शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा** । कस्बे के काली कुंड मंदिर पर नवाबगंज विकास खंड के उचित दर विक्रेताओं की बैठक का आयोजन मंगलवार को किया गया। इस बैठक में क्षेत्र के तुलसीपुर माझा गांव के रहने वाले जितेंद्र सिंह उर्फ कलेबाज सिंह को सर्वसम्मति से एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया। इस मौके पर जितेन्द्र सिंह ने एसोसिएशन के सभी सदस्यों और पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि मैं उचित दर विक्रेताओं की हर समस्या का समाधान करने का प्रयास करूँगा और उनके हित एवं सुरक्षा के लिए 24 घंटे तत्पर रहूंगा। जितेन्द्र सिंह के अध्यक्ष बनने पर पृथ्वी पाल, अवधेश मिश्रा, राम अनुज तिवारी, राजीव कपूर, विशाल तिवारी, रामायण सिंह, सूरज मिश्रा, सज्जन कोटेदार, गीता देवी, गुरूप्रसाद, रवि सिंह, दिलीप, मनधीर सिंह, सुनील सिंह, कुसुम देवी आदि ने खुशी व्यक्त की है। नवीन अध्यक्ष जितेंद्र ने बताया कि पूर्व अध्यक्ष मयंक के पास समयाभाव होने के कारण यह फैसला एसोसिएशन द्वारा लिया गया है।

## अधिकारियों ने पथों मार्गों का निरीक्षण कर तैयारियों का लिया जायजा



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**। मंडलायुक्त गौरव दयाल ने आईजी प्रवीण कुमार जिलाधिकारी नितीश कुमार, अपर आयुक्त प्रशासन अजयकांत सैनी, पर्यटन निदेशक प्रखर मिश्रा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नैयर, एसपी सिटी मधुवन कुमार सिंह, एडीएम सिटी सलिल कुमार पटेल सहित अन्य संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष के साथ सप्तम दीपोत्सव 2023 की तैयारियों की समीक्षा बैठक उपरांत दीपोत्सव से संबंधित प्रमुख स्थलों यथा राम की पैड़ी, सरयू आरती स्थल, राम कथा पार्क सहित अन्य संबंधित पथों मार्गों का निरीक्षण कर तैयारियो का जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने विगत दीपोत्सवों की रूप रेखा का स्थलवार विवरण आयुक्त व आईजी से साझा किया। मंडलायुक्त ने सभी कार्यदाई विभागों को आगामी दीपोत्सव को और अधिक भव्य और दिव्य रूप से आयोजित किए जाने कि निर्देश दिये। इस दौरान सभी अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# कृषि विवि में धूमधाम के साथ मनाई गई सरदार वल्लभ भाई पटेल एवं आचार्य नरेंद्र देव की जयंती



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में मंगलवार को आचार्य नरेंद्र देव एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। कार्यक्रम से पूर्व कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने नरेंद्र उद्यान में आचार्य नरेंद्र देव की | प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जयंती के अवसर पर एग्री बिजनेस मैनेजमेंट के प्रेक्षागृह में कार्यक्रम के साथ-साथ रन फॉर यूनिटी में शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने विवि परिसर में दौड़ लगाई। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि आचार्य नरेंद्र देव को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, पत्रकार, साहित्यकार एवं शिक्षाविद के रूप में जाना जाता है। वे परिस्थितियों के अनुरूप निर्णय लेते थे और स्वयं आगे बढ़कर कार्य करते थे। कुलपति ने कहा कि आचार्य नरेंद्र देव का किताब के प्रति गहरा प्रेम था। वे किताबें एकत्रित कर लोगों को देते थे जिससे कि वे ज्ञान अर्जित कर सकें। विलक्षण प्रतिभा और व्यक्तित्व के धनी थे जिससे आज भी लोग उन्हें याद करते हैं। सरदार वल्लभ भाई पटेल को लौह पुरुष के नाम से जाना जाता है। देश की आजादी में उनकी अहम भूमिका थी। कृषि महाविद्यालय की अधिष्ठाता डा. प्रतिभा सिंह ने कहा कि आचार्य नरेंद्र देव एक महान शिक्षविद के साथ- | साथ समाज सुधारक भी थे। हम सभी को उनके विचारों को आत्मसात करना चाहिए। कुलसचिव डा. पीएस प्रमाणिक ने कहा कि सरदार पटेल का विचार था कि ऊंच-नीच, अमीर-गरीब और जाति-पांति के भेदभाव को खत्म करके ही एक उन्नत देश की परिकल्पना कर सकते हैं। कार्यक्रम का संयोजन डा. प्रतिभा सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन डा. जसवंत सिंह ने किया। संचालन डा. सीताराम मिश्रा ने किया। इस मौके पर समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### 63वी वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल नवीन मंडी अयोध्या

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**। अयोध्या 63 वाहिनी में 31अक्टूबर 2023 को राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन 63 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल नवीन मंडी अयोध्या उत्तर प्रदेश में दिनांक 31/10/23 को देश के प्रथम गृहमंत्री स्वर्गीय सरदार वल्लभभाई पटेल की 148 वी जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस का भव्य आयोजन किया गया उक्त समारोह में श्री छोटेलाल कमांडेंट श्री सरकार राजा रमन द्वितीय कमान अधिकारी के अतिरिक्त अन्य अधिकारी गण अधीनस्थ अधिकारी गण व जवान उपस्थित रहे छोटेलाल कमांडेंट 63 बटालियन द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर अधिकारियों तथा जवानों को अपने अभिभाषण में कहा कि आज के दिन भारत की एकता व अखंडता के सूत्रधार लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म गुजरात के नडियाद में हुआ था अंग्रेजी शासन की समाप्ति के बाद भारत लगभग 565 देशी रियासत तथा ब्रिटिश काल के औपनिवेशिक प्रांतो में बिखरा हुआ था जिनको मिलकर अखंड भारत का निर्माण करने में सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा दृड संकल्प तथा राजनीतिक दूरदर्शिता का जो परिचय दिया गया वह आदित्य है इसी कारण से भारत सरकार द्वारा उनके जन्म दिवस को प्रतिवर्ष राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है कमांडिंग 63 बटालियन द्वारा कहा गया कि यह दिवस केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के लिए इसलिए भी ज्यादा महत्वपूर्ण है क्योंकि हमारा बल जिसको की अंग्रेजी शासन के दौरान क्राउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस के नाम से जाना जाता था को स्वतंत्रता के पश्चात केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के नाम से सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा और अधिक मान्यता देकर तथा परिष्कृत रूप में स्थापित किया केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल आज देश के सबसे बड़े अर्धसैनिक बल के रूप में देश की आंतरिक सुरक्षा को सुनिश्चित कर देश सेवा कर रहा है ।

### विद्युत करंट की चपेट में आये दो युवक

**संवाददाता मो0 अबूबकर, रुदौली अयोध्या**। कोतवाली रूदौली के एक गांव मेंट्रक से आलू का बीज उतरते समय विद्युत करंट की चपेट में आने से ट्रक ड्राइवर व एक अन्य ग्रामीण झुलस गया।जिनको उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैरनपुर में भर्ती कराया गया जहाँ डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरे की हालत गम्भीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।सूचना पर पहुँची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनाम भर पीएम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली रूदौली के बहरास गांव में ट्रक आलू का बीज लेकर आया था बीज उतारते समय ट्रक चालक सहित एक अन्य युवक विद्युत करंट की चपेट में आ गया।

### कुत्ते को लेकर हुए विवाद में पति-पत्नी को धुना।

**नवाबगंज (गोंडा) शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा** । थाना क्षेत्र के तुलसीपुर माझा गांव में दबंगों ने कुत्ते को लेकर हुए विवाद में पति-पत्नी को पीट दिया। पीड़ित दम्पति की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। तुलसीपुर माझा गांव के मजरे पूरे राम प्रसाद के रहने वाले बृजेश पुत्र राम प्रकाश तिवारी ने थाने पर दी गई तहरीर में कहा कि सोमवार की शाम करीब 05 बजे वह नवाबगंज बाजार से घर वापस लौटा था। घर के पास एक कुत्ता दौडता हुआ जा रहा था तभी गांव के ही विपक्षी कमलेश और उमेश पुत्र घनश्याम एवं अखिलेश पुत्र रवि प्रताप ने अपशब्दों का प्रयोग करते हुए कहा कि तुम लोगों ने मेरे कुत्ते का मारा है। विरोध करने पर मुझे और मेरी पत्नी को लाठी-डंडे से मारा-पीटा।पीड़ित दम्पति का आरोप है कि झगड़े के दौरान उनके 13000 रूपये भी गिर गये और विपक्षी जान से मारने की धमकी देकर चले गए।

### सर्किल के समस्त थानों में मनाई गई सरदार पटेल की जयंती



**संवाददाता मो0 अबुबकर, रूदौली अयोध्या**। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती व राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर क्षेत्राधिकारी कार्यालय रुदौली प्रांगण में सीओ सत्येंद्र भूषण तिवारी ने कार्यालय में वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सभी कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता, और सुरक्षा बनाये रखने की शपथ दिलाई गई।इसी क्रम में रूदौली सर्किल के कोतवाली रूदौली, थाना बाबा बाजार,थाना मवई, थाना पटरंगा प्रांगण में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती एवम एकता दिवस के अवसर पर सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर अधिकारियों/कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने की शपथ दिलायी गई।

### किराना एवं मिष्ठान भंडार की दुकान में लगी भीषण आग



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ मिल्कीपुर अयोध्या**। खंडासा थाना क्षेत्र के अमरगंज बाजार स्थित एक किराना व मिष्ठान भंडार की दुकान में सोमवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग से दुकान में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर नष्ट हो गया। स्थानीय लोगों व फायर ब्रिगेड की टीम की कड़ी मशक्कत के बाद बेकाबू आग पर काबू पाया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक खंडासा थाना के अमरगंज तिराहे पर लव कुमार गुप्ता की किराना एंड मिष्ठान भंडार की दुकान है। दुकान का कामकाज समाप्त करने के बाद रोज की तरह वह रात को ताला बंद करके अपने घर चला गया था। दुकान के सामने बरामदे में दुकान संचालक के पिता राम अचल गुप्ता सो रहे थे। तभी रात में बंद दुकान से धुआं निकलता दिखाई दिया। जिसकी सूचना स्थानीय लोगों द्वारा दुकान संचालक को दी गई। दुकान खोलकर देखा तो अंदर भीषण आग लगी थी। घटना की जानकारी पाकर पुलिस तथा फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से जब तक आग बुझाया जाता तब तक दुकान में रखा लाखों रुपए कीमती सामान जलकर राख हो गया था। प्रथम दृष्टया शार्ट सर्किट कारण बताया जा रहा है।

**आयोजन** गांधी पार्क स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण के उपरान्त रन फार यूनिटी रवाना हुई

# सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर रन फार यूनिटी का हुआ आयोजन




**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**। सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर रन फार यूनिटी का आयोजन महानगर कमलेश श्रीवास्तव की अगुवाई में किया गया। गांधी पार्क स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण के उपरान्त रन फार यूनिटी रवाना हुई। गांधी पार्क से निकलने के बाद इसका चौक स्थित शहीद स्मारिका पहुंचने के उपरान्त समापन हुआ।विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन चरित्र का अध्ययन हमें अखण्डता व एकता का पाठ पढ़ाता है। हम उन्हे लौह पुरुष के रुप में याद करते है।महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल को देश की एकता व अखण्डता के लिए शिल्पकार की भूमिका में उन्हें याद करते है। स्वतंत्रता के बाद रियासतों के बटे भारत को एक करके उसे आंतरिक रुप से उन्होनें मजबूत किया। उनकी जयंती पर हम भारत की एकता व अखंडता के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर करने का संकल्प लेते है।पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि राष्ट्रहित सर्वोपरि के भाव को आत्मसात करते हुए सरकार लगातार काम कर रही है। सरदार पटेल की जयंती पर हम उनके सपनों के भारत निर्माण का संकल्प लेते है।युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देशी रियासतों का एकीकरण करके अखंड भारत निर्माण में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, धर्मेन्द्र प्रताप सिंह टिल्लू, शक्ति सिंह, शैलेन्द्र कोरी, प्रतीक श्रीवास्तव, परमानंद मिश्र, वासुदेव मौर्या, तिलकराम मौर्या, रीना द्विवेदी, गिरीश पाण्डेय डिप्पुल, राजकुमार वर्मा, देवता पटेल, रामप्रीत वर्मा, राम भजन वर्मा, अमल गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अवध विवि में लौह पुरूष सरदार पटेल की जयंती मनाई गई



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के सरदार पटेल राष्ट्रीय एकात्मकता केंद्र द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 148 वीं जयंती के अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल द्वारा परिसर स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके उपरांत कुलपति द्वारा डॉ0 लोहिया, महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया। मौके पर कुलसचिव डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र, प्रो0 एसएस मिश्र, प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह, प्रो0 शैलेन्द्र कुमार वर्मा, परीक्षा नियंत्रक उमानाथ, उपकुलसचिव डॉ0 रीमा श्रीवास्तव, दिनेश कुमार मौर्य, सहायक कुलसचिव मोहम्मर सहील सहित अन्य ने पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान कुलपति प्रो0 गोयल ने शिक्षकों, छात्र-छात्राओं एवं एनसीसी कैडेटस को कर्तव्य परायणता की शपथ दिलाई और कहा कि सरदार पटेल को भारत के राष्ट्रीय एकीकरण के लिए जाना जाता है। आज भारत का जो भौगोलिक स्वरूप एक सुदृढ़ राष्ट्र के रूप में प्रतिष्ठित हो सका है। उसमें उनके योगदान को भुलाया नही जा सकता है।माल्यार्पण के उपरांत केंद्र द्वारा आयोजित निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को कुलपति प्रो0 गोयल द्वारा पुरस्कृत किया गया। जिसमें प्रथम विजेता के रूप में दीप्ति भार्गव को 3000 रूपयें, द्वितीय पुरस्कार ऐश्वर्या पांडेय को 2000 रूपयें एवं तृतीय पुरस्कार विजेता के रूप में विनीत पांडेय को 1000 रूपयें प्रदान किए गए है। वहीं सांत्वना पुरस्कार विजेता शिवानी पांडेय एवं देवेंद्र प्रताप सिंह को 500-500 रुपये की पुरस्कार चेक राशि प्रदान की गई। इसी क्रम में पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार शुभम् कुशवाहा को 3000, द्वितीय पुरस्कार अंजलि यादव को 3000, तृतीय पुरस्कार प्राची सिंह को 1000 एवं पांच-पांच सौ का सांत्वना पुरस्कार उमा कुमारी और हिमांशु जयसवाल को दिया गया। कार्यक्रम में सरदार पटेल केंद्र से डॉ. संदीप कुमार, डॉ. शिवांश कुमार, डॉ. शैलेन वर्मा, अंकित मिश्र, डॉ. अंशुमन पाठक,डॉ. रवींद्र भारद्वाज, डॉ. महेंद्र पाल सिंह, डॉ. स्नेहा पटेल, डॉ. प्रतिभा, अवंतिका पाठक, डॉ. आशुतोष पांडेय एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## ख़ास ख़बर

### आरपीएफ ने स्टेशन परिसर में चलाया जागरूकता अभियान



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/देवघर।** रेल मंडल के वरिष्ठ सुरक्षा आयुक्त आसनसोल राहुल राज के निर्देश पर मिशन जनजागरण के तहत मधुपुर रेलवे सुरक्षा बल के सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में मंगलवार को मधुपुर रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर दो पर रेल अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा महिला, बच्चों सहित रेलयात्रियों के बीच ह्यूमन ट्रैफिकिंग (मानव तस्कर) के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया गया। मौके पर आरपीएफ सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र प्रसाद ने यात्रीयों को कहा कि जो व्यक्ति ट्रेन में पत्थर फेंकते हैं उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने का प्रावधान है। अनावश्यक कोई ट्रैन का जंजीर नहीं खींचे। Iसाथ ही यात्रियों से अनुरोध किया गया की ट्रेन में किसी भी ज्वलनशील पदार्थ आक्रामक सामान को ना ले जाए जिससे घटना घट सकती है और कई लोगों को जान भी जा सकती है, अगर यात्रियों का सामान ट्रैन में गलती से छूट जाना, कहा कि महिला बोगी में महिला ही यात्रा करें पुरुष यात्रा करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विकलांग बोगी में विकलांग ही सफर करें। यात्रा के दौरान कोई समस्या हो तो पैसेंजर हेल्प लाइन नंबर 139 पर सुचना देकर मदद लेने हेतु जागरूक किया गया। मोके पर आरपीएफ के एएसआई, हेड कांस्टेबल एंव कांस्टेबल के जवान मौजुद थे।

### स्वर्गीय इंदिरा गांधी का 39वां शहादत दिवस करोंग्राम स्थित कांग्रेस आई कार्यालय में मना




**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/देवघर।** इंदिरा गांधी प्रियदर्शनी का 39वाँ शहादत दिवस करोंग्राम स्थित कांग्रेस आई कार्यालय में एक सादे समारोह आयोजित कर सक्रिय कार्यकताओं ने मनाया । इस अवसर पर सभी लोगों ने इन्दिरा गांधी के तसवीर पूष्प-माला चढ़ाते हुए उनके बताये मार्गों पर चलने का संकल्प लिया । प्रखण्ड अध्यक्ष संजीव चौधरी ने इन्दिरा गांधी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इंदिरा जी स्वतंत्र भारत की प्रथम महिला जिन्होनें सरकार गठन कर भारत का शानदार नेतृत्व किया। गरीबी हटाओ का नारा के साथ बीससूत्री कार्यक्रम देश को दिया I वहीं 1971 में पाकिस्तान को युद्ध में हराकर बंगला देश निर्माण का श्रेय इंदिरा जी को ही जाता है ।

### फाइलेरिया व कुष्ठ रोगियों के देखभाल को ले सहिया साथी को दी गई अहम प्रशिक्षण



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा ।** नर्सिंग ट्रेनिंग स्कूल जामताड़ा में जामताड़ा प्रखंड अंतर्गत कार्यरत सहिया साथी की बैठक रखी गई। मौके पर फाइलेरिया एवं कुष्ठ रोगियों के विषय में चर्चा किया गया। जिसमें एमपीडब्ल्यू मनोज तिवारी के द्वारा सभी सहिया साथी को क्षेत्र में मौजूद फाइलेरिया रोगियों को किट वितरण करने के विषय में बतलाया गया। साथ ही साथ उन्हें किट का इस्तेमाल करने के विषय में बतलाया गया। फाइलेरिया रोगियों को स्वास्थ्य विभाग के द्वारा किट के रूप में एक टब, मग, तोलिया, साबुन, ग्लोबस एवं एंटीसेप्टिक क्रीम दिया जाता है। जिसका इस्तेमाल फाइलेरिया रोग से संबंधित व्यक्ति प्रभावित अंग का साफ सफाई में करते हैं ताकि फाइलेरिया से प्रभावित अंगों को वेक्टर इंफेक्शन से बचाया जा सके एवं इसके साथ ही साथ उन्हें फाइलेरिया से संबंधित दवा भी दिया जाता है। दवा और किट का इस्तेमाल करने के विषय में सहिया साथी को जानकारी दिया गया। साथ ही साथ हमारे क्षेत्र में जितने भी संभावित कुष्ठ रोगी का पहचान किया गया है उन सभी का स्क्रीनिंग कर उन्हें उपचार हेतु दवा उपलब्ध करने के विषय में जानकारी दिया गया एवं सहिया साथी के बीच परिवार नियोजन से संबंधित कई विषय में जानकारी दिया गया।

### इंदिरा गांधी के पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा ।** इंदिरा गांधी के पुण्यतिथि और सरदार पटेल जयंती पर कांग्रेस जिला कांग्रेस कमेटी और युवा कांग्रेस के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। देश की पहली महिला प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को जिला कांग्रेस कमेटी और युवा कांग्रेस के द्वारा यादगार ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी और युवा कांग्रेस ने ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बारी-बारी से रक्तदान किया। मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिमोहन मिश्रा ने कहा कि देश की पहली महिला प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी आयरन लेडी थी। वे हर हिंदुस्तानी के दिल में है। उन्होंने कहा कि इंदिरा जी की पुण्यतिथि और लौह पुरुष के जयंती पर हमलोगों ने रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि देश के सबसे सशक्त व मजबूत शक्तिशाली आयरन लेडी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के देश हित में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इनके महत्वपूर्ण योगदान से देश को एक नई दिशा मिली।

# संकल्पबद्ध होकर राष्ट्र एवं समाज के लिए काम करने की प्रेरणा एकता दिवस से मिलती है- उपायुक्त

**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा ।** मंगलवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर समाहरणालय सभागार में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी जामताड़ा शशि भूषण मेहरा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय एकता को लेकर शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक जामताड़ा अनिमेष नैथानी, अपर समाहर्ता सुरेन्द्र कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी अजय तिर्की,भूमि सुधार उप समाहर्ता ओम प्रकाश मंडल, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कलानाथ, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी अभय परासर,जिला खनन पदाधिकारी दिलीप कुमार, अंचल अधिकारी अबीश्वर मुर्मू, जिला नियोजन पदाधिकारी विनोद कुमार सहित अन्य पदाधिकारीगण एवं समाहरणालय



संवर्ग कर्मी उपस्थित रहे। मौके पर उपायुक्त शशि भूषण मेहरा ने सर्वप्रथम सभी को राष्ट्रीय एकता दिवस की शुभकामनाएं दीं एवं कहा कि लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के प्रतीक हैं। उन्होंने निस्वार्थ होकर देश के लिए अपने जीवन को समर्पित कर दिया। उपायुक्त ने जिलेवासियों से एकजुट होकर रहने एवं कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि राष्ट्र और समाज के प्रति जो दायित्व है उसका ईमानदारी के साथ निर्वहन किया जाना चाहिए। इस अवसर को संकल्प दिवस के रूप में लेना चाहिए। संकल्पबद्ध होकर राष्ट्र एवं समाज के लिए काम करने की प्रेरणा एकता दिवस से मिलती है।इस अवसर पर उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भरसक प्रयत्न करने, देश की एकता की भावना लेने जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका है साथ ही अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का सत्यनिष्ठा से संकल्प दिलाया। मौके पर उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने 03 पुलिस कर्मियों सम्मानित किया।राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर जिले के अनुमंडल/ सभी 6 प्रखंडों के अलावा नगर निकायों में भी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी सहित संबंधित पदाधिकारी के द्वारा कर्मियों को शपथ दिलाया गया एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल के देश के प्रति योगदान को याद किया गया साथ ही उनके बताए कदमों पर चलने एवं आत्मसात करने के लिए कहा गया।

## शिक्षक अभिभावक बैठक,सुदृढ़ विद्यालय का आधारः डीएसई



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा ।** झारखंड शिक्षक परियोजना परिषद,राँची द्वारा सरकारी विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति और शैक्षणिक वातावरण की स्थिति पर गंभीरता व्यक्त करते हुए शिक्षक अभिभावक बैठक पीटीएम के लिए दिशा निर्देश जारी किया है।वर्तमान शैक्षणिक वर्ष में निर्धारित तीन पीटीएम का पहला आयोजन कक्षा 1 से 5 के बच्चों के लिए दिनांक 1नवम्बर से 7 नवम्बर के बीच होना है। दरअसल जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है पीटीएम का उद्देश्य विद्यालय को बच्चों के लिए निर्बाध शैक्षणिक आकर्षण का केंद्र बनाने के लिए शिक्षक और अभिभावक का बैठकर विचार करना और तत्संबंधी हर बाधा को दूर करना है। इस पीटीएम में चर्चा के महत्वपूर्ण मुद्दों में बच्चों की उपस्थिति और उससे संबंधित कार्यक्रमों की जानकारी अभिभावकों को देना, अभिभावकों की बच्चों को लेकर भूमिका पर उन्हें प्रोत्साहित करना और जवाबदेही से अवगत कराना ,छात्रों द्वारा समुदाय के प्रोत्साहन और सहयोग पर चर्चा एवम शैक्षिक दान हेतु समुदाय का प्रोत्साहन एवम धन्यवाद ज्ञापन करना है। जिला शिक्षा अधीक्षक ने सभी शिक्षकों से अपील किया है कि पीटीएम के सभी बिंदुओं पर सहयोगात्मक वातावरण में विस्तृत चर्चा कर विद्यालय को जीवंत वातावरण प्रदान करें। एपीओ उज्ज्वल मिश्र ने बताया कि इस पीटीएम में बच्चों की उपस्थिति के लिए प्रयास कार्यक्रम की जानकारी अभिभावकों को देते हुए अपने बच्चे को नियमित विद्यालय भेजने को प्रोत्साहित करेंगे एवम अभिभावक गतिविधि कैलेंडर पर चर्चा कर अभिभावकों को शैक्षिक उन्मुख करेंगे।इसके अलावे रेल प्रोजेक्ट,पॉक्सो एक्ट,व्यावसायिक कार्यक्रम एवम कई ऑनलाइन चैटबॉट पर भी चर्चा किया जाना है।

## पाकडिह जज कॉलोनी में 27 नवंबर को होगा ऑल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा ।** झारखंड तहरीक ए उर्दू तंजीम द्वारा आयोजित ऑल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन को लेकर सोमवार संध्या में हाजी रफीक अनवर की अध्यक्षता में मुशायरा मैदान में एक बैठक आयोजित की गई। आपको बता दें कि उक्त बैठक में मुशायरे की तैयारी की समीक्षा की गई। बैठक में विधि-व्यवस्था और अन्य ज़रूरी कार्यों के लिए बनाई गई कमिटी ने भी आपना रिपोर्ट साझा किया। पाकडिह जज कॉलोनी स्थित मैदान में 27 नवंबर 2023 को शाम 8:00 बजे से आयोजित इस अखिल भारतीय मुशायरा सह कवि सम्मेलन के संबंध में हाजी रफीक अनवर ने कहा कि यह मुशायरा उत्कृष्टता,एवं उर्दू भाषा के बढ़ावा देने के संबंध तथा कई अन्य दृष्टि से पहले के दोनों मुशायरे से बेहतर होगा। वही झारखंड तहरीक उर्दू तंजीम के अध्यक्ष अलीमुद्दीन अंसारी एवं सचिव हाफिज मो नाजीर हुसैन ने संयुक्त रूप से कहा की इस मुशायरा में इंटरनेशनल शायरा शबीना अदीब, खुशबू शर्मा, निखत अमरोही, असद आज़मी, बिहारी लाल अंबर, हिलाल बदायूंनी, का शिरकत यकीनी है। मौके पर आरिफ हुसैन, मुख्तार अंसारी, सद्दाम हुसैन, सादिक अंसारी, मुरतजा अंसारी, शमीम अख्तर, आरिफ अंसारी, ताहा अंसारी, यासीन अंसारी, अब्दुल मोबिन, मुस्तफा अंसारी, बबलू अंसारी, इम्तियाज अंसारी, फारूक अंसारी, मौलाना अब्दुल रकीब रहमानी सहित सेकंडों लोग मौजूद थे।

## नाला सीएचसी में एएनएम के साथ हुई समीक्षा बैठक

**दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला (जामताड़ा)।** नाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एएनएम की बैठक हुई ।बैठक की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर लियाकत अंसारी ने की। इस अवसर पर पल्स पोलियो कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर चर्चा की गई साथ ही टीकाकरण, आईएमआई पर समीक्षा की गई। सर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर लियाकत अंसारी ने 10 दिसंबर से एसएनआईडी के कार्यक्रम को लेकर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए साथ ही सभी स्वास्थ्य कर्मियों को संस्थागत प्रसंग कराने तथा मातृ शिशु मृत्यु दर में कमी लाने को लेकर आवश्यक



सुझाव दिए इसके अलावे उन्होंने सभी कार्यक्रमों को युवीन पोर्टल पर अपलोड करने का भी दिशा निर्देश दिए। इसके अलावे टीकाकरण तथा अन्य कार्यक्रमों की प्रगति समीक्षा की गई। इस दौरान पंचायत विकास इंडेक्स को लेकर भी आवश्यक परामर्श दिए गए। इस अवसर पर नोडल चिकित्सक डॉक्टर रामकृष्ण बाबू ने भी सभी एएनएम को संबोधित किया और क्षेत्र में किए गए कार्यों के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर लियाकत अंसारी के अलावे नोडल चिकित्सक डॉ रामकृष्ण बाबू, यूनिसेफ के दिलीप कुमार झा, एसटीटी लक्ष्मी मंडल, संगणक गयासुद्दीन अंजाम, बीपीएम जितेंद्र कुमार पप्पू ,मलेरिया सुपरवाइजर अहमद राजा परवेज ,स्वास्थ्य प्रशिक्षक निरंजन दास, बीटीटी प्रदीप कर ,फील्ड मॉनिटर शिवधन हेंब्रम, मगदली धान ,असुन्ता क्रिस्टोपा,सुनीता कुमारी, कुमारी पूजा ,पुष्प लता ,रूपम कुमारी, नीलू कुमारी ,मेरी स्टेला हेंब्रम, नीलमणि एक्का ,अर्पिता दे, प्रेमा मुर्मू, पूनम कुमारी कविता कुमारी, ईंदू कुमारी नीतू कुमारी ,किरण सिंन्हा, सुधारानी सोरेन ,शकुंतला हेंब्रम, शोभा रानी तिर्की ,सरोज टुडू, मुनमुन दास ठंडा मंडल ,हेमलता, मेघा किस्कु, संगीता मुर्मू ,फुल मनी बेसरा ,प्रीति किस्कु, लक्ष्मी मंडल, स्टैंन शीला सोरेन निरोला हेंब्रम ,निर्मला देवी, आदि मौजूद थे।

### रेलवे अधिकारी एवं कर्मचारियों ने स्टेशन परिसर में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/देवघर।** मधुपुर रेलवे अधिकारी एवं आरपीएफ ने संयुक्त रूप से भारत देश की एकता के सूत्रधार सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में स्टेशन परिसर में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जगह-जगह कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उनके महान और मजबूत व्यक्तित्व एवं कार्यों पर प्रकाश डाला गया। राष्ट्र को एक रखने की शपथ भी ली गई।उनके सशक्त विचारों के प्रचार प्रसार के लिए एवं आजादी राष्ट्र निर्माण व एकीकरण में उनके योगदान से जनता को रूबरू कराया गया। वहीं रेलवे अधिकारी और कर्मचारियों के द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ लिया गया। शपथ में राष्ट्रीय की एकता अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भर्षक पर्यत्न करूंगा।मौके पर स्टेशन प्रबंधक एसके पाठक, रवि शेखर आरपीएफ सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र प्रसाद एएसआई डीपी सिंहा, यु मंडल, सीआईटी एस०सेन गुप्ता एके गोंड़ हेड कांस्टेबल बी कुमार, पी बी सिंह, नकुल मेहरा, बबलू कुमार, एस कश्यप, एम एम कुमार समेत रेलवे पदाधिकारी एवं कर्मचारी एवं आरपीएफ के जवान शामिल थे।

### एकता दिवस पर मधुपुर कॉलेज के छात्रों ने एनएसएस के बैनर तले एकता दौड़ में लिया भाग



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/देवघर।** देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता की मिसाल कायम करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 3 के तत्वावधान में मधुपुर महाविद्यालय द्वारा प्रभारी प्राचार्य डॉ रत्नाकर भारती की अध्यक्षता में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया । इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ लेते हुए राष्ट्रीय एकता दौड़ में भाग लिया तथा पटेल चौक स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया । इस कार्यक्रम में विजेंद्र तुरी, अनीता गुआ हेम्ब्रम, महेंद्र एक्का, प्रेम रोशन एक्का , डॉ अश्वनी कुमार, होरेन हांसदा,रंजीत कुमार प्रसाद, डॉ उत्तम शुक्ला, आशुतोष कुमार, शिवनंदन राय, मुजम्मिल हुसैन, तबस्सुम अंसारी,अंशु श्रीवास्तव, आशुतोष लाला, दिवाकर प्रसाद ,बच्चू प्रसाद राय, प्रियतोश लाला, रेखा कुमारी, कोमल कुमारी, संगीता, शगुफ्ता परवीन, आपसीम परवीन, हिमांशु शेखर, उदय कुमार, रूबल कुमार समेत सैकड़ो छात्र छात्राओं ने एकता दौड़ में भाग लिया।

### जामताड़ा के छहों प्रखंड में कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि और सरदार पटेल की जयंती मनाया



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** आयरन लेडी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती कांग्रेसियों ने श्रद्धापूर्वक मनाया। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर यूथ कांग्रेस की ओर से पुराना सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला कांग्रेस एवं यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। वहीं शाम में शहर के इन्दिरा चौक पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किया। कांग्रेसियों ने उन्हें नमन किया साथ ही प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धापूर्वक याद किया। मौके पर जिला अध्यक्ष हरिमोहन मिश्रा ने कहा कि दोनों इस राष्ट्र के गौरव है और जनता के दिल में बसे हुए हैं। आज कांग्रेस कमेटी उन्हें तन मन से सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने का काम किया है। जिसके तहत रक्तदान शिविर आयोजित कर रक्तदान जीवनदान का संदेश दिया गया। मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी और युवा कांग्रेस ने मंगलवार को ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बारी-बारी से रक्तदान किया। इस अवसर पर मुख्य रुप से कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिमोहन मिश्रा ने कहा कि देश की पहली महिला प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी आयरन लेडी थी। वे हर हिंदुस्तानी के दिल में है। उन्होंने कहा कि इंदिरा जी की पुण्यतिथि और लौह पुरुष के जयंती पर हमलोगों ने रक्तदान किया। उन्होंने कहा देश के सबसे सशक्त व मजबूत शक्तिशाली आयरन लेडी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के देश हित में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इनके महत्वपूर्ण योगदान से देश को एक नई दिशा मिली। कहा कि देश के प्रथम उपमुख्यमंत्री व लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल हमेशा निष्ठा और ईमानदारी के पर्याय रहे व भारत के आर्थिक और औद्योगिक विकास के विजन वाले दिग्गज नेता थे। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी एवं सरदार वल्लभभाई पटेल का देश के प्रति उत्कृष्ट एवं सराहनीय योगदान रहा है। मौके पर यूथ कांग्रेस के जिला महासचिव कृष्णा राम प्रखंड अध्यक्ष असलम अंसारी, विजय कुमार दुबे, अजीत दुबे, हाजी रफीक अनवर, कराली चरण सरखेल, विमल भैया, मुस्तफा अंसारी, विनोद क्षत्रि, सूरज कांत, राहुल दास, राहुल यादव, अभिषेक दास, राजेश कुमार, अभिषेक यादव,, आशीष ठाकुर, शुबोजित कुमार,अशोक दास, विशाल ठाकुर सैंकड़ो कांग्रेसी मौजूद थे।

समारोह | कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर लियाकत अंसारी ने की

## एएनएम की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित

**दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला (जामताड़ा)।** नाला सीएचसी के सभागार में एक समारोह का आयोजन कर सेवा निवृत एएनएम सोना असुन्ता बेसरा को विदाई दी गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर लियाकत अंसारी ने की।इस अवसर पर सभी चिकित्सा पदाधिकारी तथा स्वास्थ्य कर्मियों ने सेवा निवृत्त एएनएम सोना असुन्ता बेसरा को फूल माला पहनाकर बुके देकर तथा शाल ओढ़ा कर एवं अन्य उपहार देकर उन्हें सम्मानित किया और भावभीनी आंखों से विदाई दी। इस दौरान सभी चिकित्सा पदाधिकारी तथा स्वास्थ्य कर्मियों ने उनके कार्यों के बारे में अपना-अपना अनुभव व्यक्त किया।इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर लियाकत अंसारी ने कहा कि एएनएम सोना असुन्ता बेसरा अपने कार्यकाल में बहुत ही कर्तव्यनिष्ठ और कर्तव्य परायण रही वे अपने कार्यों का निर्वहन बखूबी बहुत ही कुशल लता पूर्वक निष्पादन किया है उन्होंने कहा कि सोना असुन्ता बेसरा अपने 35 साल के कार्यकाल में बहुत ही सराहनीय और प्रसंसनीय कार्य किए हैं। उन्होंने उनके सुखमय जीवन तथा स्वस्थ शरीर एवं दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर सभी स्वास्थ्य कर्मियों ने अपना-अपना विचार व्यक्त किया।



इस अवसर पर डॉ रामकृष्ण बाबू ने कहा कि पिछड़े सुदूर क्षेत्र में सेवा प्रदान कर उन्होंने एक मिसाल कायम किया है ।आज से 35 साल पूर्व जब न सुगम सड़क थी ना ही किसी प्रकार का संसाधन था उस विपरीत परिस्थिति में भी उन्होंने हंस-हंसकर समर्पित भाव से अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है। इससे अवसर पर मलेरिया सुपरवाइजर अहमद राजा परवेज ,संगणक गयासुद्दीन अंजाम, स्वास्थ्य प्रशिक्षक निरंजन दास,प्रधान सहायक जवाहरलाल झा, बीपीएम जितेंद्र कुमार पप्पू, एसटीटी लक्ष्मी मंडल, बीटीटी प्रदीप कर, एएनएम कुमारी पूजा, राज लक्ष्मी मंडल, सुधा रानी सोरेन, ललिता कुमारी, एमपीडब्ल्यू शांति मय मंडल, एमपीडब्ल्यू प्रदीप टुडू आदि सबों ने संबोधित कर उनके कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर निर्मला देवी, निराला हेंब्रम,मेरी स्टैंनशीला हेंब्रम,एनी एलिजा सोरेन राजलक्ष्मी मंडल ,प्रीति किस्कु, फुल मनी बेसरा ,संगीता मुर्मू ,मेघा किस्कु हेमलता, ठंडा मंडल मुनमुन दास ,मल्लिका मरांडी सरोज टुडू ,शोभा रानी तिर्की, शकुंतला हेंब्रम ,सुधारानी सोरेन, किरण सिन्हा, नीतू कुमारी, इंदु कुमारी, पूनम कुमारी ,कविता कुमारी ,प्रेम मुर्मू अर्पिता दे, नीलमणि एक्का, मेरी स्टेला हेंब्रम,नीलू कुमारी,रूपम कुमारी आदि स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# नाला पीडब्ल्यूडी में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद की हुई बैठक

**दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला (जामताड़ा)।** नाला पीडब्ल्यूडी में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद की बैठक मुखिया सोनहरी हेंब्रम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य कन्हाई चंद्र माल पहाड़िया तथा राज्य कार्यकारिणी सदस्य सह प्रभारी जामताड़ा पशुपति कोल मुख्य रूप से मौजूद थे। मालूम हो कि बैठक की कार्यवाही के पूर्व कामरेड जालिम सिंह खजूरी का शोक प्रस्ताव में 1 मिनट का मौन रखा गया । तत्पश्चात 8 नवंबर 2023 को नाला विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन जो की पाकुड़िया में आयोजित होगी, के सफल क्रियान्वयन को लेकर चर्चा की गई। बताया गया कि उक्त सम्मेलन में राज्य सचिव और केंद्रीय नेतागण शिरकत करेंगे। वहीं बैठक के दौरान 26 नवंबर 2023 को भाकपा राजभवन में महापड़ाव में जामताड़ा




जिले से सैकड़ो की संख्या में भाग लेने के लिए प्रस्थान करेंगे, उक्त संबंध में भी विस्तृत चर्चा की गई एवं अंतिम निर्णय लिया गया। इसके अलावा स्थानीय विभिन्न समस्याओं को लेकर भी चर्चा की गई ।किसानों के सभी तरह के लोन माफी, सुखाड़ राहत योजना मनरेगा में व्यापक लूटपाट। झारखंड की स्थाई नीति 1932 खतियान आधारित हो। इसके बारे में चर्चा की गई वहीं वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत आदिवासियों को वन भूमि पर पट्टा देने ,नौजवानों को रोजगार देने ,नौकरी बहाली करने आदि विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई, साथ ही भारत सरकार की जन विरोधी नीति के खिलाफ महंगाई, बेरोजगारी संविधान बचाओ देश बचाओ, भाजपा हटाओ आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई वहीं लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर भी सभी कामरेड को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर राज्य कार्यकारिणी सदस्य कामरेड पशुपति कोल, कामरेड तुषार कांति मंडल, विमल कांति घोष, बलराम राय, आयेन चंद्र माजी, काली पद राय, मंगल टुडू ,सोनहरी हेंब्रम ,मिहिर मंडल, हुबीश्वर सोरेन, सुबल मंडल, सुरेश कुमार दास, कृष्ण गोराई, स्वपन मंडल गोपीनाथ मंडल, नदिया नंद मंडल, सुबोध कुमार घोष सत्यनारायण बेसरा, बबलू दास ,मृत्युंजय तिवारी आदि मौजूद थे।

## ख़ास ख़बर

### बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड ने स्वेच्छिक रक्तदान शिविर का किया आयोजन

**सम्वाददाता संतोष दुबे, बलरामपुर**। जनपद बलरामपुर बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड उतरौला मे स्वेच्छिक रक्तदान शिविर का शुभारंभ महाप्रबंधक गन्ना संजीव कुमार शर्मा मानव संशाधन प्रमुख बृजेश चन्द्र मंडल डॉ. विक्रमादित्य प्रधान बिश्वनाथ चौधरी तथा पावर प्लांट के मानव संशाधन प्रमुख प्रमोद कुमार त्रिपाठी एवं वैभव सिंह प्रशासनिक अधिकारी के उपस्थिति में इकाई प्रमुख राकेश यादव ने फीता काटकर रक्तदान कार्यक्रम का शुभारंभ किया उक्त रक्तदान शिविर का आयोजन डॉक्टर फरहान हिमांशु तिवारी तथा उनकी टीम जो कि संयुक्त जिला चिकित्सालय बलरामपुर के सहयोग से बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड के उतरौला इकाई में किया गया जिसमे शुगर और पावर प्लांट के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने स्वेक्षा से रक्तदान किये तथा उनको को प्रमाण पत्र दिया |

### मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर ने जिला संयुक्त चिकित्सालय का निरीक्षण किया



**बलरामपुर**। बलरामपुर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने जिला। सयुक्त चिकित्सालय का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान दो चिकित्सक समेत चार कर्मी अनुपस्थित पाए गए निरीक्षण के दौरान जे एस वाई ,डायलिसिस यूनिट, डेंगू वार्ड, पैथोलॉजी कोआवशयक निर्देश दिए निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधीक्षक सहित अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे

### चोरी की मोटरसाइकिल बरामदगी के मामले में आरोपित को मिलीं जमानत





**वाराणसी**। चोरी व बरामदगी के मामले में आरोपित को कोर्ट से राहत मिल गयी। प्रभारी सत्र न्यायाधीश संजीव कुमार सिन्हा की अदालत ने नई बाजार सैयदराजा चन्दौली निवासी आरोपित मिथलेश कुमार को 50-50 हजार रुपये की दो जमानते एवं व्यक्तिगत बंधपत्र देनें पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता नीरज यादव ने पक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी राकेश अपनी बाईक 10 अक्टूबर 2023 को 12.30 बजे सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, चितईपुर, वाराणसी आया था। जब बैंक से 01.15 बजे बाहर निकला तो उसकी बाईक नहीं थी. चोरी हो गयी थी। विवेचना मुखबिर की सूचना पर पुलिस बल द्वारा अभियुक्त मिथिलेश कुमार 12 अक्टूबर 2022 को टिकरी डेराबीर मार्ग वैदेही उपवन के पास गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई।

### राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर भाजयुमो द्वारा रन फॉर यूनिटी का आयोजन



**सम्वाददाता संतोष दुबे, बलरामपुर**। बलरामपुर जनपद सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस पर भाजयुमो की जिला इकाई द्वारा रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्पोर्ट्र्स स्टेडियम के विभिन्न खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इस बार रन फॉर यूनिटी का आयोजन स्पोर्ट्र्स स्टेडियम से बड़ा परेड,माया होटल होते हुए पुनः स्टेडियम तक किया गया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को सरदार बल्लभ भाई पटेल की जीवनी के बारे में विस्तार से बताया गया।

### शक्ति स्मारक संस्थान बलरामपुर मे लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल जयंती समारोह का आयोजन



**सम्वाददाता संतोष दुबे, बलरामपुर** । जनपद बलरामपुर स्तिथि शक्ति स्मारक संस्थान आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिस मे भारत रत्न, लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की जयंती के पावन अवसर पर शक्ति स्मारक संस्थान दुल्हीनपुर जनपद बलरामपुर में आयोजित अंतरमहाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2023 का भव्य उद्घाटन कर शुभारंभ किया।तथा प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए विजेता पहलवानों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित किया। कार्यक्रम अयोजकों द्वारा अभूतपुर हार्दिक स्वागत वंदन अभिनंदन से आनंदित एवं अभिभूत हूं। तथा इस सफल आयोजन हेतु आप सभी द्वारा प्राप्त इस अपार स्नेह और आशीर्वाद, प्यार पाकर हृदय द्रवित होकर हार्दिक आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित करता हूं । मा प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और कुशल नेतृत्व में खेलो इंडिया अभियान, सांसद खेल स्पर्धा और फिट इंडिया मूवमेंट से गांव-गांव खेल और खिलाड़ियों को जो प्रोत्साहन मिला है, उसका परिणाम है कि आज हमारे खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय फलक पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। देश में विगत नौ सालों से खेल खिलाड़ियों को व्यापक मंच भी मिला है।खेल और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है हमारी सरकार। इससे खेल प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराने के प्रयास को और व्यापकता मिलेगी।

# वित्तीय जागरूकता पर दो दिवसीय कार्यशाला का समापन



**वाराणसी**। हरिश्चचंद्र महाविद्यालय के समिति कक्ष में राष्ट्रीय प्रतिभूति बाजार संस्थान (NISM) द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यशाल का मंगलवार को समापन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत 30 अक्टूबर 2023 को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रजनीश कुँवर के अध्यक्षीय भाषण के साथ हुआ था। कार्यशाला के दूसरे दिन की शुरुआत कार्यक्रम को-ऑर्डिनेटर प्रो. जगदीश सिंह के वक्तव्य के साथ हुआ। प्रो. जगदीश सिंह ने छात्रों को वित्तीय बाजार से जुड़ी जानकारियां जैसे- प्राथमिक बाजार, द्वितीयक बाजार, डेब्ट फण्ड, इक्विटी फण्ड आदि के बारे जानकारी दी एवं वर्तमान समय में हो रहे विभिन्न तरीकों से धोखाधड़ी करने वालो से बच कर रहने की सलाह भी दी। कार्यक्रम के अगले चरण में सेबी के रिसोर्स पर्सन दीपक कुमार द्वारा डेरिवेटिव्स, फ्यूचर एंड ऑप्शन ट्रेडिंग, पोर्टफोलियो मैनेजमेंट के साथ ही यह बताया गया कि कैसे हम एक अच्छा पोर्टफोलियो बनाकर शेयर बाजार से लाभ कमा सकते हैं। एवं दूसरे रिसोर्स पर्सन मोनी साहू ने बचत खाता, चालू खाता, चेक बुक ,डिमैट एकाउंट आदि कैसे खोला जाता है इसके बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम समापन के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर विश्वनाथ वर्मा ने छात्रों को वर्तमान समय में हो रहे वित्तीय धोखाधड़ी एवं साइबर धोखेबाजी करने वालो से विशेष रूप से बच कर रहने की सलाह दी। इसी के साथ कार्यक्रम के को-ऑर्डिनेटर प्रो. जगदीश सिंह के अनुमति से संचालक करुणेश ओझा द्वारा कार्यक्रम के दो दिवसीय कार्यो की संछिप्त रूपरेखा प्रस्तुत करने के बाद कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। कार्यक्रम में कुल अर्थशास्त्र विषय के लगभग 80 छात्रों ने प्रतिभाग किया, कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रो.अशोक कुमार, प्रो. गजेंद्र दास, अजय कुमार, अमित पांडेय एवं रविकांत कसौधन आदि उपस्थित रहे।

## गैर इरादतन हत्या व भ्रष्टाचार के मामले में दो सिपाही बरी





**वाराणसी**। गैर इरादतन हत्या, भ्रष्टाचार व जातिसूचक शब्द प्रयोग करने के मामले में दो जीआरपी सिपाहियों को न्यायालय से मंगलवार को बड़ी राहत मिल गयी। विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (रजत वर्मा) की अदालत ने प्रयागराज जीआरपी सिपाही कृष्ण कुमार सिंह व आलोक कुमार पांडेय को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता वरूण प्रताप सिंह ने पक्ष रखा। प्रकरण के मुताबिक वादी अर्जुन भुइया ने प्रयागराज जीआरपी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि 20 जनवरी 2022 को हावड़ा मुंबई, मेल रेलवे स्टेशन ऊंचडीह प्रयागराज जीआरपी सिपाही कृष्ण कुमार सिंह व आलोक कुमार पांडेय के द्वारा वादी मुकदमा व उसके मित्र के साथ मारपीट की गई। धक्का मुक्की से वादी मुकदमा का मित्र अरुण भुईया ट्रेन से नीचे गिर गया व उसकी मृत्यु हो गई। उक दिनांक समय व स्थान पर अभियुक्तगण ने अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के सदस्य के साथ अपराध किया तथा अभियुक्तगण रेलवे पुलिस जैसे लोकसेवक के पद पर रहते हुए शिकायतकर्ता अर्जुन भुईया से मु. दो सौ रिश्वत प्राप्त किया। अभियुक्तगण के द्वारा लोक सेवक के पद पर कार्य करते हुए उक्त कृत्य कारित कर लोकसेवक के रूप में अपनी स्थिति का दुरूपयोग करके अपने लिए धनसंबंधी लाभ अभिप्राप्त किया व आपराधिक अवचार कारित किया।

## स्वामीनाथ सिंह सुरेंद्र महाविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम आयोजित



**सिकंदरपुर, बलिया**। श्री स्वामीनाथ सिंह सुरेंद्र महाविद्यालय धर्मपुर काजीपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना कि दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती "राष्ट्रीय एकता दिवस" के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पी०के० तिवारी द्वारा मां सरस्वती एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक/ स्वयंसेविकाओं द्वारा सरस्वती गीत तथा देश भक्ति गीतो को प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम अधिकारी द्वारा सभी को शपथ ग्रहण कराई गई। इसके उपरांत रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं की अलग-अलग दौड़े कराई गई।कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री राजकुमार मल्ल, नजरे आलम, चित्रलेखा तिवारी, कुसुमलता यादव, हसीना खातून, अश्वनी सिंह, बृजेंद्र श्रीवास्तव, कामेश्वर प्रसाद इत्यादि की सहभागिता रही। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी सुनील कुमार एवं नीरज कुमार सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफलता के लिए आदित्य प्रताप सिंह 'सोनू' द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## "मासिक को करिकुलम एक्टिविटी" के अंतर्गत बच्चों ने किया कला का प्रदर्शन



**सिकंदरपुर,बलिया**। क्षेत्र के कटघरा जमालपुर स्थित आर. एस. एस. गुरुकुल एकेडमी के प्रांगण में मंगलवार को प्रबंध निदेशक माननीय जय प्रताप सिंह और गुड्डू सिंह के दिशा निर्देशन में "मासिक को-करिकुलम एक्टिविटी" के अंतर्गत बच्चों ने दीया निर्माण कर अपनी कला का प्रदर्शन किया। जिसमें सभी कक्षा के बच्चों की सहभागिता रही।प्रतियोगिता के समय प्रबंधन समिति द्वारा अवलोकन करके बच्चों को प्रोत्साहित किया गया।निर्णायक समिति में श्री नितेश गुप्ता, श्री जुबेर अहमद एवं श्री धर्मेंद्र कुमार जी के द्वारा निरीक्षण के पश्चात ग्रुप अ, ब, स और द से निम्नलिखित बच्चों ने अपना स्थान सर्वोपरि बनाया। ग्रुप अ नर्सरी से अशफिया ने कक्षा में प्रथम, एल. के. जी. से आराध्या सोनी ने कक्षा में प्रथम जबकि यू.के.जी. से मोहम्मद अरहान ने कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। ग्रुप न से मयंक कुमार 4 बी प्रथम चांदनी शर्मा 3 बी द्वितीय, वर्तिका स्वरूप आर्या 20 बी और अलशिफा 3 ए से तृतीय स्थान प्राप्त किया | ग्रुप स से सान्बी सिंह 7h ए प्रथम, प्रियंका कुमारी 7 बी द्वितीय, रिया सिंह 8 बी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया | ग्रुप द से अंशिका यादव 10 बी प्रथम, दिव्या वर्मा 9 ए द्वितीय और अजय गुप्ता 10 ए ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।इस "दीया निर्माण प्रतियोगिता" का निरीक्षण विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती निशु सिंह जी के द्वारा किया गया। निर्देशिका जी ने सभी बच्चों को आशीर्वचन दिया तथा भविष्य में निरंतर आगे बढ़ाने की सलाह दी। इस प्रतियोगिता का संचालन प्रशासनिक इंचार्ज श्री अजीत कुमार यादव जी ने किया। अंत में सभी बच्चों को प्रबंध निदेशक महोदय द्वारा आशीष वचन तथा जीवन में निरंतर आगे बढ़ाने की सलाह दिया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के समस्त अध्यापक गण उपस्थित होकर अपने उत्तरदायित्व का पालन करते हुए मिले अंत में संस्था के उप प्रधानाचार्य श्री विनोद दुबे जी द्वारा बच्चों को प्रोत्साहित करके आशीर्वचन दिया गया।

### पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 283/23 धारा 376/452 भादवि0 से सम्बन्धित अभियुक्त गिरफ्तार



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर**। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री योगेश कुमार व क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर श्री राघवेंद्र सिंह के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक तुलसीपुर श्री अशोक कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 31.10.2023 को थाना तुलसीपुर के नि0 राकेश पाल मय हमराह का0 अर्जुन कुमार का0 संजीत कुमार पुलिस टीम के द्वारा थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर में पंजीकृत मु0अ0सं0 283/23 धारा 376/452 भादवि0 से सम्बन्धित अभियुक्त इशहाक पुत्र जाफर अली नि0 नरायन जोत सांई पुरवा थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर को मोहनपुर पो0 मुझहनी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त इशहाक पुत्र जाफर अली नि0 नरायन जोत साई पुरवा थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया ।

### अखण्डता व सुरक्षा की भावना को सुदृढ करने हेंतु राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर**। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री योगेश कुमार द्वारा पुलिस कार्यालय बलरामपुर व रिजर्व पुलिस लाइन बलरामपुर में सरदार बल्लभ भाई पटेल जी के जन्मदिवस पर मनाये जा रहे राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एकता,अखण्डता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से जनपदीय पुलिस को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई गई। इस दौरान महोदय द्वारा सरदार पटेल जी के जीवनवृत्त पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि भारत की एकता और समृद्धता सरदार वल्लभभाई पटेल जी के जीवन का एकमात्र ध्येय था। उन्होंने अपनी चट्टान जैसी दृढ़ इच्छाशक्ति, राजनीतिक विद्वता व कठोर परिश्रम से 550 से अधिक रियासतों में बँटे भारत को एक संगठित राष्ट्र बनाने का काम किया। सरदार पटेल का राष्ट्र को समर्पित जीवन व देश के पहले गृहमंत्री के रूप में देश-निर्माण के कार्य हमें सदैव प्रेरणा देते रहेंगे।

### राष्ट्रीय एकता व सद्भावना को लेकर खेजुरी पुलिस द्वारा जागरूकता रैली आयोजित



**खेजूरी,बलिया**। राष्ट्रीय एकता व सद्भावना को लेकर खेजुरी पुलिस द्वारा जागरूकता रैली आयोजित की गई। रैली में पुलिस कर्मचारियों ने अपने-अपने मोटरसाइकिलों पर सवार होकर सद्भावना का संदेश दिया। इस दौरान सीओ सिकंदरपुर भूषण वर्मा ने मोटरसाइकिल सवार पुलिस कर्मियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इससे पहले सीओ ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को समाज देश हित के लिए कार्य करना चाहिए। हमारा देश युवाओं का देश है, जिसमें युवाओं को सकारात्मक सोच के साथ राष्ट्र के नव निर्माण मे अहम भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने युवा शक्ति को महान बताते हुए कहा कि बेहतर शिक्षा प्राप्त करने के साथ-साथ खेलकूद सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। विश्व में भारत देश की पहचान बनाने का काम करें, जाति-पाति धर्म को छोड़कर समाज की भलाई के लिए कार्य करें। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि रास्ता रोकना, पत्थरबाजी करना, सरकारी संपति को नुकसान पहुंचाना, आगजनी करना किसी व्यक्ति को बेवजह नुकसान पहुंचाना गलत है। इसलिए युवा इन सबसे बचकर रहे। इस अवसर पर खेजुरी थाना प्रभारी निरीक्षक अनिता सिंह, उ. नि. अमरजीत यादव, उ. नि. पन्नालाल, उ. नि. रमेश चन्द्र यादव, उ. नि. सकिल अहम,द उ. नि. धर्मवीर यादव का. मनीष यादव आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर भाजयुमो द्वारा रन फॉर यूनिटी का आयोजन



**सम्वाददाता संतोष दुबे, बलरामपुर**। बलरामपुर जनपद सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस पर भाजयुमो की जिला इकाई द्वारा रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्पोर्ट्र्स स्टेडियम के विभिन्न खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इस बार रन फॉर यूनिटी का आयोजन स्पोर्ट्र्स स्टेडियम से बड़ा परेड,माया होटल होते हुए पुनः स्टेडियम तक किया गया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को सरदार बल्लभ भाई पटेल की जीवनी के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में लोकसभा संयोजक शंकर दयाल पांडे,भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह,तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला,सदर विधायक पलटुराम,नगर पालिका अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू,ब्लॉक प्रमुख राकेश तिवारी,जिलाध्यक्ष भाजयुमो संदीप वर्मा,जिला महामंत्री भाजपा वरुण सिंह,जिला महामंत्री भाजयुमो अक्षय शुक्ला,अमन बंसल,सौरभ तुलस्यान,अजीत ओझा,अमर नाथ शुक्ला समेत भाजयुमो के विभिन्न पदाधिकारी,जिला क्रीड़ा अधिकारी उपस्थित रहें।

सुविधा | सुविधा साड़ी 2 साल पूर्ण होने पर अभिनेत्री महिमा चौधरी पधारी

# सुविधा साड़ीज सिगरा की दूसरी वर्षगांठ पर साड़ी लेने पहुंची अभिनेत्री महिमा चौधरी



**वाराणसी**। ब्रांड और एक नाम बन चुका सुविधा साड़ी 2 साल पूर्ण होने पर अभिनेत्री महिमा चौधरी पधारी। सुविधा साड़ीज के मुखिया अमित शेवारमानी ने बताया कि सुविधा साड़ी को आप सभी का आशीर्वाद ऐसा मिला की एक के बाद कई दुकाने व होटल खोले गये। उन्होंने बताया कि आजादी के समय 1947 में हमारे दादा श्रीनारायण दास शेवारामानी ने नारायण दास - के नाम से सूटिंग एवं शर्टिंग, मार्किंग, पॉपलींग और साड़ी की दुकान खोलीं थी। फिर तरूण साड़ी, सुविधा साड़ी, संतुष्टि साड़ी, रंगवर्षा साड़ी उसके बाद राजमहल होटल खुला, सुविधा अर्दली बाजार और फिर 31 अक्टूबर 2021 को सिगरा स्थित सुविधा साड़ीज खुला गया।

**ग्राहको का विश्वास जीतकर सुविधा साड़ी बनी पूर्वांचल में ब्रांडः** श्री अमित ने बताया कि दादा श्रीनारायण दास शेवारमानी के पांच पुत्र है, जिसमें बड़े पुत्र केशव दास शेवारामानी ने कंधे से कंधा मिलाकर साथ दिया। दशाशश्वमेध स्थित जो तरूण साड़ी नामक दुकान है वह उनकी दुनिया ही बन गयी। उन्होंने ग्राहको का विश्वास जीता। दिनरात करके एक नाम कमाया। नाम कमाने के बाद नई पीढ़ी को एक उर्जा दी और समझाया कि हमने बना दिया है अब सवारना आप लोग के हाथ में है। सुविधा साड़ीज के निर्देशक अमित शेवारमानी ने कहा कि हमलोगों की संस्था को और आगे बढ़ाने में जो सबसे बड़ा नाम है वह श्रीमनोहर लाल शेवारामानी (पप्पू भैया)। इन्होंने दिन को दिन नहीं समझा रात को रात नहीं समझा। रात - रातभर जागकर दुकान को बनवाना, एक-एक ईट को जोड़ने का काम किये। ये अपने-आप में सराहनीय था। उनके अंदर एक अलग सा जज्बा है। इन पांचो भाईयों का कार्य बस व्यापार में है, दुकान के प्रति वह समर्पित रहते है। पांचों भाईयों मे एक अलग सा जज्बा है कुछ कर गुजरने की चाहत थी। इन्हीं लोगों की वजह से बनारस में ही नहीं बल्कि पूरे पूर्वांचल में सुविधा, सुविधा, सुविधा साड़ीज को जानने जाने लगा। हर महिला की चाहत और पहली पसंद सुविधा साड़ी हो गयी। सुविधा ब्रांड बनाने में पूरे परिवार का एक बहुत बड़ा योगदान है।

**डेढ़ सौ से लेकर तीन लाख तक की साड़ी उपलब्धः** सुविधा साड़ीज के निर्देशक अमित अमित शेवारामानी ने कहा कि काशी में सुविधा साड़ी की सिगरा में तीसरी शाखा है। पहली गोदौलिया व दूसरी अर्दली बाजार में हैं, लोगों की असुविधा व ट्रैफिक जाम को देखते हुए सिगरा पर खोल दिया गया है। उन्होंने कहा हमारे यहां हर वेरायटी की साड़ी मिलेगी।

# लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर एक दिवसीय संगोष्ठी संपन्न



**वाराणसी**। रामनगर स्थित आचार्य सीताराम चतुर्वेदी महिला महाविद्यालय मे देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर एक दिवसीय संगोष्ठीः राष्ट्रीय एकता के सूत्रधार सरदार वल्लभभाई पटेल आयोजित किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा कुलगीत प्रस्तुत किया गया। सरदार वल्लभभाई पटेल, आचार्य सीताराम चतुर्वेदी के चित्र पर तथा मां सरस्वती के मूर्ति पर मुख्य अतिथि प्रो. श्रीनिवास ओझा, अवकाश प्राप्त आचार्य, संस्कृत विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी, महाविद्यालय की निदेशिका एवं पूर्व कुलपति, जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया, उ0 प्र0 प्रो. कल्पलता पांडेय तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय शंकर मिश्र ने माल्यार्पण कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया।संगोष्ठी में महाविद्यालय के शिक्षक डॉ. अभिजीत एवं छात्राएं आस्था ओझा, साक्षी सिंह आदि ने सरदार जी के बारे में अपने-अपने विचार व्यक्त किये। मुख्य अतिथि प्रो. श्रीनिवास ओझा ने संगोष्ठी में कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का देश के स्वतंत्रता में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि सरदार जी अपने माता-पिता के योग्य सन्तान थे। योग्य संतान का होना बड़े गौरव व भाग्य की बात होती है। स्वतंत्रता के पश्चात देश के एकीकरण में सरदार जी की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने छोटे-छोटे राज्यों को स्वतंत्रता के पश्चात अपने विवेक, साहस व संयम से देश में शामिल किया। वह सच्चे देश भक्त थे। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए प्रो. कल्पलता पांडेय ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल गांधी जी को अपना गुरु मानते थे। गांधी जी के कहने पर सरदार जी ने प्रधानमंत्री का पद अस्वीकार कर दिया था। सरदार जी ने अपने परिवार के किसी भी सदस्य को दिल्ली आकर मिलने से स्पष्ट मना किया था। परिवारवाद को बढ़ावा न देकर राष्ट्रवाद को बढ़ावा देना उनका मुख्य उद्देश्य था। प्रो. कल्पलता ने मुख्य अतिथि का सम्मान अंगवस्त्र व तुलसी का पौधा देकर किया। संगोष्ठी मे उपस्थित लोगो का धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय की शिक्षिका प्रतिभा गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में डॉ.अरुण कुमार दुबे, डॉ. रजनी श्रीवास्तव, डॉ. रचिता सिंह, जया तिवारी, श्रीमती अंकिता आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# खास खबर

## राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मावली की सुश्री रिद्धिमा चौधरी राजस्थान को दिलाया सिल्वर मेडल



**जमुनेश आमेटा /दैनिक शुभ भास्कर /राजस्थान / उदयपुर** । मावली छात्र रिद्धिमा चौधरी ने असते दा अखाड़ा खेल में राजस्थान को दिलाया सिल्वर मेडल तथा स्थानीय विद्यालय की छात्रा सुश्री रिद्धिमा चौधरी ने हाल ही में महाराष्ट्र में सतारा हुई राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर राजस्थान उदयपुर मावली जंक्शन एवं स्थानीय विद्यालय की छत्ता कृति माली ने अंडर 17 वर्ष आयु वर्ग में 48 kg5वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त कर राजस्थान को ब्रोंज मेडल जीत कर तीसरा स्थान प्राप्त राजस्थान उदयपुर मावली जंक्शन का नाम रोशन किया साथी मावली का मान बढ़ाया ईश्वर पार्क मावली प्रिंसिपल मांगीलाल बलाई अमनदीप कौर हरीश जी भेरूलाल मेघवाल कार्यवाहक प्रधानाचार्य श्रीमती पूजा मेहता मुकेश जी सैनी पीटीआई सीमन तुलसीराम गायरी द्वारा छात्रों का स्वागत किया साथ छात्रों के माता-पिता काभी सम्मान किया गया।

## प्रेम प्रसंग में प्रेमिका ने की आत्महत्या प्रेमिका के पिता ने लगाई प्रशासन पर गंभीर आरोप



**दरभंगा।** सदर सोनकी ओपी क्षेत्र अंतर्गत जफरा गांव में सोमवार की रात्रि प्रेम प्रसंग में प्रेमिका ने की आत्महत्या। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक के पिता प्रवीण लालदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि 21 अक्टूबर 2023 को सोनकी बाजार स्थित केक हाउस में बर्थडे सेलिब्रेशन करते हुए अमन के साथ बेटी निधि को देखा गया था जिसको लेकर अमन के परिवार वालों के साथ बात करके दोनों को शादी करने की बात कही गई पर अमन के परिवार नहीं माने अमन कुमार के मामा को गंगिया निवासी मनोहर लाल देव के द्वारा धमकी दिया गया की शादी विवाह नहीं करेगा मेरा भांजा जो करना है कर लो तो 23 अक्टूबर 2023 को अमन कुमार सहित पिता सुधीर लाल देव,, मामा मनोहर लाल देव,दोस्त सुमित कुमार,अमन कुमार,विपिन कुमार, गोलू ,अमरजीत कुमार, सहित कई अन्य दोस्त पर आवेदन में नाम दर्ज है।वही निधि के पिता प्रवीण लालदेव ने बताया कि बेटी के साथ धोखाधड़ी करते हुए करीब दो साल से शारीरिक संबंध भी बनाया शराब के नशे में। वही सोनकी ओपी प्रभारी रुदल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 2 सालों से तांता निवासी सुधीर कुमार लाल देव के पुत्र अमन कुमार जो 2 सालों से शादी का झांसा देता था। 23 अक्टूबर 2023 को कई लोगों पर नाम से केस दर्ज किया गया है और सभी के यहां छापेमारी चल रही है गिरफ्तारी को लेकर।

## सनहा में ग्रामीणों ने मनाई सरदार पटेल की 148 वीं जयंती



**टंडवा।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जगहों में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 148 वीं जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। सनहा गांव में फोटो के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान वक्ताओं द्वारा अपने संबोधन में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जीवनी पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। दूसरी ओर ग्रामीण अशोक महतो ने पिछले दो वर्ष आयोजित कार्यक्रम में मौजूद रहे स्थानीय विधायक किसुन दास द्वारा लौह पुरुष का भव्य प्रतिमा बनाने तथा पटेल मैदान के समतलीकरण कराने की घोषणा को महज सब्जबाग बताते हुवे खेद व्यक्त किया। साथ ही विधायक द्वारा झूठे वादे करने के भी आरोप लगाये गये। जिसपर मौजूद लोगों ने भी नाराजगी व्यक्त किया। वहीं राजेश महतो ने कहा कि वक्त आने पर इस छलावे का ग्रामीण भी जरुर जबाब देंगे।आपको बता दें सनहा में पिछले छः वर्षों से सरदार पटेल की भव्य जयंती लगातार होते आ रहा है। इस मौके पर सुमन भारतीय,रोहन महतो, नितेश अंबानी, धर्मनाथ महतो, बिजली महतो, मुनेश्वर महतो,उगन भुईयां, सुनील महतो, बिनोद महतो, प्रकाश महतो समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## 10वीं गोवा गोल्ड कप 2023 के फ़ाइनल में झारखंड टी 20 टीम ने किया प्रवेश



**दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता, देवघर।** गोवा मडगांव में चल रहे इस प्रतियोगिता में झारखंड टीम एक फिर नेशनल चैंपियनशिप प्रतियोगिता में कब्ज़ा करने जा रही है बात करें झारखंड राज्य टी 20 टीम के कप्तान राजकुमार प्रिंस और सभी खिलाड़ियों ने पहले मैच में तमिलनाडू फिर दिल्ली को हरा कर फाइनल में जगह बनाई है साथ ही अगर झारखंड 1 नवंबर को होने वाली फाइनल मुकाबले में जीत हासिल करने में सफल होती है तो राजकुमार प्रिंस के कप्तानी में झारखंड टीम नेशनल चैंपियनशिप जीत की हैट्रिक बनाकर इतिहास रच देगी। 31 को छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के बीच दूसरा सेमी फ़ाइनल होगी जो जीतेंगे वो झारखंड से फाइनल में खेलेगी।

# नेशनल टीम ने किया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भटेवर का निरीक्षण



**सुनील कुमार मिश्रा/ दैनिक शुभ भास्कर /राजस्थान / उदयपुर।** राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम ( NQAS) के तहत जिले के वल्लभनगर ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भटेवर का राष्ट्रीय टीम ने निरीक्षण किया।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामनिया ने बताया कि पिछले वर्ष राज्य स्तर से गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम में प्रमाणित होने पर राज्य सरकार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भटेवर को राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणीकरण हेतु आवेदन किया था जिससे भारत सरकार द्वारा डॉ आरती सोनी और अकीला अंसारी निरीक्षण करने के लिए दिनांक 30 और 31 अक्टूबर को भटेवर पधारे।दो दिनों तक टीम ने सभी मापडण्डो पर भारत सरकार द्वारा निर्धारित चेक लिस्ट के अनुसार सभी विभागों का निरीक्षण किया गया।ओपीडी, आईपीडी, लेब,लेबर रूम, राष्ट्रीय कार्यक्रम और जनरल सभी विभागों का निरीक्षण किया और कमियां होने पर दो दिनों में पूरी करने को कहा।अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रागिनी अग्रवाल ने ने बताया कि अस्पताल की साफ-सफाई, बायोवेस्ट मैनेजमेंट, निशुल्क जांच, निशुल्क दवा वितरण, उपकरणों उपलब्धता ,मानव संसाधन आदि मानकों पर निरीक्षण किया गया।टीम को संस्था प्रभारी डॉ अंकित अवाना,क्वालिटी चैंपियन डॉ मनीष सिंह , वल्लभनगर बीसीएमओ डॉ कुलदीप लोहार,भीण्डर बीसीएमओ डॉ संकेत जैन, बीपीएम निवेदिता जोशी और समस्त स्टाफ ने सभी मापडण्डो को बारीकी और विस्तार से रिकार्ड सहित समझाया।सभी स्टाफ सदस्यों ने पुछे गये सवालों का सही-सही जवाब पूरे विश्वास से दिया।टीम के साथ जिला स्तर से सहयोग के लिए डीपीएम सदाकत अहमद,डॉ शुभम गोयल, डॉ भुपेंद्र जनवा,डॉ कैलाश गुर्जर,डॉ पीयूष व्यास, नर्सिंग आफिसर गणेश प्रकाश चौधरी और सुनील शर्मा एवं अन्य प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से आये नर्सिंग आफिसर्स एवं सीएचओ उपस्थित रहे। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भटेवर के सब सेंटर के सी एच ओ और ए एन एम ने निरीक्षण के दौरान पूरा साथ दिया। भटेवर सरपंच हेमंत अहीर ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर अच्छा कार्य किया जा रहा है।

## कांग्रेसियों ने दी स्व इंदिरा गांधी और सरदार वल्लभ भाई पटेल को श्रद्धांजलि



**चंदन कुमार गुप्ता, रांची झारखंड** । आज दिनांक 31 अक्टूबर 2023 को पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी जी के शहादत दिवस पर युवा कांग्रेस के तमाड़ विधानसभा अध्यक्ष नीतीश पांडे के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष नीतीश पांडे ने कहा कि इंदिरा गांधी आयरण लेडी के नाम से जानी जाती है।वो विश्व की शक्तिशाली महिला नेत्री थी।उनके नेतृत्व में भारत ने अनेक उपलब्धियां हासिल की। पाकिस्तान के दो टुकड़े कर बंगलादेश को एक अलग देश बनाने में इंदिरा गांधी जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा था।साथ ही उपस्थित युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती पर उन्हें भी याद किया ओर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भी श्रद्धांजलि दी। मौके पर तमाड़ पश्चिमी प्रखंड अध्यक्ष रोशन कामती अड़की प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश मुण्डा तमाड़ प्रखंड महासचिव बिनीत सिंह रोहित हजाम सत्यदेव सेठ रहीम हजाम विकाश सेठ चंदन हजाम सोनु सेठ पुष्कर हजाम पियुष पांडे आदी उपस्थित थे।

## धनेश्वर टेक्सटाइल कर्मी से पूर्व के लूट मामला के मुख्य अपराधी गिरफ्तार



**धर्मेंद्र यादव।** रहिका थाना पुलिस ने लगभग दो माह पूर्व लूट के प्रयास मामले में एक अपराधी को गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया। बताते चलें कि थाना क्षेत्र में लगभग दो माह पूर्व शाम के समय थाना क्षेत्र के रहिका से जयनगर जाने वाली मुख्य सड़क रहिका दुर्गापुर विमल झा के दुकान के सामने दो मोटरसाइकिल पर सवार दो दो व्यक्ति ने धनेश्वर टेक्सटाइल लिमिटेड कंपनी का सेल्समैन मलंगिया गांव निवासी रामचंद्र चौधरी के पुत्र संतोष चौधरी वसूली का रुपया लेकर जयनगर से सतघरा अपने मालिक के घर जा रहे थे कि उन्हें रोक कर बैग एवं पैसा लुटने का प्रयास किया गया था। उसी समय धनेश्वर टेक्सटाइल के मालिक धनेश्वर महतो पीछे स्कॉर्पियो से आ रहे थे तो देखा की मेरे सेल्समैन के साथ लूटने का प्रयास किया जा रहा है। तभी स्कॉर्पियो को रोका। स्कॉर्पियो को रुकते देख मोटरसाइकिल पर सवार दो अपराधी भाग गए तथा दो अपराधी को खदेड़ा गया। जिसमें एक अपराधी रहिका दुर्गास्थान निवासी वासुदेव कामत का पुत्र राजेश कुमार कामत मोटरसाइकिल के साथ पकड़ा गया।रहिका थाना अध्यक्ष के द्वारा पूर्व में प्राथमिकी दर्ज किया गया था।थानाध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक राजकिशोर कुमार ने बताया कि इस कांड में शामिल रहिका मोमिन टोल निवासी मोहम्मद अहसान उर्फ गनौर को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसी कांड में पूर्व में राजेश कामत को जेल भेजा गया था। वही मोहम्मद अहसान का कई आपराधिक इतिहास रहा है।

# छात्र संघ ने केवीएस कॉलेज के सहायकों पर आर्थिक शोषण का लगाया आरोप



**मन्नी भगत/ बेनीपट्टी।** अनुमंडल के मात्र एक अंगीभूत महाविद्यालय कालिदास विद्यापति साइंस कॉलेज उच्चैठ के छात्र संघ अध्यक्ष सुधीर कुमार यादव के नेतृत्व में संघ के पदाधिकारियों ने काउंटर सहायकों पर छात्रों के साथ आर्थिक शोषण का आरोप लगाते हुए महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. आलोक कुमार पाठक के पास एक ज्ञापन सौंपा है। छात्र संघ के द्वारा दिए गए शिकायत पत्र में कहा गया है कि महाविद्यालय में सभी नामांकन काउंटर पर करीब 7 वर्षों से सहायक का स्थानांतरण नहीं हुआ है। जिसका फायदा उठाते हुए सहायकों द्वारा लगातार छात्राओं का आर्थिक शोषण किया जा रहा है। जबकि विभागीय नियम के तहत सभी काउंटर सहायकों का समय-समय पर बदली होना चाहिए था। लेकिन लेकिन कई वर्षों से यहीं जमे हुए हैं। नामांकन और सीएलसी देने में भी अधिक राशि लिया जाता है। जिसका शिकायत छात्राओं द्वारा लगातार छात्र संघ के पदाधिकारियों के पास किया जा रहा है। इसीलिए महाविद्यालय हित में सभी काउंटर सहायकों का स्थानांतरण किया जाए। यदि इस गंभीर समस्या का समाधान जल्द नहीं किया जाता है तो तो मजबूरन छात्र संघ महाविद्यालय में आंदोलन करने को बाध्य होंगे। जिसकी सारी जवाबदेही कॉलेज प्रशासन की होगी। वही इस संबंध में प्रधानाचार्य डॉ. आलोक कुमार पाठक ने कहा कि छात्रों ने भी सहायकों के कार्य शैली और अनुशासनहीनता को लेकर शिकायत किया है। आज छात्र संघ के शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए आरोपी सभी सहायकों से स्पष्टीकरण पूछा गया है। जिसका जवाब तीन दिनों के अंदर देने को कहा है। प्रधानाचार्य ने कहा अगर शो कॉज नोटिस का समुचित उत्तर नही दिया जाता है। तो आगे की कार्रवाई हेतु विश्वविद्यालय को लिखा जायेगा।ज्ञापन सौंपने में छात्र संघ अध्यक्ष सुधीर कुमार यादव, सचिव अभिषेक कुमार चौरसिया, परिषद सदस्य सतीश कुमार, मोहम्मद कमाल, जिला महासचिव दीपक कुमार, कन्हैया यादव, राजा कुमार, सतीश भंडारी और संगठन के मधवापुर प्रखंड उपाध्यक्ष अविनाश कुमार शामिल थे।

## सांसद हेमा मालिनी से मंकी सफारी के लिए मांग की



**मथुरा।** जनता पुकारे बंदर सफारी मंच ने सांसद हेमा मालिनी से मंकी सफारी के लिए बजट आवंटन कराने की मांग की। मंच के संयोजक लाल जी भाई शास्त्री और मंडल के पदाधिकारी पंडित संजय हरियाणा, एड० रजत शर्मा (पत्रकार) ने बंदर सफारी के विषय को सांसद हेमा मालिनी को अवगत कराया। जनपद के पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में सांसद को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि मंच की मुहिम के पश्चात जानकारी हुई है कि डीएफओ ने मंकी सफारी की पत्रावली कमिश्नर आगरा को भेज दी है। अब इस समस्या के विषय में समाधान के लिए शासन स्तर पर पैरवी करने की मांग की है। पंडित संजय हरियाणा ने कहा कि बंदरों के उत्पात से जान माल की हानि होती या रही है। इस समस्या से जनपद की जनता भयभीत हो रही है। जो पहले बंदर पकड़ने का अभियान चलाया गया था वो भी पूर्ण रूप से बंद हो चुका है। इस गंभीर विषय पर लाल जी भाई शास्त्री ने कहा कि इसका सही विकल्प मंकी सफारी ही है। एड० रजत शर्मा (पत्रकार) ने जानकारी देते हुए बताया कि बृज में तीर्थ यात्रियों को भी इस समस्या का सामना करना पड़ता है क्यों कि बन्दर किसी पर भी अचानक हमला कर देते हैं। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए सांसद हेमा मालिनी ने इसको चिंता का विषय बताया। उन्होने कहा जब वो पहली बार सांसद चुनी गई थी तभी से उनका प्रयास जारी है। वन विभाग द्वारा कुछ अड़चनें रही थीं उनको भी समस्या से अवगत कराकर समझाने का प्रयास किया जाएगा और आश्वासन देते हुए बताया कि वो पूर्ण प्रयास करेंगी जिससे जल्द से जल्द मंकी सफारी बने जिससे बंदरों की और जनता की सुरक्षा हो सके।

## चाँदशहर पंचायत में झामुमो की कमेटी का हुआ पुनर्गठन, राजेश नदाब बने अध्यक्ष



**संगवाददाता, अब्दुल वहाब, उधवा/साहिबगंज।** प्रखंड के चाँदशहर पंचायत की जमशेद मास्टर के प्रांगण में मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पार्टी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष तमरूद्दीन शेख ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि संजीव सामु हेंब्रम, केंद्रीय सदस्य प्रो नजरूल इस्लाम,जिला अध्यक्ष शाहजहां अंसारी शामिल हुए। वहीं बैठक में विचार-विमर्श कर झामुमो चाँदशहर पंचायत कमेटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से राजेश नदाब को अध्यक्ष, बरकत शेख को सचिव, केशरुल शेख कोषाध्यक्ष, समरुल शेख व नज्जु शेख को उपाध्यक्ष, हसमत शेख, मोस्ताकिम शेख को संगठन सचिव, तस्लीम नदाब,अजय कुमार रजक को संयुक्त सचिव, एमामुल शेख, जैनुल आबेदीन शेख, सईफुल शेख, रतन नदाब,जहांगीर शेख व अन्य को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को संजीव सामु हेंब्रम, प्रो नजरूल इस्लाम, शाहजहां अंसारी,तमरुद्दीन शेख व कीनू सोरेन के हाथों माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सभी को ईमानदारी और निष्ठा पूर्वक पार्टी हित में काम करने का संकल्प दिलाया गया। वहीं सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पार्टी के पंचायत स्तर पर पद दिए जाने पर पार्टी के प्रति आभार व्यक्त किया है। मौके पर पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अनवारुल हक़, किनु सोरेन, टीपू सुल्तान, शाहजहां शेख, सरफराज उर्फ पिंटू शेख आदि थे।

## जनप्रतिनिधियों ने महापंचायत बुलाकर अपराधियों पर नकेल कसने को लेकर बनाई रणनीति



**मन्नी भगत/ मधवापुर।** प्रखंड क्षेत्र के सलेमपुर पंचायत के बुनियादी विद्यालय परिसर में ग्रामीणों की महापंचायत बुलाई गई। जिसकी अध्यक्षता सरपंच अजय कुमार वर्मा ने किया। महापंचायत में ग्रामीणों ने बढ़ रहे चोरी और डकैती की घटना पर निंदा व्यक्त करते हुए सुरक्षा की जिम्मेदारी खुद उठाने का निर्णय लिया। बैठक में युवाओं की टीम बनाकर रात्रि गश्त करने, शराब कारोबारियों को चिन्हित करने, शरारती तत्वों पर नजर रखने, ग्रामरक्षा को एक्टिव करने, इनके पारितोषिक की व्यवस्था सामाजिक सहयोग से करने, सभी वार्डों में रौशनी के स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था, खराब पड़े लाइट की मरम्मती करवाने समेत अन्य मुद्दों पर परिचर्चा किया गया। सरपंच अजय कुमार वर्मा ने कहा कि पिछले दिनों सलेमपुर में भीषण चोरी की वारदात हुई। जहां एक दो नही बल्कि सात घरों को निशाना बनाया गया। शराब कारोबार फल फूल रहा है। घटनाएं आम हो गई है। हम ग्रामीण पुलिस के भरोसे बैठ नही सकते है और पुलिस के पास कई कार्य है। साहरघाट में डकैती कांड के बीच पुलिस का चेहरा सामने आया है। इसलिए हम सभी ने निर्णय लिया है कि ग्रामीण एकजुट होकर समाज की सुरक्षा करेंगे। शरारती तत्व और शराब कारोबारियों को चिन्हित कर इसकी सूचना पुलिस को दी जाएगी, ताकि समाज को सुरक्षित रखा जा सके। मौके पर मुखिया अनिरुद्ध राय, पूर्व मुखिया रामबहादुर साह, रामसेवक साह, पूर्व सरपंच रामसरोवर राय, पूर्व प्रेरक पीतांबर गुप्ता, वशिष्ट नारायण यादव, राजीव साह, दिलीप राम, भोला साह, राजेश रौशन, श्याम सुंदर दास, नर्सिंग मंडल, ब्रजेश झा, राजू पासवान, रामचंद्र साह, विनोद साह एवं सभी जनप्रतिनिधि समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं इंदिरा गांधी का बलिदान दिवस पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए



**दैनिक शुभ भास्कर /प्रकाश बारोट/राजस्थान।** डूंगरपुर जिला कांग्रेस कार्यालय डूंगरपुर में आज सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं इंदिरा गांधी जी का बलिदान दिवस श्रद्धा सुमन अर्पित करने के साथ ही मनाया गया इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ नेता जन अनुसूचित जाती वित् विकास आयोग के अध्यक्ष शंकर यादव ,डूंगरपुर विधायक गणेश घोगरा ,वरिष्ठ नेता नानूराम माली, नारायण पंड्या, भरत नागदा, केवलराम कोटेड, उप जिला प्रमुख सुरता परमार पूर्व प्रधान बसंत बागड़िया,बालकृष्ण परमार ,खातुरामबागड़िया,कपिल चौबीसा हेमराज अहारी जयकुमार पोपटलाल समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आयोजन | लौह पुरुष सरदार पटेल जी ने देश को एकता के सूत्र में बांधा है

# देश की एकता अखंडता के सूत्रधार व पक्षधर थे लौह पुरुष सरदार पटेल : किशोर कुमार



**दैनिक शुभ भास्कर, सुभाष चंद्र झा, सहरसा।** महान स्वतंत्रता सेनानी और देश के प्रथम उपप्रधानमंत्री,गृह मंत्री,सूचनामंत्री,रियासत मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर मंगलवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन बैजनाथपुर के पटेल चौक पर सरदार पटेल जयंती समारोह समिति और नव निर्माण मंच द्वारा किया गया।समारोह के मुख्य अतिथि ज़िला भुअर्जन पधादीकारी रवींद्र कुमार,विशेष अतिथि ज़िला शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार,प्रखंड विकास पधादीकारी नेहा कुमारी,अंचलाधिकारी अनुपम कुमारी,डॉ राणा जयराम सिंह,स्वामी दुगानंद सरस्वती,एवं कार्यक्रम के संयोजक पूर्व विधायक किशोर कुमार,सियाराम मेहता,कोशल किशोर यादव,मधुसूदन मण्डल,नरेश जायसवाल,उमेश यादव,गणेश पटेल जी सहित सैकड़ो लोगो ने बैजनाथपुर पटेल चौक पर अवस्थित सरदार बल्लभ भाई पटेल के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।उसके बाद मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर कहा कि सरदार पटेल जी ने देश को एकता के सूत्र में बांधा।उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक किशोर कुमार जी को धन्यवाद देते है की उन्होंने पटेल जी का प्रतिमा निर्माण कर पुण्य का कार्य किया है। उक्त अवसर पर नव निर्माण मंच के संस्थापक सह पूर्व विधायक किशोर कुमार ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि हमारा भी मानना है कि देश तभी मजबूत होगा जब हम समाज को एकता के सूत्र में बांधे रख पाएंगे। सभा की अध्यक्षता अवकाशप्राप्त अंचल निरीक्षण सीताराम मेहता ने किया।किशोर कुमार ने कहा कि सरदार पटेल देश की एकता के सूत्रधार हैं लेकिन आज सत्ता की लालच में उसके कमजोर करने का फैशन चल रहा है। सत्ता सुख के लिए समाज का बंटवारा किया जा रहा है।आज राजनीति को जाति धर्म से अलग करना कठिन चुनौती हो गयी। देश के नेता कह रहे हैं, कांग्रेस देश को मुस्लिम राष्ट्र बनाएगी, जो बेहद निंदनीय है। सरदार पटेल ने हिंदू-मुस्लिम एकता को बनाए रखने की पूरजोर कोशिश की थी।राज्यों की एकीकरण में उन्होंने ऐसी ओछी राजनीति की जगह देश की एकता को जरुरी समझा था।वहीं राज्य को जातीय हिंसा में झोंकने की साजिस रची जा रही है।उन्होंने कहा कि सरदार पटेल एक मजबूत, अडिग और दृढ संकल्पित व्यक्तित्व के धनी थे। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी से प्रभावित होकर उन्होंने स्वतंत्रता आन्दोलन में भाग लिया। सरदार पटेल को भारत का लौह पुरुष कहा जाता है। गृहमंत्री बनने के बाद भारतीय रियासतों के विलय की जिम्मेदारी उनको ही सौंपी गई थी। उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए 562 सौ छोटी बड़ी रियासतों का भारत में विलय कराया। देशी रियासतों का विलय स्वतंत्र भारत के लिए कठिन चुनौती थी जिसे पटेल जी ने बगैर खून-खराबा कर दिखाया।

## इंदिरा गांधी के 39वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता अजमेर आलम गौनाहा।** प्रखंड मे 31 अक्टूबर को एनएसयूआई, अल्प संख्यक कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा देश की एकता एवं अखण्डता के लिए अपनी प्राणों की बलिदान देने वालीं देश की प्रथम एवं एकमात्र महिला प्रधानमंत्री भारतरत्न, आयरन लेडी स्व इंदिरा गांधी की 39वी पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्वर्गीय इंदिरा गांधी का जन्म 19 नवंबर, 1917 को प्रयागराज में हुआ था. वह जनवरी 1966 से मार्च 1977 तक प्रधानमंत्री रहीं. इसके बाद 1980 में वह फिर से प्रधानमंत्री बनीं। 31 अक्टूबर 1984 को इंदिरा गांधी के ही दो अंगरक्षकों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी जिस समय उनके आयु 67 साल की थी।वहीं युवा कांग्रेस के ज़िला प्रवक्ता सुभान अली द्वारा इंदिरा गाँधी की पुण्यतिथि पर उनकी चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। जिसके बाद उन्होंने कहा कि मैं देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री को शत् शत् नमन करता हूं आज देश को फिर से एक ऐसे ही प्रधानमंत्री की आवश्यकता है जो महिलाओं को सुरक्षा दे सके। क्योंकि देश में बीजेपी सरकार में महिलाओं के साथ बढ़ते अत्याचार से आज पूरा देश शर्मसार हो रहा है। वही अल्प संख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष नदीम फिरोज़ ने कहा कि आज हमारे देश का एक राज्य मणिपुर जल रहा है और प्रधानमंत्री विदेश के मामलो में व्यस्थ है। मौके पर अल्प संख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष नदीम फिरोज़, युवा कांग्रेस के प्रखंड उपाध्यक्ष आदित्य शर्मा, युवा कांग्रेस प्रखंड महासचीव अभिजित शर्मा, एनएसयूआई पूर्व अध्यक्ष साहिल खान, पृथ्वी यादव युवा समाज सेवी माधोपुर पंचायत दानिश फिरोज़ सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ख़ास ख़बर

### लम्बी उम्र की कामना लेकर महिलाएं रखेंगी व्रत



**ब्यूरो आवेश अंसारी, गोण्डा।** करवा चौथ के पर्व को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही है। करवा से संबंधित सामानों की बिक्री बाजारों में धूम मचाए हुए है। ऐसे में कृष्ण पक्ष की चतुर्थी में मनाए जाने वाले इस पर्व की हिन्दू धर्म में बड़ा महत्व है। जहां महिलाएं पूरा श्रृंगार कर पूजा अर्चना के साथ करवा चतुर्थी के दिन निराहार रहकर के अन्न और जल का त्याग करके पति की लम्बी आयु की कामना के लिए व्रत रखेंगी। करवा चतुर्थी के दिन पड़ने वाला पर्व करवा चौथ बुधवार को मनाया जाएगा। जिसको देखते हुए जहां बाजारों में करवा से संबंधित सामानों की खरीदारी जोरों पर रही। वहीं इस पूजा के लिए मिट्टी का करवा छलनी और कांस के तृण का होना खासा महत्व है।

### सीडीओ की अध्यक्षता में हुई उद्योग बंधु की बैठक



**ब्यूरो आवेश अंसारी, गोण्डा।** गोण्डा कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी एम अरुन्मौली ने जिला उद्योग बंधु, व्यापार बंधु व श्रम बंधुओं के साथ बैठक की जिसमें उन्होंने सभी उद्यमियों, व्यापारियों व श्रम बंधुओं द्वारा उठाई गयी समस्याओं को सुना। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के निर्देश दिए कि उद्यमियों व्यापारियों एवं श्रम बंधुओं की समस्याओं का समय से निस्तारण करायें। विभाग द्वारा चलायी जा रही सभी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि जिन उद्यमियों द्वारा उद्यम लगाने हेतु आवेदन किया गया है उन्हें जो भी सुविधा उपलब्ध कराई जा सकती है उसे उपलब्ध कराया जाए।

### लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** बीकापुर में मंगलवार को अखंड भारत के शिल्पी लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में विकासखंड बीकापुर के शेरपुर खपरैल गांव में जयंती समारोह का आयोजन कर विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किये। विचार व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से सपा के जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव समाजसेवी हजारीलाल चौरसिया राजेश यादव मस्तराम पासवान मुकुल आनंद प्रेमचंद यादव सहित क्षेत्र की अनेक जानी-मानी हस्तियों ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के राष्ट्र के प्रति किए गए योगदान को याद किया तथा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

### सपा कार्यालय पर मनायी गयी सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** समाजवादी पार्टी कार्यालय गुलाबबाड़ी पर सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई, पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय, जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की, इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे ने कहा कि आज लौहपुरुष, राष्ट्रीय एकीकरण के शिल्पकार, भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती है, सरदार वल्लभ भाई ने देश के एकीकरण में बहुत अहम भूमिका निभाई, यही वजह है कि उन्हे एकता का प्रणेता माना जाता है, जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि सरदार पटेल बेहतरीन नेतृत्व और प्रशासनिक क्षमताओं के लिए भी जाने जाते हैं, पूरे राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोने वाले सरदार पटेल को भारत का बिस्मार्क भी कहा जाता है, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि सरदार पटेल का जन्म एक किसान परिवार में हुआ था, महात्मा गांधी जी ने सरदार पटेल को लोह पुरुष की उपाधि दी थी, उन्होंने भारतीय प्रशासनिक सेवाओं को मजबूत बनाने में काफी जोर दिया, महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया !

### धूमधाम से मनाया सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** राष्ट्रीय लोकदल कार्यकर्ताओं ने भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 148 वीं जयंती के अवसर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया प्रेस क्लब में पटेल जी के चित्र पर फूल माला चढ़कर जन्मदिन धूमधाम से मनाया । तत्पश्चात किसानों की समस्याओं को लेकर महामहिम राज्यपाल को संबोधित छः सूत्रीय ज्ञापन प्रेस क्लब में पहुंचे जिलाधिकारी के प्रतिनिधि अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अभिषेक सिंह को दिया ज्ञापन के मध्य से महामहिम राजपाल महोदय से मांग किया की उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देशित करें कि किसानों की फसल पर एम.एस. पी. की गारंटी दिया जाये गन्ना मूल्य 400रु प्रति कुन्टल तत्काल घोषित किया जाए तथा आलू, धान सहित कृषि उत्पादों का लाभकारी मूल्य तय कर एम.एस.पी. कानून बनाए जाने के साथ ही यह भी मांग की है कि प्रदेश में अनेक जिलों में धान की फसल खेत में पानी के अभाव में सुख गई है सरकार सर्वे कराकर राहत प्रदान करे और पूरे प्रदेश में धान को सुखा से बचने के लिए किसानों ने मोटर लगाकर बिजली से अपने खेतों की सिंचाई की है जिन पर बिजली विभाग ने जुर्माना लगाया है माफ किया जाय बेसहारा पशुओं से किसानों की फसल के बचने का उपाय किया जाए।

# इजरायली आक्रामकता व बमबारी के खिलाफ विरोध रैली आयोजित

**किशनगंज, (अली रेज़ा सिद्दीकी)।** ऑल इंडिया मजलिस इत्तेहादूल-मुस्लिमीन के तत्वाधान में आज सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक फिलिस्तीन के पीड़ितों के समर्थन में एक दिवसीय रैली आयोजित की गई और प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया जिसमें किशनगंज एवं आसपास के क्षेत्रों से हजारों लोगों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम को आयोजित करने वाले संगठनों में मजलिस इत्तेहादूल-मुस्लिमीन, मजलिस उलमा मिल्लत किशनगंज, मजलिस अहरार इस्लाम बिहार, राष्ट्रीय उलेमा काउंसिल बिहार, अमन इंसानियत फाउंडेशन, बहादुरगंज, मौलाना सरवर इमाम कूम्मी शिया जामा मस्जिद किशनगंज और अन्य के नाम शामिल हैं। आज इस विरोध कार्यक्रम और प्रार्थना सभा में उल्लिखित संगठनों के नेताओं में अख्तरूल ईमान, मौलाना शमीम रियाज़ नदवी, आदिल हसन, मौलाना सरवर इमाम कूम्मी, इश्तियाक अहमद, आफताब अज़हर सिद्दीकी, मौलाना मुज़मील , इंजीनियर आफताब अहमद, मदरसा अमजदिया कदम रसूल के संचालक कारी मोहसिन रजा, एमआईएम के जिला अध्यक्ष



इसहाक आलम, डॉ. मुहम्मद अली सिद्दीकी, मासूम रजा, मौलाना महबूब आलम, मौलाना व मुफ्ती इजहार कासमी और मौलाना इलियास मुखलिस आदि ने भाग लिया और फ़िलिस्तीन की स्थिति और उत्पीड़ित फ़िलिस्तीनियों पर इज़रायल की अत्यंत बर्बरता और क्रूर हिंसा का एक दर्दनाक दृश्य प्रस्तुत किया और दमनकारी इज़रायली बमबारी से आए दिन शहीद होने वाले उत्पीड़ित फ़िलिस्तीनियों के समर्थन में नारे लगाये गए। इस अवसर पर श्री अख्तरूल इमान ने कहा कि हम किशनगंज वासियों द्वारा जुल्म के ख़िलाफ़ आवाज़ उठाकर मानवतावाद का सबूत देने की सराहना करते हैं। उन्होंने कहा कि इस विरोध और प्रार्थना कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोग शामिल हुए। जो देश के सभी लोगों के लिए एक संदेश है कि आप भी मानवता के शत्रु इजराइल के जुल्म और अत्याचार के खिलाफ अपनी आवाज उठाएं। मजलूमों का साथ देकर इंसानियत की मिसाल दें । श्री अख्तरूल इमान ने इस बात पर जोर दिया कि आज जरूरत इस बात की है कि पूरी दुनिया के सभी शांतिप्रिय, न्यायप्रिय और सत्य-खोज लोग जाति, धर्म, पंथ और संप्रदायवाद से ऊपर उठकर बड़ी संख्या में मानवता के आधार पर काम करें। .जुल्मी इजराइल के खिलाफ संगठित होइए और उत्पीड़ित फिलिस्तीनियों के पक्ष में आवाज उठाइए. उन्होंने कहा कि फिलिस्तीन की गाजा पट्टी पर इजराइल की बेहद क्रूर और नरसंहार बमबारी से पूरी दुनिया गम और गुस्से से भर गई है।

## ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षात्मक बैठक



**किशनगंज,(अली रेजा सिद्दिकी)।** किशनगंज प्रभारी जिलाधिकारी - सह- उप विकास आयुक्त ,स्पर्श गुप्ता की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक जिला परिषद सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्यमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास के जीर्णोधार हेतु देय सहायता राशि से लाभूकों का जीर्णोधार कार्य शीघ्र पूर्ण कराने का निदेश दिया गया। इसी प्रकार सीएम आवास योजना अन्तर्गत प्रथम किस्त प्राप्त लाभूकों से आवास पूर्ण करने का निदेश सभी बीडीओ को दिया गया। स्वच्छता योजना के तहत सभी पंचायतों में बन रहे अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई (WPU) का निर्माण कार्य पूर्ण कराते हुए कचरा पृथक्करण करने का निदेश दिया गया। साथ ही, पंचायत के लाभूको से नियमित रूप से उपयोगिता शुल्क वसूल करने का निदेश दिया गया। पंचायत सरकार भवन की जमीन उपलब्ध कराने के लिए सभी सीओ को निदेश किया गया। उक्त बैठक में एडीएम, जिला पंचायत राज पदाधिकारी,निदेशक डीआरडीए, अनुमण्डल पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, बीपीएम जीविका, व अन्य पदाधिकारी /कर्मी उपस्थित थे।

## एनसीसी कैंप के पांचवें दिन कैडेटो को एस एस बी कैंप मे भ्रमण कराया गया

**मोतिहारी।** पीपराकोठी के जवाहर नवोदय विद्यालय में दिनांक 27 अक्तूबर से चल रहे एन.सी. सी.के "एक भारतःश्रेष्ठ भारत"कैंप का आज का पांचवा दिन शैक्षिक परिभ्रमण के नाम रहा।आज उड़ीसा डायरेक्ट्रेट के कैडेटों को पीपराकोठी स्थित एस. एस.बी.कैंप का दिग्दर्शन करवाया गया।इस परिभ्रमण का उद्देश्य भारत नेपाल सीमा पर कार्य कर रहे सशस्त्र सीमा बल की कार्यपद्धति की जानकारी प्राप्त करना है।इस टीम का नेतृत्व लेफ्टिनेंट भवानी शंकर पांडा,सूबेदार दिवाकर गुरुंग,हवलदार नारायण गुरुंग और लश्कर सुमन कुमार ने किया।इसी तरह बिहार एवं झारखंड डायरेक्ट्रेट के कैडेटों को मदर डेयरी प्लांट पीपराकोठी ले जाया गया जहां उन्होंने डेयरी के कार्य कलापों की जानकारी प्राप्त की। इनका नेतृत्व सूबेदार देव बहादुर,हवलदार कैलाश थापा और लश्कर जितेंद्र कुमार ने किया।बिहार और झारखंड के कैडेटों को भी एस. एस.बी. कैंप पीपराकोठी का परिभ्रमण कराया गया।उड़ीसा राज्य से आए



कैडेटों को भी मदर डेयरी प्लांट पीपराकोठी ले जाया गया।इस टीम का नेतृत्व नायब सूबेदार दिवाकर गुरुंग,हवलदार नारायण गुरुंग और लश्कर सुमन कुमार ने किया। संध्या वेला में एन.आई. ए.पी. (नेशनल इंटीग्रेशन अवेयरनेस प्रोग्राम)का रिहर्सल हुआ जिसमें बिहार,झारखंड और उड़ीसा राज्य की सांस्कृतिक त्रिवेणी प्रवाहित हुई जिसका भरपूर रसास्वादन कैंप के पदाधिकारियों,प्रशिक्षकों और कैडेटों ने किया। कैंप को डिजाइन करने में कैंप कमांडेंट ब्रिगेडियर नीलकमल(सेना मेडल और विशिष्ट सेवा मेडल) तथा डिप्टी कैंप कमांडेंट कर्नल प्रदीप कुमार सिंह(सेना मेडल)की अति विशिष्ट भूमिका रही है।यह जानकारी कैप्टन(डॉ.)अरुण कुमार ने दी ।

## स्व0 इंदिरा गांधी के देश के प्रति समर्पण एवम बलिदान को कभी भूलाया नहीं जा सकता है

**किशनगंज, (अली रेजा सिद्दिकी)।** आज किशनगंज सदर अस्पताल में कांग्रेस नेता एवम जिला बीस सूत्री के उपाध्यक्ष असगर अली पीटर के नेतृत्व में स्व. इंदिरा गांधी की शहादत दिवस पर मरीजों के बीच फल वितरण किया गया। कांग्रेस पार्टी के द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि को शहादत दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। ईसी क्रम में मंगलवार को जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष सह कांग्रेस प्रदेश महासचिव असगर अली उर्फ पीटर के द्वारा सदर अस्पताल में मरीजों के बीच फल का वितरण किया गया और उनके जल्द सेहत मंद होने की कामना की गई। इस मौके पर श्री असगर अली पीटर ने कहा की मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। उन्होंने कहा की शहादत दिवस के रूप में भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री श्रीमति इंदिरा गांधी जिन्हें दुनिया आयरन लेडी के नाम



से भी जानती है की पुण्यतिथि मनाई जा रही है। वहीं उन्होंने कहा की मरीजों के बीच फल वितरण के साथ साथ मोतिहारा तालुका में महादलित टोला में भी फल वितरण कार्यक्रम किया गया। इस दौरान कई परिवार के बीच फल सामग्री वितरण किया गया। इसके अलावा कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया । इस मौके पर शंभु यादव,नसीम अहमद,मो शमशुल, मोहम्मद मुस्तकीम सहित अन्य लोग मौजूद थे। इस अवसर पर श्री असगर अली उर्फ पीटर ने कहा कि स्व.इंदिरा गांधी का देश के प्रति समर्पण एवम बलिदान को कभी नहीं भूलाया जा सकता है। पूरे विश्व में उन्होंने अपनी कार्यशैली, अपनी क्षमता एवम अपनी योग्यता से भारत की जो मजबूत पहचान स्थापित की है वह हम भारतीयों की आने वाली नस्लों तक के लिए प्रेरणादायक है।

### स्वच्छता से गांधी के सपनों का भारत निर्माण करें: एच के यादव

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** मंगलवार को स्वच्छता पखवाड़ा के समापन अवसर पर मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर एच के यादव ने प्रधान डाकघर व मण्डल कार्यालय के सफाई मित्र किरन देवी, माला देवी, मालती देवी, प्रमोद कुमार को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया साथ ही कर्मचारियों के एक साथ मिलकर मण्डल कार्यालय में अलमारी आदि स्थानों पर सफाई कर फिर से स्वच्छता अभियान का संदेश देते हुए सफाई भी किया साथ ही सभी उपस्थित कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। इस दौरान प्रवर अधीक्षक डाकघर श्री यादव ने कहा कि आज के दौर में सफाई मित्रों का सम्मान किया जाना आवश्यक है इन्ही के कार्यकुशलता से स्वच्छ भारत का सपना साकार होगा साथ ही एकजुट होकर कालोनी में रह रहे कर्मियों को आसपास साफ सफाई एवं कूड़े को कूड़ेदान में ही डालने का सन्देश दिया।

### आलू का बोरा ट्रक से उतारते वक्त ट्रक का खलासी और किसान विद्युत लाइन की चपेट में, खलासी की मौत

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** कोतवाली रुदौली अन्तर्गत एक कोल्ड स्टोरेज में आलू का बोरा ट्रक से उतारते वक्त ट्रक का खलासी और किसान 11000 की विद्युत लाइन की चपेट में आ गए। जिसमें खलासी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि किसान का इलाज चल रहा है। कोतवाली रुदौली के ग्राम बहरास के किसानों ने अयोध्या के कोल्ड स्टोर में आलू रखा था। आलू की बुवाई का सीजन होने पर गांव में आलू का बीज कोल्ड स्टोर से ट्रक से मंगलवार को गांव आया था। ग्रामीणों के मुताबिक ट्रक ग्यारह हजार की हाई टेंशन लाइन के नीचे सुबह खड़ा हो गया। किसानों ने ट्रक से आलू का बीज उतार लिया। इसी दौरान खलासी ट्रक पर चढ़ कर तिरपाल सही करते समय ऊपर से गई ग्यारह हजार की हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गया।

### कर्मचारियों के हितों को लेकर सौपा गया सात सूत्रीय ज्ञापन

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ द्वारा सफाई कर्मियों के हितों को ध्यान में रखते हुए अयोध्या इकाई के अध्यक्ष शिवजी वर्मा , जिला मंत्री कमला प्रसाद यादव , संगठन मंत्री अनिल यादव , कोषाध्यक्ष बबिता राज के नेतृत्व में जिला पंचायत राज अधिकारी को सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा है I ज्ञापन सौंपने के बाद जिला पंचायत राज अधिकारी को संगठन के अध्यक्ष, जिलामंत्री , संगठन मंत्री कोषाध्यक्ष स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गाय I ज्ञापन में लिखा गया है कि उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की समस्यायें निम्नवत है। उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी के मासिक पेरोल समस्त ए0डी0ओ0 को निर्देशित करते हुए श्रीमान जी से निवेदन है एक पत्र जारी किया जाय जिससे समस्त सफाई कर्मचारी का पेरोल प्रत्येक माह पच्चीस तारीख तक जिला मुख्यालय पर पहुंच जाय। जिससे उन्हे समय से बेतन मिल सके। रविवार या सार्वजनिक अवकाश के दिन यदि कर्मचारी की ड्यूटी लगायी जाय तो कर्मचारियों को प्रतिकर अवकाश प्रदान किया जाय। सफाई कर्मचारियो को वर्ष में दो बार वेतन प्रमाण पत्र फार्म 16 डाक द्वारा समस्त विकास खण्ड कार्यालय में उपलब्ध कराया जाय। जिससे अपने दैनिक जीवन की आवश्यकता की पूर्ति कर सके। जितने भी कर्मचारियो के इंक्रीमेन्ट या ए0सी0पी0 का लाभ नहीं मिला है। उनको ए0सी0पी0 का लाभ दिलाया जाय।

### तीर्थ पुरोहित धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश महाराज को किया गया सम्मानित

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** महंत जनमेजय शरण जानकी घाट बड़ा स्थान तीर्थ पुरोहित धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश महाराज को अंग वस्त्र भेंट कर व माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया I राजेश महाराज के साथ आए हुए मध्यप्रदेश के जोशी ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित देवेंद्र कुमार शर्मा जबलपुर , उमाशंकर शर्मा , तेजस्वी कुमार पांडे जबलपुर खुन्नी लाल पांडे जबलपुर , दिलीप कुमार शर्मा प्रयागराज , स्वर शर्मा प्रयागराज , वरिष्ठ एडवोकेट राजेंद्र प्रसाद चतुर्वेदी अयोध्या इन सबको फूल माला पहना कर स्वागत सम्मान किया गया I स्वागत सम्मान के अवसर पर तीर्थ पुरोहित धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश महाराज ने कहा कि जो भी सम्मान मुझे विभिन्न स्थानों पर संत महात्माओं द्वारा , सेवा संस्थानों द्वारा सम्मान किया जा रहा है यह प्रभु श्रीसीता राम और श्री हनुमान जी की कृपा से हो रहा है I मै हमेशा प्रयास करुगां।

### नगर के दशरथ वाटिका में भागवत कथा की महत्ता सुनाई

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** नगर पंचायत के दशरथ वाटिका में सोमवार 30 अक्टूबर गोसाईगंज शगुन मैरिज परिसर से विशाल शोभा यात्रा निकाला गया। शोभायात्रा में काफी महिलाओं ने पीले वस्त्र पहनकर बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया वहीं पवित्र कलश को सिर पर रखकर महिलाएं आगे आगे चल रही थी। शोभायात्रा में कथावाचक पवन देव जी महाराज श्री धाम वृंदावन रथ पर सवार थे आगे आगे राधा कृष्ण की अद्भुत झांकी का एक सुंदर नजारा लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। शोभायात्रा तीनों बाजार होते हुए कथा स्थल पर पहुंचा। आज सोमवार सात दिवसीय भागवत कथा के पहले दिन वृन्दावन से आए प्रसिद्ध राष्ट्रीय कथावाचक पवनदेव जी महाराज के द्वारा भागवत कथा की महत्ता की कथा में सुनाई गई। उन्होंने कहा श्रीमद भागवत कथा के श्रवण से मैं यानी अहंकार का नाश होता है। जो मनुष्य अहंकार में वशीभूत रहता है, उसका पतन निश्चित है। कथा में इतनी शक्ति है कि अगर सच्चे मन से कथा का श्रवण किया जाए तो वह मनुष्य स्वयं से ऊपर उठकर परमपिता के मार्ग पर अग्रसर होने लगता है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा एक ऐसी अमृत कथा है जो देवताओं के लिए भी दुर्लभ है इसलिए परीक्षित ने स्वर्गा अमृत के बजाए कथामृत की मांग की। किंतु कथा अमृत का पान करने से संपूर्ण पापों का नाश होता है ।

### आचार्य नरेंद्र देव जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मिठाई वितरण करके मनाई जयंती

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** भारत के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शिक्षाविद समाजवाद के पुरोधा आचार्य नरेंद्र देव जी की जयंती के अवसर पर खत्री सभा अयोध्या फैजाबाद ने रिकाबगंज स्थित नरेंद्रलयपरिसर मे स्थापित आचार्य नरेंद्र देव जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व मिठाई वितरण करके जयंती मनाया।जयंती समारोह को संबोधित करते हुए सभा के अध्यक्ष संजय महिंद्रा ने कहा कि आचार्य नरेंद्र देव भारत के प्रमुख स्वतंत्रता संग्राम सेनानी साहित्यकार और शिक्षाविद व देश को स्वतंत्र करने का जुनून उन्हें स्वतंत्रता आंदोलन में खींच लाया और भारत की आर्थिक दशा व गरीबी की दुर्दशा ने उन्हें समाजवादी बना दिया नरेंद् देव एक साहित्यकार और शिक्षाविद के साथ उन्हें संस्कृत हिंदी के अलावा अंग्रेजी उर्दू फारसी पाली बंगला फ्रेंस और प्राकृतिक भाषाओं का बहुत अच्छा ज्ञान था बौद्ध दर्शन अध्ययन में उन्होंने विशेष रुचि देश की आजादी के लिए दिया तथा कई बार जेल भी गए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आर्य कन्या इंटर कॉलेज की पूर्व प्रधानाचार्य श्रीमती मीनू कपूर ने कहा कि आचार्य नरेंद्र देव समाजवादी दल के प्रमुख सिध्दांटकर विलक्षण प्रतिभा और उच्च कोटि के निष्ठावान अध्यापक भी थे ।

**जयंती** | इंदिरा गांधी के स्मृति दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाते हैं

# इंदिरा गांधी की पुण्य स्मृति दिवस व लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई

**मोतिहारी, चंपारण ब्यूरो प्रमुख अशोक वर्मा ।** जिला कांग्रेस कमिटी कार्यालय कांग्रेस आश्रम बंजरिया पंडाल में जिलाध्यक्ष ई० शशिभूषण राय उर्फ गप्पू राय के अध्यक्षता में शक्ति, संकल्प और सशक्त नेतृत्व की मिसाल, देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्व० इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं 'लौह पुरुष' व भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती मनाई गई उस अवसर पर उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर बड़े श्रद्धा से दोनो महान व्यक्तित्व को याद किया गया। समारोह पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, कुशल नेतृत्व, अद्वितीय कार्यशैली और दूरदर्शिता से मजबूत और प्रगतिशील भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली भारत की पहली महिला प्रधान मंत्री और हमारी आदर्श इंदिरा



गांधी के स्मृति दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाते हैं। जिला अध्यक्ष ने कहा कि हम यह कभी न भूलें कि 39 साल पहले इसी दिन उन्होंने भारत की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था।" उन्होंने कहा, "भारत के हर एक हिस्से, हर समुदाय और हर व्यक्ति ने उनके कार्यकाल के लाभों को महसूस किया और सामाजिक कल्याण, राष्ट्रीय सुरक्षा और भारत की प्रगति पर उनकी विरासत आने वाली कई पीढ़ियों के लिए समय की कसौटी पर खरी उतरेगी।" हमारा कर्तव्य है कि हम तय करें हमें भारत में भाइयों की तरह रहना है, चाहे कोई भी समुदाय हो, हिंदू, मुस्लिम, सिख, पारसी, ईसाई, हर किसी को समझना चाहिए कि यह हमारा देश है।हमेशा हीं हमारी एकता बनी रहे। पूरे देश को एकता और अखंडता के सूत्र में बांधने वाले भारत के लौह पुरुष, देश के पहले उपप्रधानमंत्री, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष और हमारे प्रेरणास्रोत सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती पर सभी ने उन्हें शत्-शत् नमन किया इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के सदस्य सदरे आलम, सदस्य जिला परिषद् और प्रितम अग्रवाल,आमिर जावेद को युवा प्रदेश सचिव बनायें जाने पर जिलाध्यक्ष ने अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। इस मौके पर कांग्रेस नेता प्रो० विजयशंकर पाण्डेय, मुमताज अहमद, अखिलेश्वर प्रसाद यादव उर्फ भाई जी, मुनमुन जयसवाल, टुन्नी सिंह, सतेन्द्र नाथ तिवारी, डॉ० कुमकुम सिन्हा, किरण कुशवाहा, विनय उपाध्याय, प्रितम अग्रवाल, शेर आलम, ब्रजेन्द्र तिवारी , कमलेश पाण्डेय सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

# हिंदू नवजागरण मंच ने किया जिला स्तरीय वार्षिक मंगल मिलन समारोह

**मोतिहारी, अशोक वर्मा।** नगर के महावीर मंदिर प्रांगण में हिंदू नवजागरण मंच द्वारा आयोजित जिला स्तरीय वार्षिक समारोह का उद्घाटन डॉक्टर शोभाकांत चौधरी, प्रोफेसर राम निरंजन पांडे ,रमाकांत शर्मा शास्त्री, मुरारी शरण पांडे, शंभू प्रसाद जायसवाल ,चमेली पांडे ,उषा त्रिवेदी ,दिनेश कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलन, हनुमान चालीसा का पाठ एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ । संपूर्ण कार्यक्रम तीन चरणो में आयोजित हुआ। प्रथम चरण आश्रम और वर्ण व्यवस्था ,दूसरा चरण चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा तीसरा चरण संस्कार का क्षरण एवं पुनर्स्थापन पर आधारित था। प्रथम चरण के आश्रम एवं वर्ण व्यवस्था विषय पर दो वक्ता प्रोफेसर राम निरंजन पांडे एवं विनोद प्रसाद थे ।दोनों वक्ताओं ने चार आश्रम वर्ण व्यवस्था के विधाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला ।दोनो वक्ताओं




ने ब्रह्मचर्य ,गृहस्थ, वानप्रस्थ एवं सन्यास वर्ण व्यवस्था के प्रथम वर्ण व्यवस्था ब्रह्मचर्य आश्रम पर कहा कि आज यह बिल्कुल हीं गिर गया है।इसका असर अन्य तीनों व्यवस्था पर भी पडा है।उन्होंने कहा कि ऋषि मुनि संत महात्माओं के जीवन एवं चरित्र को हम देखें और अपनावें तो चारों वर्ण व्यवस्था को पटरी पर लाया जा सकता है। संजय कुमार तिवारी ने संचालन के दौरान कहा कि स्वयं को सशक्त करना , परिवारिक दायित्व का निर्वहन करना, सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करना तथा तीनों आश्रम से मुक्त होकर चौथा आध्यात्मिक क्षेत्र में सन्यासी का जीवन जीना हीं मूल चार आश्रम है। आज यह व्यवस्था अपने लाइन से अलग हट गई है, परिणाम घर-घर में टकराहट और क्लेश बढ़ता जा रहा है। दूसरे सत्र में चिकित्सा व्यवस्था पर राम मनोहर जी ने गुड के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि छठ व्रत में गुड़ का बना हुआ रसोई एवं ठेकुआ मुख्य प्रसाद होता है। उन्होंने कहा कि भोजन के बाद गुड़ खाने से बात पित्त कफ की बीमारी नहीं होती है ,शक्ति मिलती है ।तुलसी के पत्ता और गुड़ , चना एवं चीउडा के साथ गुड़ खाने से 75% बीमारी खत्म हो जाती है ।उन्होंने संध्या समय गुड़ खाने की मनाही की ।रात्रि में दूध में गुड़ मिलाकर खाने से नींद अच्छी आती है। उन्होंने कहा कि गुड मुख्य रूप से जाडे का भोजन है ,गर्मी में गुड नहीं खाना चाहिए। गुड़ की मात्रा पर भी उन्होंने कहा 10 से लेकर 25 ग्राम के बीच हीं गुड़ खाना चाहिए ।मंगल मिलन का तीसरा सत्र सामाजिक संस्कार का क्षय और निर्माण की प्रक्रिया था । मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारी संस्था से बीके अशोक वर्मा ने कहा कि संस्कार में क्षय होने का मुख्य कारण अपने को आत्मा नहीं समझ शरीर समझने की भूल करना है।

## ख़ास ख़बर

### विवाह के स्थायी संबंध को निभाने की प्रतिज्ञा है करवा चौथ-सावित्री

**रघुनाथ प्रसाद, शुभ भास्कर चंदौली।** करवा चौथ विवाहित महिलाएं पूरे दिन यानी सूर्योदय से लेकर चंद्रोदय तक उपवास रखती हैं।और अपने पति के लंबे जीवन एवं अच्छी सेहत के लिए प्रार्थना करती हैं। हालांकि करवा चौथ केवल उपवास का पर्याय नहीं है। यह पति-पत्नी के बीच पवित्र बंधन का उत्सव है । जिसका सांस्कृतिक, सामाजिक और धार्मिक महत्व है। इस व्रत को सुहागिन महिलाएं उत्सव के रूप में मनाती हैं।भावनाओं, परंपराओं और अटूट प्यार से लबरेज होता है। यह महज एक रस्म ही नहीं, बल्कि विवाह के स्थाई संबंध को निभाने की एक प्रतिज्ञा है। एक सुहागिन महिला हर साल करवा चौथ का व्रत मानती है ।और भगवान शंकर और माता पार्वती की पूजा करती हैं। हालांकि इस दिन महिलाएं पूरा उपवास नहीं रखती लेकिन बाकी धार्मिक रस्में पूरी करते हैं । वही सावित्री देवी कहती हैं। कि हर साल मैं इस दिन व्रत रखती हूं।और इसमें मेरे पति भी मेरा साथ देते हैं । जिससे कि मैं अकेला महसूस ना कर सकूं । यह काफी रोमांटिक है, करवा चौथ के दौरान मुझ में एक अद्भुत ऊर्जा आ जाती है। और आश्चर्य की बात यह है, कि उस दिन मुझे भूख नहीं लगती है । मैं अपने हाथों पे मेंहदी रचती हूं। और सोलह श्रृंगार करती हूं । इस साल भी कुछ अलग नहीं होगा। मैं सभी महिलाओं और उनके पति को करवा चौथ की बधाई एवं शुभकामनाएं देती हूं।

### आरसीसी रोड में लग रहे डुप्लीकेट सीमेंट का वीडियो बनाना मंहगा

**शुभ भास्कर चंदौली/धानापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के खड़ान गाँव का एक मामला सामने आया है।जहां खड़ान गांव में प्रधान पक्ष के लोगों ने एक महिला सहित उनके दो पुत्रों को पीट कर घायल कर दिया । घटना को लेकर सोमवार को प्रेम कुमार पांडेय ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र सौंपे। प्रेम पांडेय ने बताया कि गांव में आरसीसी रोड का निर्माण हो रहा था। जिसमें डुप्लीकेट सीमेंट का प्रयोग किया जा रहा था। जिसका वीडियो मैंने बनाया था, जो प्रधान पक्ष के लोगों को नागवार गुजरी और मेरे घर पर आकर गाली- गलौज करने लगे।जब मेरी माता कृष्णावती देवी ने गाली- गलौज करने से मना किया तो पटक कर मेरी माता को मारने पीटने लगे। बचाव करने आए मेरे दो अन्य भाई प्रवीण व समीर को भी वे लोग मारने पीटने लगे।प्रेम पांडेय ने बताया कि मैं पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक से मिलने आया हूं।वो मुझे गाव के मनबढ़ लोगो से मेरी जान की सुरक्षा करे। उन्होंने बताया की वे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से घटना को लेकर न्याय की गुहार लगाई है।

### साढ़े आठ लाख का राशन राइस मिल से गायब

**शुभ भास्कर चंदौली चहनियां।** स्थानीय बलुआ थाना क्षेत्र के सोनहुला गांव में राइस मिल से ड्राइवर साढ़े आठ लाख का माल गायब हो गया । राइस मिल मालिक के द्वारा पता करने पर फर्म के मालिक द्वारा 20 दिन बाद माल न पहुचने पर शिवदयाल साहू द्वारा बलुआ थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया । सोनहुला गांव में प्रधानपति शिवदयाल साहू राइस मिल चलाते है । जो क्षेत्रीय किसानों से राशन लेकर फर्म को बेचते है । शिवदयाल साहू ने बताया कि हमने 12 अक्टूबर को ट्रांसपोर्ट व गाड़ी स्वामी से फोन पर बात कर 320 कुंतल गेंहू लोड करके फार्म के बाहर गाड़ी खड़ा करा दिया । वाहन स्वामी दिनेश कुमार ग्राम बागरहा पोस्ट जगतपुर जिला औरंगाबाद का निवासी है । हमारे पास अक्षत फूड के स्वामी का फोन आया कि उसी गाड़ी को गणपति इंटर प्राइजेज बिशनगढ़ धनबाद भेज देना । हमने ट्रांसपोर्टर से बात कर गाड़ी लोड करा दिया । हमने अपने नाम से बिल काटकर ड्राइवर को दे दिया । रात में सर्वर डाउन होने के कारण गेट पास नही मिल पा रहा है । रात्रि में ड्राइवर बिना कागज कारवाही के राशन सहित गाड़ी लेकर फरार हो गया । 12 से 15 अक्टूबर को गाड़ी नही पहुँची तो हमलोग ट्रांसपोर्टर से लेकर मालिक के घर भी गये किन्तु वह मोबाइल बन्द कर दिया है । ट्रांसपोर्टर व गाड़ी स्वामी की मिली भगत से राशन को बेच दिया गया है । लगातार 20 दिनों तक दौड़ने के बाद राइस मिल मालिक द्वारा बलुआ थाने में एफआईआर दर्ज करा दी गयी है । इस संदर्भ में बलुआ इंस्पेक्टर बिनोद मिश्रा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल किया जा रहा है ।

### रेलवे सुरक्षा बल ने किया रन फॉर यूनिटी दौड़ का आयोजन




**शुभ भास्कर चंदौली/पीडीडीयू नगर।** स्थानीय रेलवे सुरक्षा बल ने मंगलवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर रेलवे सुरक्षा बल डीडीयू मंडल द्वारा रन फॉर यूनिटी दौड़ का आयोजन किया गया।यह दौड़ डीडीयू स्टेशन पोर्टिको एरिया से प्रारंभ होकर बाकले ग्राउंड रेलवे कॉलोनी होते हुए मंडल रेल प्रबंधक डीडीयू कार्यालय प्रांगड़ में समापन किया गया। इस दौड़ में कुल 40 बल सदस्यों ने भाग लिया।बाद समापन मौके पर रेलवे के अन्य कर्मचारी गण व दौड़ में प्रतिभाग करने वाले रेलवे सुरक्षा बल सदस्यों को अपर मंडल रेल प्रबंधक डीडीयू द्वारा शपथ दिलवाया गया।जिसमें वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त/डीडीयू जतिन बी राज व अन्य वरीय अधिकारी गण के साथ आरपीएफ के निरीक्षक प्रदीप कुमार रावत,ब्रजेश कुमार,जावेद अहमद,विजय तिवारी व अन्य उपस्थित रहे।

# देव दीपावली को लेकर बलुआ घाट पर समिति ने किया निरीक्षण व मंथन

**शुभ भास्कर चंदौली/ चहनियां।** क्षेत्र के बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर होने वाले देव दीपावली को लेकर गंगा सेवा समिति के कार्यकर्ताओं संग भाजपा नेता अरबिन्द पाण्डेय व समिति के अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने घाट का निरीक्षण व मंथन किया । जिसकी तैयारियां अभी से शुरू हो चुकी है । देव दीपावली गंगा महोत्सव पर मंच,दीपदान,सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि का जगह तय हुआ । गंगा सेवा समिति बलुआ के अध्यक्ष दीपक जायसवाल के द्वारा देव दीपावली गंगा महोत्सव पतित पावनी मोक्ष दायिनी मां जान्हवी के तट बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा किनारे विगत 14 वर्षों से मनाया जा रहा है । इस वर्ष यह आयोजन कार्तिक पूर्णिमा विक्रम सम्बत 2080 तदनुसार 27 नवम्बर को शुक्रवार को होगा । इसके लिए समिति के लोगो द्वारा तैयारियां अभी से शुरू हो गया है । पक्के घाट के दोनो तरफ



मिट्टी के समतलीकरण,कहां दीपदान होगा और कहां मंच बनेगा व अन्य कार्यो का निरीक्षण व मंथन बलुआ घाट पर भाजपा नेता अरबिंद पाण्डेय व गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने समिति के लोगो के साथ किया । इस दौरान भाजपा नेता अरबिंद पाण्डेय ने कहा कि कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर व अन्य वीवीआईपी के आगमन के मद्देनजर देव दीपावली को भव्य करने के लिए तैयारियां करायी जा रही है । बंगाल के कारीगरों द्वारा देव दीपावली का मंच तैयार कराया जायेगा । उक्त कार्यक्रम को देखने के लिए गाजीपुर,चन्दौली व समीपवर्ती बिहार से भी लोग आते है । काशी से पूरब गंगा किनारे सबसे आकर्षक देव दीपावली बलुआ में होती है । गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने कहा कि घाट पर लगे जेट्टी पर झांकी मंच बनेगा । ऊपर घाट पर भी एक मंच अतिथियों के लिए बनेगा । इसके अलावा कलाकारों के लिए मंच ,भक्ति झांकी ,आरती का प्लेटफार्म, दीपदान मंच,विचार गोष्ठी आदि के लिए जगह तय किया जा रहा है । इस दौरान बृजेश साहनी जी अंकित जायसवाल जुगनू पासवान मोनू साहनी राजेश सोनकर नीरज साहनी अजय साहनी आदि लोग उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनायी गई लौ पुरुष का 148वां जन्म दिन



**शुभ भास्कर चंदौली/ सकलडीहा।** स्थानीय विकास खण्ड सभागार में मंगलवार को भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी का जन्म 148वा दिवस धूमधाम से मनाया गया सर्वप्रथम खंड विकास अधिकारी के के सिंह भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत किए ब्लॉक के सभी अधिकारी व कर्मचारी इस अवसर पर अपने-अपने विचार रखें खंड विकास अधिकारी के के सिंह ने बताया कि बल्लम भाई पटेल 31 अक्टूबर 1975- 15 दिसंबर 1950 जो सरदार पटेल के नाम से लोकप्रिय थे एक भारतीय राजनीतिज्ञ थे उन्होंने भारत के पहले उप प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया वे एक भारतीय अधिवक्ता और राजनेता थे जो भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता और भारतीय गणराज्य के संस्थापक पिता थे जिन्होंने स्वतंत्रता के लिए देश के संघर्ष में अग्रणी भूमिका निभाई और एक एकीकृत स्वतंत्र राष्ट्र में अपने एकीकरण का मार्गदर्शन किया भारत और अन्य जगहों पर उन्हें अक्सर हिंदी उर्दू और फारसी में सरदार कहा जाता था जिसका अर्थ है प्रमुख उन्होंने भारत के राजनीतिक एकीकरण और भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान गृह मंत्री के रूप में कार्य किया लोगों के बीच प्रिय व्यक्ति थे वह एकता व अखंडता के पतीक माने जाते थे इसलिए देश की स्वतंत्रता में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के योगदान के बारे में उन्होंने बताया और इन्हें मरणोपरांत भारत रत्न मिला था इस अवसर पर एसडीओ हवलदार यादव लेखाकार विजय शंकर सुनील बाबू दिनेश बाबू तकनीकी सहायक राम अवतार राम विलास आकाश सिंह धनंजय पांडेय रमेश चौधरी देवेंद्र कुमार रमेश कुमार समर वर्मा मनीष सिंह सुदर्शन राम लल्लन राय संजय कुमार प्यारेलाल सतीश यादव मिथिलेश कुमार संजय यादव गणेश यादव जितेंद्र यादव पवन दुबे शशिकांत अरविंद कुमार गौतम महेंद्र यादव सहित सकलडीहा विकासखंड के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विज्ञान प्रदर्शनी में दिखायी रोशनी पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**शुभ भास्कर चंदौली/ पीडीडीयू नगर।** स्थानीय नगर स्थित राष्ट्रीय एकता दिवस मंगलवार को रोशनी पब्लिक स्कूल हरिशंकरपुर में सरदार वल्लभ भाई पटेल के 148 जन्म उत्सव पर स्कूल का 10वां विज्ञान प्रदर्शनी छात्रों द्वारा किया गया प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्यातिथि राजीव गुप्ता,चीफ वार्डेन,नागरिक सुरक्षा कोर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर व विशिष्ठ अतिथि डॉ आनंद श्रीवास्तव (दंत चिकित्सक) व प्रबंध निर्देशक रोशनी पब्लिक स्कूल इकबाल अहमद राजू ने भारत माता व लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के तैल्य चित्र पे माल्यार्पण कर प्रदर्शनी की शुरुवात की प्रदर्शनी में जहां तरह तरह के सैकड़ों आधुनिक मॉडल यंत्र बना कर छात्रों ने मनमोहा वहीं क्लास दस की छात्रा पायल कुमारी ने आदित्य एल 1 सेटलाइट का प्रोजेक्ट उड़ा कर अतिथियों का मन मोह कर विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान प्राप्त किया । वहीं दूतित स्थान पर मुहम्मद साहिल ने इलेक्ट्रिक रोबोट बना कर प्राप्त किया तो क्लास 8 के युवराज यादव,आशुतोष मौर्य ने आधुनिक स्मार्ट सिटी बना कर तृतीय स्थान प्राप्त किया चौथे स्थान पर क्लास 10 का छात्र अयान हमीद



ने हैडरोलिक जेसीबी बना कर प्राप्त की और पांचवे स्थान पर क्लास 8 के गुलशन कुमार ,आनंद कुमार ने शौर्य मंडल बना कर प्राप्त कर अपने विज्ञान कला से सबको अचंभित कर दिया । मौके पर उपस्थित मुख्यातिथि राजीव गुप्ता, डॉ आनंद श्रीवास्तव ने बारी बारी से सभी बच्चों के प्रदर्शनी का जायजा लिया एवं इसकी महत्व एवं विशेषता की जानकारी ली। बच्चों द्वारा बनायी गई प्रदर्शनी देख कर राजीव गुप्ता काफी खुश हुवे एवम विद्यालय परिवार को बच्चों के प्रति सजक्तता को लेकर धन्यवाद दिया। इस दौरान अफशा इशरत सतीष कुमार,बृजेश कु मुरारी ,महेंद्र शर्मा, साधना कनौजिया, ,बुशरा नूरी, गुलफ्शा शमीम, गोविंदा पांडेय, अभिजीत दास गुप्ता, मुरारी यादव, फातिमा खान, मनीष विश्वकर्मा, अंजली पटेल, माहजबीन बानो, शिवानी पटेल,सुमन यादव अध्यापक व अध्यापिकाएं मौजूद रहीं प्रदर्शनी का संचालन पियूष सिंह व धन्यवाद ज्ञापन स्कूल प्रबंधक रश्मि इकबाल ने किया।।

## सरस्वती शिशु मंदिर में रक्तदान शिविर संपन्न

**शुभ भास्कर चंदौली/पीडीडीयू नगर।** स्थानीय युवा भारत चंदौली एवं सेवा भारती दीनदयाल नगर के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को स्वतंत्र भारत के प्रथम गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर एक रक्तदान शिविर का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर चतुर्भुजपुर में किया गया। शिविर का शुभारंभ युवा भारत के राज्य प्रभारी ब्रजमोहन जी, संरक्षक डॉ अनिल यादव , युवा भारत के कोषाध्यक्ष शैलेश बरनवाल एवं विद्यालय प्रबंधक विकास चौधरी द्वारा किया गया। इस रक्तदान शिविर में 21 लोगों ने रक्तदान किया और कबीरचौरा अस्पताल के ब्लड कलेक्शन टीम के द्वारा संचालित किया गया। इस अवसर पर आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए युवा भारत के उत्तर प्रदेश पूर्वी क्षेत्र महाविद्यालय




प्रमुख मानुश्री गुप्ता ने कहा कि सेवा भारती के सहयोग से हम इस कार्यक्रम को आयोजित कर रहे हैं।इस कार्यक्रम के आयोजन में पवन जी ,सौरव बरनवाल,विकास कुमार, प्रकाश कुमार सिंह, अभिषेक गुप्ता,राजीव जायसवाल,रोहित जायसवाल एवं सिद्धार्थ ने रक्तदान करने के साथ-साथ संपूर्ण आयोजन में भी सहयोग किया वे सभी धन्यवाद के पात्र हैं। रक्तदान के ही दौरान दो यूनिट रक्त की आवश्यकता से आए एक सज्जन को यहीं से रक्त दिया गया। कार्यक्रम की समाप्ति के अवसर पर चेतना मंच के संस्थापक डॉ विनय वर्मा ने कहा कि सभी लोगों में सेवा भाव का होना अत्यंत आवश्यक है और अपने स्तर पर समाज की सेवा करनी चाहिए। सरदार वल्लभ भाई पटेल के जयंती के अवसर पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि सेवा के साथ-साथ अखंड भारत का निर्माण करें। रक्त दानदाताओं के लिए जूस फल मीठा इत्यादि की व्यवस्था एचडीएफसी बैंक की तरफ से की गयी और शाम को लगभग 4:00 बजे शिविर निर्विघ्न रूप से संपन्न हुआ। धन्यवाद एवं आभार प्रदर्शन शिविर निर्देशक सौरभ बरनवाल ने किया।

### नियमतावाद महाविद्यालय के सामने स्पीड ब्रेकर लगाने की छात्र नेताओं ने किया मांग



**शुभ भास्कर चंदौली/ पीडीडीयू नगर/नियमताबाद।** स्थानीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्रों ने छात्र संघ अध्यक्ष अभिषेक कुमार के नेतृत्व में प्रधानाचार्य डॉक्टर उदयन मिश्रा व एसडीएम डीडीयू नगर विराग पांडेय को लिखित पत्रक सौंपकर कॉलेज के पास स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग की। एसडीएम विराग पांडेय ने कहा कि जल्द ही मौके का मुआयना कराकर स्पीड ब्रेकर बनवाया जाएगा। इस दौरान पत्रक देने वाले छात्र नेता रामजनम पटेल, राकेश पासवान, इरशाद सिद्दीकी, आकाश यादव एडवोकेट, सोनू आदि छात्र नेताओं की टीम मौजूद रही।

### चोरी के मोबाइल संग एक गिरफ्तार



**शुभ भास्कर चंदौली/पीडीडीयू नगर।** स्थानीय रेलवे स्टेशन/सर्कुलेटिंग एरिया एवं ट्रेनों में अपराध नियंत्रण अपराधियों की गिरफ्तारी वह बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सुरेश कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी डीडीयू के निर्देशन में जीआरपी डीडीयू टीम द्वारा रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म संख्या 1/2 के पास से एक अभियुक्त विक्की खान मुगलसराय जनपद चंदौली को गिरफ्तार किया जिसके पास से पुलिस ने चोरी का एक मोबाइल बरामद किया पकड़ा गया अभियुक्त ट्रेनों वह स्टेशन परिसर में यात्रियों के सामान की चोरी करता था।जिसपर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

### सड़क पार कर रहे दिव्यांग युवक की दुर्घटना से मौत



**शुभ भास्कर चन्दौली/ अलीनगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 9 मुगलचक निवासी स्व असलम का बड़ा पुत्र जुबेर फारूकी 35 वर्ष बिगत दिनों की भांति मंगलवार को भी घर से सुबह रेलवे स्टेशन पर गुटखा आदि बेचने के लिए गया था। बाजार से ऑटो में सवार होकर जामा मस्जिद के पास उतर कर पैदल सड़क पर कर रहा था। कि इसी दौरान चकिया तिराहा से अलीनगर की तरफ छड़ लादकर जा रही ट्रैक्टर की चपेट में आने से इसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इससे आक्रोशित स्थानीय लोगों ने ट्रैक्टर सहित चालक को पकडकर पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मां खुशबू निशा,छोटा भाई परवेज फारूकी व निजाम फारूकी का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। कमासूत दिव्यांग पुत्र के खोने का गम मां के चेहरे पर साफ झलक रहा था।

### योगासन करने की कोई उम्र नहीं होती



**शुभ भास्कर चंदौली/ चहनियां।** स्थानीय विकास खण्ड क्षेत्र के भगवानपुर स्थित सेंट जोसेफ स्कूल में मंगलवार को योगासन का आयोजन कर बच्चों को दी गई जानकारी। बिजनौर निवासी योगा अध्यापक कपिल शास्त्री ने बिभिन्न प्रकार का योगा कर बच्चों को सिखाया । बच्चों ने प्रतिदिन योगासन करने का संकल्प लिया । योगा शिक्षक ने विद्यालय के बच्चो को अनुलोम विलोम,पद्मासन,बक्रासन,परीजमोनतानासन,मलहयासन,उदरासन,कपोतासन,बकासन आदि कई योगासन कराने के साथ ही जानकारी देते हुए बताया कि योगासन करने से हमारे शरीर स्वस्थ्य रहता है । रोग पास नही फटकते है । योगासन करने की कोई उम्र नही होती है । हर उम्र के लोग इसे कर सकते है । प्रिंसिपल अनिल जोसेफ ने कहा कि इसकी शुरुआत हम करेंगे । प्रतिदिन प्रेयर के समय कम से कम एक या दो योगासन अलग बच्चो को कराया जाएगा वहीं उनके बारे में बच्चों को बताया जायेगा। इस दौरान अनिल सिंह, दीपक तिवारी,अरबिंद कुमार,अभिनव चतुर्वेदी,विनय चौबे, अभिमन्यु गोंड, रामबली,आदि मौजूद थे ।

### पाल समाज के लोगों ने की बैठक आहूत



**शुभ भास्कर चंदौली/ ताराजीवनपुर।** स्थानीय क्षेत्र के पाल धर्मशाला झांसी के प्रांगण में मंगलवार को पाल समाज के लोगों की बैठक आहूत की गई। बैठक में सर्व सम्मति से पदाधिकारी का चयन किया गया। इसमें हनुमानपुर निवासी डॉ संजय पाल को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि रमेश पाल ने कहा कि पाल समाज के लोगों को अपने हक अधिकार की लड़ाई स्वयं लड़नी होगी। इसके लिए संगठन को मजबूत बनाने की जरूरत है। जिसके तहत हम लोग आर्थिक,सामाजिक व राजनीतिक हक की लड़ाई लड़ने का काम कर सके। हमारे समाज के लोग आधुनिक युग में भी पिछड़े हुए हैं। हम सभी लोग अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा देकर आगे बढ़ने का काम करें। इसके साथ ही समाज में अपने हक और अधिकार की लड़ाई में भी अग्रणी भूमिका निभाने का काम करें। बैठक में मुख्य रूप से गायक महेंद्र पाल, राजेंद्र पाल, रामाश्रय पाल, राधेश्याम पाल, मुखराम पाल, रामचंद्र पाल, शिव शंकर पाल, जीउत पाल,बद्दू मास्टर ,जयप्रकाश पाल सहित तमाम पाल समाज के लोग उपस्थित रहे।

### राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा बनाये रखने के लिए दिलाई शपथ



**शुभ भास्कर चंदौली।** स्थानीय पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय चन्दौली में उपस्थित रहकर स्वतंत्रता संग्राम एवं राष्ट्र निर्माण में सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान को याद करते हुए राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा बनाये रखने के लिए अपना योगदान करने हेतु पुलिसकर्मियों को शपथ दिलाई गई।इसके साथ-साथ जनपद चन्दौली के समस्त पुलिस थानों/चौकियों/कार्यालयों में भी पुलिसकर्मियों द्वारा शपथ ली गई।पुलिस अधीक्षक चन्दौली,डा0 अनिल कुमार ने कहा कि सरदार पटेल की जयंती पर हम उनकी अदम्य भावना,दूरदर्शी राजनेता और असाधारण समर्पण को याद करते हैं। उन्होंने हमारे देश की नियति को आकार दिया।राष्ट्रीय एकता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता हमारा मार्गदर्शन करती रहती है।हम उनकी सेवा के सदैव ऋणी रहेंगे। सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपनी राजनीतिक कुशलता, धैर्य और साहस से देश को एकजुट किया।उन्होंने देश की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता की रक्षा की ताकि आने वाली पीढ़ियां सम्मान,शांति और समृद्धि के साथ रह सकें।राष्ट्रीय एकता दिवस के इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक(आपरेशन)अपर पुलिस अधीक्षक सदर, क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी यातायात, प्रतिसार निरीक्षक व समस्थ शाखा के प्रभारीगण व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

**सम्मेलन** विकास खण्ड कार्यालय परिसर में हास्य व्यंग्य की फुलझड़ियों से श्रोता हुये लोट-पोट

## अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन हुआ सम्पन्न

**शुभ भास्कर चंदौली/शहाबगंज।** स्थानीय विकास खण्ड कार्यालय परिसर में सोमवार को देर शाम ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई चकिया के तत्वाधान में अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें रात भर काव्य की धारा में श्रोता डूबते-उतराते रहे।हास्य व्यंग्य के कवियों ने जहां श्रोताओं को हंसा-हंसाकर लोट-पोट कर दिया वहीं श्रृंगार रस की कवियित्रियों ने युवाओं का मन मोह लिया।कार्यक्रम में दिग्गज कवियों के शिरकत से श्रोता अंत तक कार्यक्रम स्थल पर जमे रहे।कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष छत्रबलि सिंह,क्षेत्रीय विधायक कैलाश आचार्य, भाजपा जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह व चकिया चेयरमैन गौरव श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित तथा मां सरस्वती के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर किया।इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छत्रबलि सिंह कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन बहुत सराहनीय है।हास्य के माध्यम से वर्तमान व्यवस्था पर करारा चोट आवश्यक है तो साथ ही साथ मनोरंजन भी होता है।जो आज के जीवन शैली



के लिये जरूरी है।उन्होंने कहा कि हास्य के बिना जीवन अधूरा है।आधुनिक जीवन शैली में तो हास्य और भी जरूरी है।इस दौरान आयोजकों द्वारा पत्रकारों व अतिथियों को स्मृति चिन्ह और अंग वस्त्र भी भेंट किया गया।देर शाम शुरू हुये कवि सम्मेलन में सबसे पहले हिना आरजू ने मां सरस्वती की वंदना की इसके बाद हास्य व्यंग्य व श्रृंगार रस के कवियों ने तालियां बजाने पर श्रोताओं को मजबूर कर दिया।प्रख्यात हास्य कवि डॉक्टर अनिल चौबे ने आशिकों ने जिस चाँद की खातिर फ्रेंड को भी अनफ्रेंड किया है सुनाया तो लखनऊ से आयीं सोनी मिश्रा ने तुम हृदय की चाह मुझको दो न दो सुनाकर युवाओं का मन मोहा।कुशीनगर से आये हास्य व्यंगकार बादशाह प्रेमी ने मुहल्ले में हमारे हैं आशिक बहत्तर के,रजाई ओढ़कर बादाम च्यवनप्राश खाते हैं सुनाकर वाहवाही लूटी।बाराबंकी से आये हास्य कवि प्रदीप महाजन ने राजनीति पर व्यंग कसते हुए कहा कि राजनीति का पर्दा जब आंखों पर पड़ जाए तो,गधा बाप को और गधे को बाप बनाना पड़ता है।नजर इलाहाबादी ने सारे गड्ढे भर जाएंगे बरसात तो आने दो,प्रयागराज से आये राधे श्याम भारती ने करवा चौथ का व्रत रखकर मरने भी नहीं देती सुनाकर लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया।वाराणसी से आये डंडा बनारसी ने कुछ काम करके देश को आगे बढ़ाइए सुनाया तो सर्वेश मिर्जापुरी ने दिल किसी से ना जोड़ा तुम्हारे लिए सुनाकर युवाओं को आकर्षित किया।कानपुर से आयीं हिना आरजू ने किसी अनजान का तोहफा कभी स्वीकार मत करना सुनाकर ख़ूब वाहवाही लूटी। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व विधायक जितेंद्र कुमार एड, पुलिस क्षेत्राधिकारी रघुराज, ग्रापए प्रदेश संरक्षक विजय विनीत, जिलाध्यक्ष आनंद प्रताप सिंह, उपेंद्र मिश्र आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन रतीश कुमार व मनोज कौशल ने किया।

## शासन के निर्देश पर गौशालाओं में हुआ खाद गड्ढा का निर्माण



**रघुनाथ प्रसाद, शुभ भास्कर चंदौली/ सकलडीहा।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर गौशालाओं में खाद गड्ढा का निर्माण कराकर जैविक खाद तैयार कर नर्सरी में बेचने का प्रावधान शुरू हो चुका है। इससे हुए आय से निराश्रित पशुओं की देखरेख की जाएगी। इसके लिए विकास खंड सकलडीहा के पटपरा स्थित गौशाला में दस खाद गड्ढा का निर्माण 14 -14 का कराया जा रहा है । पटपरा गांव स्थित गौशाला के सुंदरीकरण के अलावा हरे चारे बुआई की व्यवस्था की जा रही है। यही नहीं शासन के निर्देश पर यहां दस खाद गड्ढा का निर्माण मनरेगा द्वारा लगभग एक लाख रुपए लागत से ग्राम प्रधान बेबी चौहान और प्रतिनिधि बलवंत चौहान द्वारा कराया जा रहा है। इसमें बाकायदा 14 -14 का गड्ढा के अलावा ऊपर टीन सेड का निर्माण भी कराया जा रहा है। इसमें गौशाला के गोबर को रखकर केंचुआ डालकर जैविक खाद तैयार की जाएगी। इस खाद को जनपद के नर्सरी में बेचने का काम किया जाएगा। इससे हुए आय से निराश्रित पशुओं की देखरेख किया जाएगा। इसकी तैयारी पटपरा गौशाला में इन दोनों युद्ध स्तर पर चल रही है। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी केके सिंह ने बताया कि खाद गड्ढा मनरेगा के तहत तैयार किया जा रहा है। इससे जैविक खाद तैयार किया जाएगा। इससे गौशाला के आय में बढ़ोतरी के साथ-साथ देखरेख में बल मिलेगा।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।